रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 25 मई 2024, वर्ष-25, अंक-112, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com







सेंसेक्स
75,410.39 -7.65 (0.010%)

डॉलर
83.089 -0.201

रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,950
01 किलो 99,990

# रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर और धनबाद में वोटिंग आज, 93 के भाग्य का होगा फैसला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** राज्य की चार लोकसभा सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर के लिए शनिवार को मतदान होगा। इसे लेकर पोलिंग पार्टी और सुरक्षा बलों ईवीएम, वीवीपैट के साथ मतदान केंद्र पर रवाना कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि ने बताया कि बूथों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी बूथ पर पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। कई बूथें के लिए पोलिंग पार्टी व सुरक्षा बलों को हेलीड्राप किया गया। सभी सीटों पर मतदान शनिवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। उपरोक्त चारों सीटों पर कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने मतदान की तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि राज्य के चौथे चरण में सभी चरणों से अधिक 82,16,506 मतदाता हैं। इनमें 42,06,926 पुरुष और 40,09,290 महिला मतदाता हैं। इनमें 02 लाख 44 हजार फर्स्ट टाइम वोटर हैं। इसमें सर्वाधिक 22,85,237 मतदाता धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

जबकि, सबसे कम 18,64,660 मतदाता गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हैं। उन्होंने बताया कि कुल 8963 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 3351 बूथ शहरी क्षेत्र में और 5612 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। कुल 186 बूथों पर महिलाएं और 22 पर युवा व्यवस्था संभालेंगे। वहीं 15 यूनिक बूथ हैं, जिसे विशेष तरह से विकसित किया गया है। इस चरण के चुनाव में कुल 290 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं।


**सभी बूथों पर वेब कास्टिंग से रखी जाएगी नजर :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 8963 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से नजर रखी जाएगी। यही जिम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने कंट्रोल रूम से निभाएंगे। हर बूथ के भीतर और बाहर 4-डी कैमरे लगे हैं। सभी बूथों पर प्राथमिक सुविधाएं बहाल की गयी हैं। निर्वाचन आयोग वेब कास्टिंग की मदद से वोटिंग स्पीड की भी मॉनिटरिंग करेगा और जरूरत के अनुसार मतदानकर्मियों को निर्देशित किया जाएगा।

**स्पीडी वोटिंग के लिए दिया गया है ट्रेनिंग :** स्पीडी वोटिंग के लिए मतदानकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है, ताकि मतदाता को मतदान के लिए कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग परिवार संग चुनाव पर्व में उत्साह से हिस्सा लेते हुए मतदान जरूर करें और पड़ोसियों, परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।



**8963** बूथ बनाए गए हैं, इनमें 3351 शहरी और 5612 बूथ ग्रामीण इलाके में

**290** थर्ड जेंडर के मतदाता हैं चारों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में



## चार सीटों पर पार्टियों के प्रत्याशी का ग्राफ

### रांची में 21.97 लाख मतदाता, 2377 बूथ




21,97, 331 मतदाता हैं रांची संसदीय क्षेत्र में


11,12,524 पुरुष व 10,84,738 महिला मतदाता हैं

2377 बूथ हैं, 949 शहरी व 1428 ग्रामीण क्षेत्र में

08 थर्ड जेंडर के मतदाता है रांची लोकसभा में



**जमशेदपुर**




18,69,278 मतदाता हैं जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में

9,37,412 पुरुष और 9,31,733 महिला मतदाता हैं

1887 बूथ हैं, जिनमें 688 शहरी व 1199 ग्रामीण



जमशेदपुर में 18.69 लाख मतदाता, 1887 बूथ

133 थर्ड जेंडर वोटर हैं जमशेदपुर लोकसभा में

**धनबाद**

22,85,237 मतदाता हैं धनबाद संसदीय क्षेत्र में

11,96,501 पुरुष व 10,88,656 महिला मतदाता हैं

2539 बूथ, 1316 शहरी और 1223 ग्रामीण

80 तृतीय लिंगी मतदाता है धनबाद लोस में




धनबाद में 22.85 लाख मतदाता 2539 बूथ



**गिरिडीह**




9,60,489 पुरुष और 9,04,163 महिला मतदाता

18,64,660 मतदाता हैं गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में

2160 बूथ हैं, इनमें 408 शहरी 1762 ग्रामीण बूथ

69 तृतीय लिंगी मतदाता है गिरिडीह लोस में



## एक नजर

### एलजी वीके सक्सेना के मानहानि मामले में मेधा पाटकर दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना द्वारा दायर मानहानि मामले में नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) कार्यकर्ता मेधा पाटकर को दोषी करार दिया है। ये लड़ाई दो दशक पुरानी है जब सक्सेना खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष थे। मानहानि का मामला साल 2000 में शुरू हुआ। उस समय पाटकर ने कुछ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए सक्सेना के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जिसके बारे में उनका दावा था कि वे विज्ञापन उनके और एनबीए के लिए अपमानजनक हैं।

### आईएएस मनीष रंजन नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

**रांची ।** ईडी के समन के बावजूद शुक्रवार को आईएएस मनीष रंजन एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्होंने ईडी कार्यालय को पत्र भेजकर अगली तारीख देने की बात कही है। मनीष रंजन के पत्र को लेकर पहुंचे राजस्व विभाग के कर्मचारी अनिल कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पत्र में क्या है, उसे नहीं मालूम। उसे पत्र लेकर ईडी ऑफिस जाने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने 22 को समन कर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था।

### मंत्री आलमगीर के पीएस के नौकर के घर ईडी ने फिर की जांच

**रांची ।** टेंडर कमीशन घोटाले में राजधानी रांची में ईडी की लगातार छापेमारी अभियान और पूछताछ जारी है। इसी क्रम शुक्रवार की देर शाम में ईडी मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर पहुंची है। समाचार लिखे जाने तक ईडी की टीम जहांगीर के घर में जांच कर रही है। गौरतलब है कि ईडी की टीम 6 मई को संजीव लाला और जहांगीर आलम के आवस छापेमारी करने पहुंची थी। जहां से ईडी को 35 करोड़ रुपए बरामद किए थे।

## कांग्रेस के लिए एटीएम बना झारखंड : शाह

नवीन मेल संवाददाता

**जामताड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दुमका लोकसभा सीट के अंतर्गत जामताड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए झारखंड भ्रष्टाचार का एटीएम बन गया है। कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ और उसके मंत्री आलमगीर आलम के यहां से 35 करोड़ रुपए मिले। इस तरह लूट मचाने वालों के लिए जेल एकमात्र सही जगह है। अमित शाह ने दुमका की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि वह झारखंड आंदोलन के सेनानी दुर्गा सोरेन की विरासत लेकर चल रही हैं, लेकिन हेमंत सोरेन ने उनके साथ न्याय नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी ने सीता सोरेन को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए इस सीट पर प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि खुद को झारखंड का हितैषी बताने वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा उसी कांग्रेस पार्टी की गोद में जाकर बैठ गया है, जिसने अलग झारखंड के मुद्दे को वर्षों तक लटकाए रखा। यह अटल बिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने अलग झारखंड राज्य के स्वप्न को साकार किया।

### संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में जगह दी



शाह ने कहा कि हमने संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में जगह दी। सभी रेलवे स्टेशनों पर संथाली भाषा में घोषणाओं को अनिवार्य बनाने जा रही है। केंद्र में पहली बार आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी भाजपा ने बनाया और आदिवासी कल्याण का बजट 25,000 करोड़ से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ कर दिया।

## हेमंत को जेल भेजने का बदला वोट से : खरगे

नवीन मेल संवाददाता

**देवघर।** झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अंग्रेजी हुकूमत की तरह जल, जंगल, जमीन के अधिकारों पर प्रहार किया है। यूपीए सरकार ने वनों की सुरक्षा के लिए जो वन अधिकार कानून बनाया था, उसे इन्होंने बदल डाला। उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के लिए पीएम मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इन्हें लगा कि आदिवासी सीएम को अंदर कर झारखंड में चुनाव जीत लेंगे, लेकिन यहां की जनता उन्हें वोट से करारा जवाब देगी। वह आदिवासी नेता के अपमान का बदला लेगी। आप कितनों को जेल में डालेंगे, हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ने वाले लोग हैं। खड़गे ने कहा कि इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और संसद के उद्घाटन से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रामनाथ कोविंद को दूर रखा, क्योंकि ये लोग आदिवासी और दलित समुदाय से आते हैं। गठबंधन की सरकार बनते ही जातीय जनगणना कराई जाएगी और हर समाज के लोगों को उनका हक दिया जाएगा।

### हमारी सरकार आई तो दस किलो चावल मुफ्त देंगे



पीएम मोदी गरीबों को हर महीने पांच किलो चावल देने की बात कहकर वोट मांग रहे हैं। यह तो जनता का हक है। हमारी सरकार बनने पर हम पांच किलो की जगह दस किलो चावल मुफ्त देंगे। महिलाओं के खाते में हर साल एक लाख रुपए देने और युवाओं को तीस लाख रुपए देने का पार्टी का वादा दोहराया।

## इंडिया

## अमेरिका में सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा



सुनील बादल

अमेरिका हो या ब्रिटेन या फिर दूसरे पश्चिमी देश, मध्यकाल से ही उनकी सोच साम्राज्यवादी रही है, अब स्थितियां बदल रही हैं।

एक समय था जब पश्चिमी देश भारत को भिखारियों और सपेरों का देश कहकर हंसी उड़ाते थे। कमोबेश आज भी पश्चिमी देशों का रुख कुछ वैसा ही था। इसे बिडंबना ही कहेंगे कि जिस अंग्रेजी हुकूमत ने हिंदी को खड़ी बोली के रूप में स्थापित किया, उसी के एक अधिकारी मैकाले की शिक्षा नीति के चलते भारतीय भाषाएं अपनी ही धरती पर दोयम दर्जे की बनकर रह गईं। ऐसे में भारतीय भाषाओं को वैश्विक स्तर पर उचित मान मिलना मुश्किल था। अमेरिका हो या ब्रिटेन या फिर दूसरे पश्चिमी देश, मध्यकाल से ही उनकी सोच साम्राज्यवादी रही है, अब स्थितियां बदल रही हैं। अब अमेरिकी सरकार अपने राष्ट्रपति के भाषणों का हिंदी में अनुवाद कराती है और भारतीयों की भावनाओं की कद्र करने लगी है। इस बदलाव की वजह बना है 21वीं सदी में उभरता भारत, जो दुनिया की चौथी बड़ी सैन्य ताकत बन चुका है और अन्न उत्पादन के पैमाने पर भी दुनिया में चौथे पायदान पर खड़ा है। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था? है। विकसित देशों की तरह अंतरिक्ष तकनीक में भारत की भी साख स्थापित हो चुकी है। भारत के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की धूम पूरी दुनिया में है। देश की आर्थिक, सैन्य या ज्ञान की क्षमता बढ़ती है, तो दुनिया उसका मान करने लगती है। यही वजह है कि अब अमेरिका के व्हाइट? हाउस में कभी सारे जहां से अच्छा... पूरे तरन्नुम में सुनाया जाता है, तो कभी दीपावली मनाई जाती है। आठ महीने के भीतर यह दूसरा मौका है, जब व्हाइट हाउस की दीवारें सारे जहां से अच्छा तरन्नुम की गवाह बनी हैं। इस बार यह गीत अमेरिकी भारतीयों के सम्मान में बजाया गया।



अमेरिकी उद्योग, ज्ञान व अर्थव्यवस्था में भारतीयों की उपस्थिति से सकारात्मक बदलाव आए हैं। वहां की स्वास्थ्य सेवा हो या फिर सॉफ्टवेयर उद्योग की भारतीयों के बिना? कल्पना बेमानी है। अमेरिकी सैन्य सेवा में भी भारतीय हैं। भारतीयों की बढ़ती हैसियत के चलते ही अंकल सैम के देश में भी भारतीय भाषाओं का मान बढ़ा है।

अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका की आबादी का करीब 1.35 फीसदी भारतीय हैं, जिनकी संख्या तकरीबन पचास लाख है। तैंतीस करोड़ की आबादी वाले देश में यह संख्या बहुत ज्यादा भले न हो, लेकिन आर्थिक, तकनीकी व दूसरी सेवाओं में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति के चलते भारतीयों की यह संख्या सबका ध्यान खींचती है। अमेरिका में भारत के विभिन्न प्रांतों के लोग रह रहे हैं, जिनकी अपनी-अपनी बोली? है। लेकिन ज्यादातर की आपसी संपर्क भाषा हिंदी ही है। करीब पांच लाख पाकिस्तानी, करीब सवा दो-दो लाख नेपाली व बांग्लादेशी नागरिकों को जोड़ दें, तो इस बड़ी जनसंख्या के आपसी संवाद का माध्यम हिंदी है। यही वजह है कि अमेरिका में हिंदी के प्रति नया नजरिया विकसित हो रहा है।अल्लामा इकबाल का लिखा यह तराना न सिर्फ भारतीयता, बल्कि अपनी संस्कृति और सभ्यता का भी गान है। शायद ही कोई भारतीय होगा, जिसके कानों में जब कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी/सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जमां हमारा गूंजती है, तो रोमांच न होता हो। जिस आजादी के आंदोलन के दौर में यह गीत लिखा गया था। भारत ने दौर-ए जमां की दुश्मनी से हुए नुकसान को पीछे छोड़ते हुए लंबी यात्रा तय कर ली है। इस यात्रा के साक्षी और भागीदार पश्चिमी दुनिया में अपने हुनर और प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। पश्चिमी दुनिया में वे भारतीय क्षमता के प्रतीक और राजदूत हैं। उन्हीं के जरिये भारत के सम्मान और ताकत को पश्चिम न सिर्फ महसूस करता है, बल्कि देखता भी है। यही वह कारण है कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के निवास में सारे जहां से अच्छा की धुन अब सम्मानपूर्वक बजती है और भारतीयता को नई पहचान देती है।यह उस भारत का प्रतीक है जिसने विश्व में अपने प्रतिभावान इंजीनियर, डॉक्टर, प्रबंधक के साथ कुशल अकुशल मजदूरों तक की मेहनत और ईमानदारी से भारतीयता को एक अलग पहचान दी है जो हमारे पड़ोसी देशों को नहीं मिली है चीन तक को नहीं। भारत एक ब्रांड है विश्वस्तरीय प्रोफेशनल समुदाय का।

## देश में यूसीसी लागू करना मेरा संकल्प : नरेंद्र मोदी

नवीन मेल संवाददाता

**मंडी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। अगली सरकार में समान नागरिक संहिता लाना मेरा संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पांच सौ साल के संघर्षों के बाद हुआ है। इस बीच कई पीढ़ियां संघर्ष करते हुए खप गईं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि है। पालमपुर में ही अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाए जाने का संकल्प लिया गया था। जो अब बन कर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इससे जहां सारा देश खुश है वहीं पर कांग्रेस खुश नहीं है। आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में राममंदिर बना है, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की दीवार को गिरा दिया, पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने के साथ ही भारत आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक ताकत बना है। महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण दिया गया है।



*पीएम मोदी ने कंगना के समर्थन में मंडी में की जनसभा*

## एक नजर

### चामा और अरसंडे के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया वापस

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चामा और अरसंडे गांव के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है। भाजपा के रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजय सेठ एवं भाजपा नेता के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। इसमें सांसद संजय सेठ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से बात की। रांची के उपायुक्त ने चुनाव के बाद समस्या के समाधान का आश्वसन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने एक स्वर में वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस ले लिया और चुनाव पर्व में हिस्सा लेने का निर्णय लिया।

### चोरी की चार बाइक और तीन स्कूटी बरामद, पांच गिरफ्तार

**रांची।** शहर की अरगोड़ा थाने की पुलिस ने चोरी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइक और तीन स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में अफरोज अंसारी, राजेश उरांव, हरेकृष्ण स्वांसी, रोनित कच्छप और हरिश्चंद्र जायसवाल शामिल हैं। अरगोड़ा थाना प्रभारी आंनद कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मदर टरेसा मैदान के पास चोरी की बाइक केटीएम 125 सीसी चला रहा है। सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक चला रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर अरगोड़ा थाना क्षेत्र और आसपास के अन्य थाना क्षेत्रों से चोरी की चार बाइक और तीन स्कूटी बरामद की गई।

### 27 मई से रद्द रहेगा हटिया-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन का परिचालन

**रांची।** रांची रेल मंडल के कुरकुरा ओरगा रेलखंड पर विकास कार्यों की वजह से हटिया-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन का परिचालन कुछ दिनों के लिए बंद रहेगा। यह ट्रेन 27, 28, 29 मई, दो, तीन, चार, पांच और नौ जून तक रद्द रहेगी। ट्रेन कुल आठ दिनों तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08175 हटिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल सप्ताह के सात दिन हटिया से झारसुगुडा जंक्शन तक चलती है। यह पैसेंजर ट्रेन हटिया से 12:50 बजे निकलती है और 07:55 बजे झारसुगुड़ा जंक्शन पहुंचती है। ट्रेन 08175 कुल सात घंटे पांच मिनट में यात्रा तय करती है और 33 स्टेशनों पर रुकती है। यह ट्रेन राउरकेला में सबसे लंबे समय तक रुकती है। यह ट्रेन हटिया, बालसीरिंग, लोदमा, कर्रा, गोविंदपुर रोड, बकसपुर, पोक्ला, पकरा, कुरकुरा, महबुआग, बनो, कनारीओं, टटी परवाटोनिया, ओर्गा, नवागांव, चनगूरकेला. राउरकेला, पानपोश, कलूगा, कश्चहल, राजगांगपुर, सोनाखान, मोगरा, गर्योम, तगार्मुन्य, बमरा, धरैविही, यग्दिही, पपाली, धुत्र, झारसुगुड़ा जंक्शन पर रुकती है।

# पारस हॉस्पिटल में आरएसओवी, एवीआर व पल्मोनरी वाल्व रिपेयर का सफल इलाज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** एचईसी स्थित पारस अस्पताल में औरंगाबाद के रहने वाले 27 वर्षीय एक मरीज का वलसाल्वा एन्यूरिज्म (आरएसओवी) मरम्मत, एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (एवीआर) और पल्मोनरी वाल्व रिपेयर कर सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी और वह लगातार खांस भी रहा था। पारस हॉस्पिटल के डॉ कुणाल हजारी और उनकी टीम ने चार अप्रैल को सफलतापूर्वक सर्जरी की। सर्जरी के दौरान कई जटिलताएं भी थीं, जिसे डॉ हजारी ने कुशलतापूर्वक इलाज कर नई जिंदगी दी। मरीज को 11 अप्रैल को डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके तीन सप्ताह के बाद चेकअप के बाद मरीज की स्थिति बहुत ठीक है। हार्ट के चार वाल्व में तीन वाल्व खराब थे। एक ही वाल्व नॉर्मल था। सर्जरी के बाद दो वॉल्व को रिपेयर किया गया। वहीं, एक वॉल्व को चेंज किया गया। मरीज अब पूर्णतः ठीक महसूस कर रहा है। वलसाल्वा एन्यूरिज्म (आरएसओवी) बहुत ही जटिल बीमारी है, जो कि बहुत ही कम पाया जाता है और इसे पारस हॉस्पिटल एचईसी द्वारा ठीक किया गया है। पारस अस्पताल के डॉ कुणाल हजारी ने कहा कि फरवरी माह में मरीज को अचानक चेस्ट पेन हुआ। इसके बाद मरीज के परिजन इन्हें पटना एम्स ले गए, जहां इको कार्डिएकग्राफी की गई। इसमें आरएसओवी डिक्टेकट हुआ, यह एक गंभीर बीमारी है। जांच में पाया गया कि हार्ट के चार वाल्व में तीन वाल्व खराब थे। एक ही वाल्व नॉर्मल था। पटना एम्स से दिल्ली एम्स रेफर कर दिया। मरीज एम्स दिल्ली जा नहीं पाया। मरीज के मामा का 10 साल से पहले ऑपरेशन किया था, उन्होंने मुझसे संपर्क किया। मार्च की पहले सप्ताह में मरीज को मेरे पास लाया गया। मैंने इन्हें जल्द से जल्द ऑपरेशन कराने की सलाह दी। आयुष्मान भारत के तहत इस मरीज की सफल सर्जरी की गई। डॉ हजारी ने कहा, मैं लगभग 1997 कार्डिएक सर्जरी करता आ रहा हूं। लेकिन, आरएसओवी बीमारी बहुत ही गंभीर और कम ही पाई जाती है।

# मासिक लोक अदालत में 30 मामलों का हुआ निष्पादन



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिए सात बेंच का गठन किया गया।

इस लोक अदालत में कुल 30 मामलों (वादों) का निष्पादन किया गया। साथ ही, तीन लाख 86 हजार 40 रुपये की समझौता राशि विभिन्न मामलों में निष्पादन कर प्राप्त की गई। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने शुक्रवार को दी। उल्लेखनीय है कि हर महीने सिविल कोर्ट में लोक अदालतें लगाई जाती हैं, जहां आपसी समझौते के आधार पर लंबित मामलों का निष्पादन किया जाता है।

**◆ लोक अदालत में कुल 30 मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही विभिन्न मामलों में तीन लाख 86 हजार 40 रुपये का हुआ समझौता**

#### मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने कराया सदर अस्पताल में स्थायी प्याऊ का निर्माण

# जल है तो जीवन है, जल है तो कल है : डॉ प्रभात कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने वासुदेव प्रसाद, अमित कुमार और अंता देवी के सौजन्य से सदर अस्पताल में स्थायी प्याऊ का निर्माण कराया, जिससे कि अस्पताल परिसर में मरीज के साथ आए हुए उनके परिजनों को ठंडे पानी की सुविधा मिल सके। इस स्थायी प्याऊ का उद्घाटन सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना कर की। एवं लड्डू प्रसाद का भोग लगाया गया। इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार ने मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा किए जा रहे हैं। जनसेवा कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा सदर अस्पताल में स्थायी प्याऊ का निर्माण होने से मरीजों एवं सभी लोगों को शुद्ध पीने का ठंडा पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल है तो जीवन है, जल है तो कल है। इस अवसर पर सदर अस्पताल के डॉ विमलेश सिंह (ड्यूटी सुपरीटेंडेंट) मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल भी मुख्य रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर शाखा द्वारा सदर अस्पताल में बच्चों के बीच मिठाइयां एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, प्रादेशिक उपाध्यक्ष अलका सरावगी, रांची शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, शाखा सचिव उर्मिला पाड़िया, प्रीती बंका, प्रीती पोद्दार,छाया अग्रवाल,संगीता गोयल, मंजू केडिया, कुसुम पटवारी, सीमा पोद्दार, स्वर्णालता जैन, रेखा जैन, सुनीता सरावगी, करुणा अग्रवाल, उषा सोंथालिया, मंजू तुलस्यान, इन सभी बहनों का सहयोग रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने भी मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा चलाए जा रहे हैं कल्याणकारी कार्यों की सराहना की है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# लोकसभा चुनाव के लिए जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड के रांची सहित चार लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर प्रबुद्ध जनों ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान बिरसा चौक से आरंभ होकर अरगोड़ा चौक होते हुए सुजाता चौक, अलबर्ट एक्का चौक सहित शहर के मुख्य चौक चौराहों पर चलाया गया। इस अभियान में रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, रांची के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, वरुण साहु, मुकेश मुक्ता, मनोज मिश्रा, रमेश सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### सेल एचआर कॉन्क्लेव 2024 संपन्न



**रांची।** सेल एचआर कॉन्क्लेव 2024 के दूसरे दिन की शुरुआत प्रख्यात विचारक नेता प्रबीर झा के प्रश्नोत्तर सत्र से हुई। उन्होंने दुनिया भर में एचआर समुदाय द्वारा सामना की जा रही आधुनिक जटिलताओं पर उपयोगी अंतर्दृष्टि साझा की। इसके बाद, सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों और विपणन प्रभाग की टीमों ने सेल में कार्मिक से मानव संसाधन में परिवर्तन के रोडमैप पर प्रस्तुतियां दीं। फाइनलिस्ट टीमों ने पारंपरिक अनुपालन भूमिका से अधिक रणनीतिक भूमिका की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। टीमों ने कार्मिक से मानव संसाधन में परिवर्तन को सुदृढ़ करने के लिए सेल मानव संसाधन बिरादरी के सामने आने वाली चुनौतियों के रूप में मानव संसाधन स्कोरकार्ड, जन केंद्रित नीतियों, कर्मचारियों की अप-स्किलिंग और रिस्किलिंग, कार्य जीवन संतुलन, कौशल मानचित्रण, अनुबंध श्रम कौशल आदि के बारे में बात की। सेल कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा एचआर में बदलाव की दिशा में पहले से ही की गई रणनीतिक पहल जैसे डब्ल्यूओडब्ल्यू योजना, शाबाश योजना, प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली, स्व-संचालित डिजिटल लर्निंग, एचआर के लक्ष्यों को व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ संरेखित करना आदि पर भी टीमों द्वारा प्रकाश डाला गया। सेल के निदेशक (कार्मिक) ने विजेताओं और अन्य प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। चारू मल्होत्रा, प्रोफेसर, आईआईपीए और मोहित सतराज फोगट, ईडी डेलॉइट जैसे प्रतिष्ठित मानव संसाधन पेशेवरों के सत्र ने सम्मेलन के अंत को चिह्नित किया। बीएस पोपली, ईडी (एचआर), कॉरपोरेट कार्यालय ने इससे पहले सेल एचआर कॉन्क्लेव को सफल बनाने में उनके अपार योगदान के लिए सभी हितधारकों को धन्यवाद दिया।

### पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी मांगने के दो आरोपियों को जेल

**रांची।** राजधानी रांची की तुपुदाना ओपी की पुलिस ने उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के नाम पर 10 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में तैयब अंसारी और शमशेर अंसारी शामिल हैं। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। आरोपियों ने अधिवक्ता ज्योति आनंद से पीएलएफआई के नाम पर दस लाख की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में अधिवक्ता ज्योति आनंद ने 17 मई को तुपुदाना ओपी में कांड संख्या 167/24 में मामला दर्ज कराया था। ओपी प्रभारी दुलार महतो ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दोनों पर पीएलएफआई के नाम पर 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया गया था। दोनों पीएलएफआई के उग्रवादी हैं कि नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

# चैंबर जून में कराएगा साइबर सिक्योरिटी पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआइ) की आईटी उप समिति की बैठक शुक्रवार को चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं उप समिति चेयरमैन मनोज मिश्रा एवं अल्तमश आलम की अध्यक्षता में चैंबर भवन में हुई। बैठक में साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यशाला को जून महीने में करने की बात पर चर्चा हुई। इसमें साइबर सिक्योरिटी से जुड़े लोगों को बुलाकर लोगों को साइबर क्राइम से बचने के उपायों पर चर्चा की गई। इसके अलावा जो आईटी से संबंधित उद्योग तथा व्यापार करते हैं, उनको भी कार्यशाला में बुलाकर उनका मार्गदर्शन लेने की चर्चा की गई। रांची के डोरंडा में स्थित संत जेवियर स्कूल के एचओडी संतोष कुमार, जिन्होंने हाल ही में सबसे लंबा कोडिंग प्रोग्राम चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है, उन्हें भी चैंबर द्वारा सम्मानित करने की बात पर चर्चा हुई। इसके साथ साथ लोकसभा चुनाव के दिन वोटरों को जागरूक करने के लिए चैंबर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चैंबर के सदस्यों को वोटिंग मार्क के साथ सेल्फी लेने पर ई-सर्टिफिकेट देने की भी बात पर चर्चा की गई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी का जो टोल फ्री नंबर है, उसमें शिकायत दर्ज करने के लिए कॉल लगाने पर जल्दी संपर्क नहीं हो पाता है। आए दिन साइबर से जुड़े कई प्रकार के अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए यह बहुत ही गंभीर विषय है और इसपर संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का एक साल पूरा, 12 जून को कार्यक्रम की तैयारी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन का शुक्रवार को एक वर्ष पूरा हो गया। पिछले साल आज ही के दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन किया था। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र मौजूद थे।
उद्घाटन के बाद हाई कोर्ट का नया भवन राज्य को समर्पित कर दिया गया था। हाई कोर्ट के नए भवन में अधिवक्ता 12 जून को शिफ्ट हुए थे और इसी दिन पहली बार न्यायिक कार्य भी शुरू हुआ था। हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन 12 जून को एक कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें हाई कोर्ट के सभी पूर्व चीफ जस्टिस को आमंत्रित करने की तैयारी है। लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत से बना झारखंड हाई कोर्ट का नया कैंपस सुप्रीम कोर्ट से करीब तीन गुना बड़ा है।




#### शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

# बच्चों ने ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ-साथ खूब मस्ती की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के चल रहे तीन दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। कैंप के तीसरे दिन 85 छात्राओं ने भाग लिया। तीन दिनों के समर कैंप में 200 से भी अधिक बच्चियों ने भाग लिया। इस समर कैंप के अंतर्गत बच्चों को योग, रचनात्मकता, व्यक्तित्व विकास, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, देशभक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी गई। समर कैंप में सभी छात्राएं बहुत उत्साहित थीं। उन्होंने बहुत रुचि के साथ सभी ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेते हुए खूब मस्ती भी की। समापन समारोह में डॉ अर्चना अग्रवाल ने लड़कियों को मासिक धर्म के समय किन-किन स्वास्थ्य संबंधी बातों का ध्यान रखना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी। बच्चियों के बीच सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए।
विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लड़कियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने कहा, समर कैंप के आयोजन से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और हम किसी भी विषम परिस्थिति का मुकाबला कर सकते हैं। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षकों को उचित मानदेय और उपहार दिए गए। विद्यालय की कर्मचारियों को छाता, साड़ी और रुपये का लिफाफा दिया गया। प्रभाकर अग्रवाल और रूपा अग्रवाल के मार्गदर्शन में मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा 11वें समर कैंप का समापन प्रादेशिक उपाध्यक्ष अलका सरावगी ने किया। मौके पर गीता डालमिया, शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, कोषाध्यक्ष शशि डागा, निवर्तमान अध्यक्ष नैना मोर, उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाटोदिया और सरिता अग्रवाल, रीता केडिया, अरुण गुप्ता, सीमा टांटिया, ललिता नारसरिया, सुनीता सरावगी, पुष्पा अग्रवाल, शशि अग्रवाल, स्वर्णा लता जैन, शोभा हेतमसरिया, प्रीति पोद्दार, रीना सुरेखा, छाया अग्रवाल, सुनैना लॉयलका, प्रीति फोगला, मंजू तुलस्यान, सरिता अग्रवाल उपस्थित थीं। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने तीन दिवसीय समर कैंप की सफल आयोजन की सराहना करते हुए प्रशंसा की है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।



# राजधानी में मतदान आज
# हम हैं तैयार, आपका इंतजार

मोहराबादी मैदान के डिस्पैच सेंटर में रांची के उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा पोलिंग पार्टियों की रवानगी तक जमे रहे। सुरक्षा से लेकर पोलिंग पार्टियों की सुविधा तक का ध्यान रख रहे थे। दोनों अधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। लोकतंत्र के महापर्व में महिला मतदानकर्मी भी पूरी तरह से तैयार दिखीं। सभी महिला मतदान कर्मियों को भी पारंपरिक तरीके से लोटा पानी कर रवाना किया गया। रांची शहरी क्षेत्र में 102 बूथ बनाए गए हैं, जहां महिला मतदान कर्मी पूरी जिम्मेदारी संभालेंगी।

## छोटे कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी

चान्हो, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोंस के सहायक शिक्षक सुखदेव उरांव हैं। कद में भले ही छोटे हों, लेकिन इनके कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी है। वे दूसरी बार चुनाव में अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं।






रांची विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर पोलिंग पार्टियों के पहुंचने पर उन्हें फूल देकर और माला पहना कर उनका स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आज चुनाव को लेकर ट्रैफिक में रहेगा बदलाव

**रांची ।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर शनिवार को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह बदलाव मतदान समाप्ति के बाद किया गया है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने शुक्रवार को बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, कांके, सिल्ली, हटिया, खिजरी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होना है। मतदान समाप्ति के बाद मतदान पदाधिकारी और कर्मी ईवीएम को पंडरा स्थित वज्रगृह में जमा कराएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहनों का मूवमेंट होगा। इसे ध्यान में रखते हुए रांची शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

- पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन रहेगा वर्जित

#### ये होंगे बदलाव

- 25 मई को शाम चार बजे से सुबह तीन बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक चुनाव संबंधी वाहन और आपातकालीन वाहन को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- पिस्का मोड़ से आगे जाने के लिए पिस्का मोड़ से बायें मुड़कर कटहल मोड़ होत हुए तथा न्यू मार्केट चौक से कांके रोड होते हुए रिंग रोड से अपने गंतव्य स्थान तक वाहन जा सकेंगे।
- तिलता चौक से पिस्का मोड़ की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन तिलता चौक से बायें मुड़कर रिंग रोड और दाहिने मुड़कर रिंग रोड से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।
- रांची शहर के अन्य मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था यथावत रहेगी। जरूरत पड़ने पर आवश्यकतानुसार मार्ग में बदलाव किया जाएगा।

### रांची में 25 को बंद रहेगी कुरियर सेवा

**रांची।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड कुरियर एसोसिएशन ने 25 मई को रांची में कुरियर सेवा बंद रखने की घोषणा की। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने बताया कि रांची में मतदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए फ्री कुरियर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मेन रोड विष्णु टॉकिज लेन स्थित स्वाति कुरियर ने मतदान में भाग लेने वालों को एक कुरियर मुफ्त की सुविधा की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि लोग इस ऑफर का 31 मई तक लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए उन्हें अंगुली में स्याही के निशान दिखाने होंगे।

### 27 मई से रद्द रहेगी हटिया-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन

**रांची ।** रांची रेल मंडल के कुरकुरा ओरगा रेलखंड पर विकास कार्यों की वजह से हटिया-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन का परिचालन कुछ दिनों के लिए बंद रहेगा। यह ट्रेन 27, 28, 29 मई, दो, तीन, चार, पांच और नौ जून तक रद्द रहेगी। ट्रेन कुल आठ दिनों तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08175 हटिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल सप्ताह के सात दिन हटिया से झारसुगुडा जंक्शन तक चलती है। यह पैसेंजर ट्रेन हटिया से 12:50 बजे निकलती है और 07:55 बजे झारसुगुड़ा जंक्शन पहुंचती है। ट्रेन 08175 कुल सात घंटे पांच मिनट में यात्रा तय करती है और 33 स्टेशनों पर रुकती है।

## आज रांची जमकर करेगा वोट, चुनाव की सारी तैयारियां पूरी, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम

**अमित कुमार। रांची**

लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शनिवार को रांची की जनता शामिल होगी। रांची लोकसभा सीट के लिए शनिवार (25 मई) को सुबह 07:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक मतदान होगा। रांची सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ और कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के बीच है। इधर, रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान कराए जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रांची लोकसभा सीट के लिए कुल 2037 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाना है। मतदान के लिए कुल 9770 मतदानकर्मी लगाए गए हैं। इनमें 1622 मतदानकर्मी को रिजर्व रखा गया है। मतदानकर्मियों को ईवीएम के साथ शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान से रवाना किया गया। इन्हें मतदान केंद्रों पर भेजे जाने के लिए 1113 वाहनों का में 227 पैसेंजर और स्कूल बसें, 174 मिनी बस, आठ ट्रक एवं 709 छोटे वाहनों का प्रयोग किया गया। इनके अलावा मतदान के लिए असहायों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 2377 ऑटो, टोटो और छोटे वाहनों को व्यवस्था की गई है। चुनाव संपन्न कराने के लिए कुल 2851 पीठासीन पदाधिकारी होंगे। रांची में 444, कांके में 577 तथा हटिया में 594 पीठासीन पदाधिकारी होंगे। उपायुक्त एवं निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) एवं निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा-25 के तहत मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने सभी पब्लिक/प्राइवेट इंटरप्राइजेज से रांची लोक सभा क्षेत्र के कर्मचारियों को पेड हॉलिडे उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। चुनाव को लेकर रांची पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए हैं। रांची में कोबरा, जगुआर के साथ-साथ पुलिस की स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की भी तैनाती की गई है।

### बूथ और बीएलओ

बूथ : मारवाड़ी महिला कॉलेज, अपर बाजार, रांची।
बीएलओ : एमडी शाकिर करीम।

यहां पर चार बूथ बनाए गए हैं, जिसमें तकरीबन तीन हजार मतदाता हैं। मतदाओं के लिए ग्रीन कारपेट बिछाया गया है, ताकि वोट करने के दौरान वे गौरवान्वित महसूस करें। साथ ही, सुबह के सात बजे से ही वोट के लिए आने वाले को गुलाब का फूल दे कर प्रत्साहित किया जाएगा।

बूथ : राजकीयकृत कन्या प्राथमिक वि, श्रद्धानंद रोड, रांची।
बीएलओ : कुलदीप शर्मा।

गर्मी का समय है और चुनाव को लेकर भीड़ बढ़ने की संभावना अधिक है। इसके लिए तेज धूप और गर्मी से बचने के लिए कैनोपी लगाया गया है। मतदाओं को गर्मी से चक्कर आने की स्थिति में उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए ठंडा पानी तथा कुर्सी की व्यवस्था की गई है।

बूथ : दुर्गा मंदिर ट्रस्ट बूथ संख्या 147-48, रांची।
बीएलओ : मेघा मिंझ तथा शंकर कुमार झा।

हम लोगों ने क्षेत्र में वोटरों को प्रोत्साहित करने का भरपूर प्रयास किया है। इसका परिणाम सकारात्मक होगा। बूथ पर जम कर वोट होने की संभावना बनती है। यहां कुल 1686 वोटर है। ठंडा पानी के साथ आराम करने के लिए गद्दे की व्यवस्था भी की गई है।

बूथ : डीएवी धुर्वा, रांची।
बीएलओ : राखी देवी, रिंकी देवी तथा सरिता देवी।

पिछले दो दिनों से चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। शुक्रवार को पूरा दिन व्यवस्था को बेहतर करने में लगा रहा। यहां कुल तीन बीएलओ हैं, जिसके जिम्मे में कुल आठ बूथ हैं। टेबल, कुर्सी, पानी सहित साफ सफाई कराई गई है। मतदाताओं को धूप में परेशानी नहीं हो, इसके लिए टेंट की व्यवस्था की गई है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने बनाई छह वकीलों की कमेटी

## 648 बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का होगा औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को रांची के बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए छह अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है। इस कमेटी में अधिवक्ता कुमार हर्ष, तरुण कुमार महतो, राहुल आनंद, आसिफ खान, बजरंग कुमार एवं अभिजीत शामिल हैं। यह कमेटी औचक निरीक्षण कर रांची शहर के 648 मल्टी स्टोरीड बिल्डिंग (जी प्लस 5) में रेन वाटर हार्वेस्टिंग चालू स्थिति में है या नहीं, इसकी जांच करेगी। अधिवक्ताओं की छह सदस्य वाली इस कमेटी का नेतृत्व अधिवक्ता पीएएस पति एवं विभाष सिन्हा करेंगे। अधिवक्ताओं की कमेटी के साथ रांची नगर निगम के तीन अभियंता भी रहेंगे, जो तकनीकी रूप से अधिवक्ताओं की कमेटी को सहयोग करेंगे। अधिवक्ताओं की कमेटी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच पड़ताल के बाद कमेटी के नेतृत्वकर्ता पीएएस पति एवं विभाष सिन्हा हाई कोर्ट को मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग के संबंध में रिपोर्ट देंगे। हाई कोर्ट में पूर्व की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची के 710 बहुमंजिला इमारतों (जी+5) में से 648 बहुमंजिला इमारतो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा था कि जिन बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है, वह मेंटेन होता है या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

### नोडल अधिकारी नामित करें रांची डीसी

हाई कोर्ट ने रांची डीसी को निर्देश दिया है कि कमेटी को कार्य करने में किसी तरह की कोई बाधा ना आए, इसके लिए वह एक नोडल अधिकारी नामित करें। हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम को भी रांची शहर के जी+3 भवनों एवं जी+4 भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में सर्वे कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। रांची के जलस्रोतों के संरक्षण एवं तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर हाई कोर्ट जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।



## उंगली पर लगी स्याही दिखाएंगे तो मेधा लस्सी मुफ्त में मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ), मेधा डेयरी झारखंड सरकार एक उपक्रम है। यह राज्य से सम्बद्ध एक मात्र दूध उत्पादकों की सहकारी संस्था है और राज्य के सभी शहरों एवं कस्बों में अपने दूध एवं दुग्धजन्य पदार्थों का विपणन कर रही है। मेधा डेयरी झारखंड राज्य के ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों से शहरी उपभोक्ताओं के बीच एक कड़ी का कार्य करती है, जब इन डेयरी किसानों को आजीविका का स्रोत उपलब्ध कराती है।

मेधा डेयरी प्रबंधन ने बताया कि 25 मई 2024 को रांची में मतदान है। इस दिन मेधा डेयरी ने चयनित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए एक पहल की है। जब भी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और अपने उंगली पर लगी चुनावी स्याही को मेधा के चयनित मतदान केंद्र के समक्ष मौजूद कियोस्क या स्टॉल पर दिखाएंगे, तो उन्हें मेधा लस्सी मुफ्त में दी जाएगी।



प्रबंधन ने कहा कि जन सरोकार से संबंधित योजनाओं में यह काफी सक्रिय भूमिका निभाती आई है। इसी क्रम में मेधा डेयरी ने चुनाव जागरूकता अभियान के तहत सारे मेधा मिल्क बूथ पर बैनर द्वारा लोगों से इस चुनाव के महापर्व में मतदान करने का संदेश देते हुए वोट करने की अपील की है। मेधा ने दूध के पैकेट पर भी मतदान के संदेश देते हुए इसे ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की कोशिश की है। इसके लिए झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ), मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक ने भी वीडियो मैसेज के माध्यम से लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया है।

### 'हमें बढ़ना है' परियोजना के तहत 10 जिलों से चयनित हुए थे 106 प्रशिक्षक

## बालिका आवासीय स्कूलों की छात्राओं को देंगे करियर परामर्श

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत 50,000 से अधिक छात्राओं को करियर विकल्पों के चयन एवं लक्ष्य निर्धारण में 106 करियर परामर्श पर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक सहायता करेंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मार्गदर्शन में पीसीआई इंडिया (कमिंस फाउंडेशन और राइजअप के समर्थन के साथ) की ओर से राज्य के 10 जिलों से चयनित 106 शिक्षकों को इससे संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इन शिक्षकों को आर्थिक स्वतंत्रता के मार्ग पर स्थापित छात्राओं की मदद करने और उन्हें उत्पादक मानव संसाधनों के रूप में विकसित होने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने शुक्रवार को बताया कि करियर परामर्श माध्यमिक स्कूल की लड़कियों के आत्मसम्मान में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह उन्हें पूरी तरह से कक्षा के शिक्षण, पठन-पाठन समेत आदि गतिविधियों में भाग लेने में सक्षम कर सकता है। छात्राओं को तीन जत्थो में विभाजित किया गया है। पहला (ग्रेड 6-8), दूसरा (ग्रेड 9-10) और तीसरा (ग्रेड 11-12) है। यह परामर्श परियोजना छात्राओं को स्मार्ट लक्ष्य निर्धारित करने में मदद कर रही है।




करियर परामर्श बालिकाओं के आत्मसम्मान सुधार में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

### क्या है 'हमें बढ़ना है' प्रोजेक्ट

'हमें बढ़ना है' प्रोजेक्ट को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मार्गदर्शन में पीसीआई इंडिया द्वारा शुरू किया गया है। यह सरकारी आवासीय स्कूलों में पढ़ रही छात्राओं को समग्र परामर्श पैकेज प्रदान करता है। इन विद्यालयों में अधिसंख्य छात्राएं वंचित और कम सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आती हैं और शिक्षा एवं करियर का निर्धारण इन बच्चियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में काउंसलर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चयनित शिक्षक नियमित रूप से इन छात्राओं के साथ मॉड्यूलर सत्र और समूह परामर्श सत्र आयोजित करते हैं।

## बीएयू के दो विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वानिकी संकाय के दो विद्यार्थियों ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड की एग्रीकल्चर सोसाइटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएससी (ऑनर्स) वानकी पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर के दोनों विद्यार्थियों, बीजू राय एवं सुमित कुमार, ने एक टीम के रूप में भाग लेते हुए 'टिकाऊ अर्थव्यवस्था एवं भविष्य के लिए कृषि शिक्षा का पुनर्गठन' विषय पर अपना पेपर प्रस्तुत किया। देश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों, कई आईआईटी एवं आईआईएम सहित कुल 70 संस्थानों की टीमों ने 23-24 मई को पंतनगर में आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी- सभी स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए यह प्रतियोगिता खुली हुई थी। पेपर प्रस्तुतीकरण के लिए शब्द सीमा 1000-1500 थी तथा प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 8 मिनट का समय आवंटित था। पांच मिनट प्रस्तुतीकरण के लिए तथा 3 मिनट प्रश्नोत्तर के लिए। वानिकी संकाय के शिक्षक डॉ एके चक्रवर्ती तथा डॉ एसएमएस कुली ने दोनों विद्यार्थियों को पेपर तैयार करने के लिए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया था। वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक तथा निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है।








# यशस्विनी सहाय दे रही संजय सेठ को कड़ी टक्कर

उपेंद्र गुप्ता । रांची

देश में छठे चरण के चुनाव में झारखंड के तीसरे चरण की चार लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। इसमें राज्य की राजधानी रांची की लोकसभा सीट भी शामिल है। रांची लोकसभा सीट के लिए राजधानी रांची और सरायकेला-खरसावां जिले के लोग मतदान करते हैं। रांची लोकसभा सीट अनारक्षित है। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा रांची, हटिया, ईचागढ़, कांके, खिजरी और सिल्ली क्षेत्र आते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में रांची से कुल 27 उम्मीदवार मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही है। भाजपा के संजय सेठ दूसरी बार मैदान में हैं, तो कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय पहली बार अपने पिता सुबोधकांत सहाय की परंपरागत सीट से मैदान में हैं।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत की बेटी है यशस्विनी

वर्ष 2019 में संजय सेठ ने सुबोधकांत सहाय को पराजित किया और पहली बार संसद पहुंचे। संजय सेठ को 57.21 फीसदी वोट मिले जबकि सुबोधकांत सहाय को 34.31 फीसदी मत प्राप्त हुए। लेकिन इस बार सुबोध कांत सहाय खुद चुनाव मैदान में नहीं है, बल्कि उनकी बेटी यशस्विनी सहाय चुनाव मैदान में भाजपा के संजय सेठ को कड़ी टक्कर दे रही है। इंडी गठबंधन ने यशस्विनी की जीत के लिए पूरा जोर लगाया है। कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रांची में यशस्विनी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर समां बांध दिया। युवा चेहरा होने के कारण यशस्विनी को युवाओं का भरपूर समर्थन दिखा, लेकिन मतों में कितना तब्दील हो पाता है, यह तो 4 जून को ही पता चल पाएगा।

## पांच साल में ढ़ाई लाख बढ़े मतदाता

रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2009 में 16,25,148 मतदाता थे। वर्ष 2014 में यह संख्या बढ़कर 16,48,459 हो गई। वर्ष 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 19,15,959 हो गया। वर्ष 2024 में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 21,88,389 पहुंच गई है। रांची लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 में 50.98 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। वर्ष 2014 में मतदान प्रतिशत में करीब 13 फीसदी का उछाल आया। इस बार 63.82 फीसदी लोगों ने वोट किए। वर्ष 2019 में 66.80 फीसदी वोटिंग हुई, जो रांची में अब तक हुआ सर्वाधिक मतदान है।

## संजय पर हैट्रिक लगाने का दबाव



रांची लोकसभा सीट पर पिछले तीन चुनावों में दो बार भाजपा को जीत मिली, जबकि एक बार कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की। पिछले दो बार से 2014 और 2019 में भाजपा के उम्मीदवार जीत रहे हैं। वर्ष 2014 में रामटहल चौधरी ने भाजपा के लिए यह सीट जीती थी जबकि 2019 में संजय सेठ यहां से जीतकर पहली बार सांसद बने। अब उनके सामने 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने का दबाव है। इसके पहले वर्ष 2009 में कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2014 में रामटहल चौधरी को जीत मिली थी। दूसरे स्थान पर सुबोध कांत रहे थे। तब आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, जेवीएम के टिकट पर अमिताभ चौधरी और तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर बंधु तिर्की भी चुनाव लड़े थे।

## रांची लोकसभा क्षेत्र में 58 फीसदी हिंदू

रांची लोकसभा क्षेत्र में 58 फीसदी हिंदू रहते हैं। 31.19 फीसदी एसटी और 4.53 फीसदी एससी मतदाता हैं। हिंदुओं के बाद सबसे बड़ी आबादी मुस्लिमों की है। इस क्षेत्र में 15 फीसदी मुस्लिम निवास करते हैं। सात फीसदी ईसाई और 20 फीसदी अन्य धर्म के लोग रहते हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में 73 फीसदी लोग साक्षर हैं। 51.79 फीसदी पुरुष वोटर साक्षर हैं जबकि साक्षर महिला वोटर की हिस्सेदारी 48.21 फीसदी है। रांची में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र बराबर हैं यानी लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी इलाके ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं, तो 50 फीसदी शहरी क्षेत्र में।

# पांचवे चरण के चारों सीट पर कांग्रेस ने किया जीत दावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने झारखंड के तीसरे चरण के चुनाव में होने वाले चार सीटों के चुनाव में इंडिया जन बंधन के उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत हासिल करने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि चुनावी समर ढलान की ओर है, झारखंड में चुनाव के दो चरणों में जनता ने जिस तरह का समर्थन इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों को दिया था उससे कहीं ज्यादा उत्साहित होकर इस चरण में इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे। शांति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह द्वारा लगातार असंयमित और अमर्यादित भाषा का प्रयोग उनकी हताशा को दर्शा रहा है। उनकी लगातार कोशिशों के बावजूद भी देश में चुनावी धारा सांप्रदायिक मोड़ नहीं ले सकी।



प्रधानमंत्री मोदी की सांप्रदायिक और संकीर्ण सोच और बदलती विचारधारा को देखते हुए जनता हर चरण के चुनाव में भाजपा और मोदी की गारंटी से दूर होती चली गई,कि चुनावी समर में झूठ के सहारे सत्ता पाकर मोदी अपने थैलीशाह मित्रों की ही मदद करेंगे और इस देश में आर्थिक विषमता की खाई बढ़ती चली जाएगी,इसलिए जनता अपने मूल मुद्दों रोजगार, महंगाई, महिला समस्या, किसान की समस्या, जल जंगल जमीन पर अधिकार के मामले के मुद्दे पर मतदान हमारे पक्ष में कर रही है।

# भाजपा को आदिवासी कहने में आती है शर्म : कल्पना

*एसटी और ओबीसी के आरक्षण के साथ संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा*




**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड**

झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को पाकुड़ जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राजमहल संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। यह आयोजन अमड़ापाड़ा प्रखंड के फतेहपुर फुटबॉल मैदान में किया गया था। दरअसल, राजमहल सीट पर लोकसभा के सातवें चरण और राज्य के चौथे चरण में 1 जून को मतदान होना है। कल्पना सोरेन ने कहा कि लोग पार्टी के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा वोट करें और इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं। कल्पना सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने के साथ-साथ लोगों के सम्मान-स्वाभिमान एवं संविधान को खत्म करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि मान-सम्मान और अधिकार के साथ संविधान बचाने का यही सही वक्त है और इसके लिए एकजुट होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में एक जून को मतदान कर भारतीय जनता पार्टी को उचित जवाब देना है। उन्होंने हेमंत सोरेन के कार्यकाल में धरातल पर उतारी गयी सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना को लोगों के सामने प्रमुखता से रखा। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से विपक्ष घबरा गया है, जिसके चलते साजिश के तहत उन्हें फंसाने का काम किया गया। झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत शासनकाल में आदिवासी बच्चों को पढ़ने के लिए सरकारी खर्च पर विदेश भेजा गया. जबकि भाजपा के लोगों को आदिवासी नीचा दिखता है और इसलिए आदिवासी को वनवासी कहते हैं. इसके साथ ही चुनावी सभा के दौरान कल्पना ने बूथ एजेंट को चुनाव के दिन अपने दायित्वों के प्रति सचेत रहने की भी अपील की।

# मतदान के लिए सभी पब्लिक व प्राइवेट कर्मियों को सवैतनिक छुट्टी देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के बाद रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया गया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच, बूथों पर की गई तैयारी, मतदाता जागरूकता के लिए किए गए प्रयासों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दिवस पर पेड हॉलीडे इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।




निवार्ची पदाधिकारी ने मतदान दिवस के दिन सभी पब्लिक/प्राइवेट इंटरप्राइजेज से रांची लोकसभा क्षेत्र के कर्मचारियों को पेड हॉलिडे (सवैतनिक अवकाश) उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतिष्ठान को बंद करने की जरूरत नहीं, प्रतिष्ठान में कार्य कर रहे अन्य जिले के कर्मचारियों को छोड़कर रांची लोकसभा क्षेत्र के कर्मचारियों को ही अवकाश उपलब्ध कराएं।

आपको बतायें कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा-25 के तहत मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची, भारत निर्वाचन आयोग, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है। जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## मतदान की पल-पल की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से

रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान की पल-पल की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित रूम नंबर 207 को कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला निवार्ची पदाधिकारी, 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा ने कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त ादाधिकारी/कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आईटी कोषांग के वरीय पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव भी मौजूद थे।

# सरयू राय पर गोपनीय फाइल चोरी करने का आरोप सही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधायक सरयू राय पर गोपनीय फाइल चोरी करने के आरोप को हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने जांच में सही पाया है। स्वास्थ्य विभाग ने साल 2022 में डोरंडा थाना में एक प्राथमिकी (कांड संख्या 105/2022) दर्ज करायी थी। जिसमें कोरोना प्रोत्साहन राशि भुगतान से संबंधित विभाग की गोपनीय फाइल को चोरी कर सार्वजनिक करने के मामले में विधायक सरयू राय व अन्य को आरोपी बनाया गया था। डीएसपी पीके मिश्रा ने इस केस की जांच के दौरान सरयू राय पर लगे आरोप को सही पाया और इसकी रिपोर्ट सिटी एसपी को भेज दी।

**स्वास्थ्य मंत्री ने भी प्राथमिकी दर्ज करने का दिया था निर्देश :** मई 2022 में जब यह मामला सामने आने पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद डोरंडा थाना में मामला दर्ज कराया गया था।



### वरीय पुलिस अधिकारी ही सही बता सकते हैं

इस मामले में विधायक सरयू राय ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया, उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का समय है, पुलिस के वरीय अधिकारियों से ही पूछिए ।

## लोकसभा चुनाव / आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

# भाजपा, इरफान अंसारी व सेल को आयोग ने दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, बोकारो को कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

**इरफान पर सोशल मीडिया में धार्मिक भावना वाली पोस्ट करने का आरोप :** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 17 मई को किये गए पोस्ट को जांचोपरांत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हों, जिससे आपस में घृणा फैले या विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल बने। साथ ही अपुष्ट आरोपों, आलोचना से बचने को कहा गया है। साथ ही वोट के लिए ऐसी अपील से भी बचने को कहा गया है, जिससे जाति या सांप्रदायिक भावना उभरती हो। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मंदिर, मस्जिद, चर्च और अन्य धार्मिक स्थलों का चुनावी प्रोपेगंडा के लिए उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।




### भाजपा पर चुनाव चिन्ह वाला पर्ची बांटने का आरोप

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भाजपा के प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ सुधीर श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत वोटरों को अनाधिकृत पहचान पत्र सादे कागज पर देना है। उस पर किसी दल विशेष का चिह्न, प्रत्याशी का नाम और दल का नाम नहीं होना चाहिए। भाजपा पर झारखंड में चौथे और पांचवे चरण के चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर मानक मतदाता पर्ची की जगह अबकी बार 400 पार नारा के साथ फोटो, चुनाव चिह्न आदि के साथ मतदाता पर्ची वितरण करने का आरोप है।

**सेल पर कर्मियों को मतदान के लिए सवैनिक छुट्टी नहीं देने का आरोप :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बावजूद अपने बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मियों को छठे फेज के चुनाव में मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने से मना कर दिया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए बोकारो स्टील प्लांट के महाप्रबंधक को लोक प्रतिनिधित्व की धारा 135 बी के तहत कर्मियों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश दिया। इसके बाद बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने अपने आदेश को पुनरीक्षित करते हुए मतदान दिवस 25 मई को अपने कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए झारखंड में स्थित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बेरमो में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि जीवन पर्यन्त मजदूरों और आमजनों के लिए संघर्षरत रहे राजेंद्र प्रसाद सिंह को झारखंड के ही नहीं, देशभर के मजदूर अपना हमदर्द समझते थे। अपने राजनीतिक जीवनकाल में लगभग पांच दशक तक मजदूरों के हक के लिए संघर्षरत राजेंद्र प्रसाद सिंह ने श्रमिक नेता के रूप में झारखंड ही नहीं, पूरे देश में अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनायी। वे कहते थे कि एक मजदूर की आत्मा उनमें है, इसके बिना वे अधूरे हैं। राज्य विभाजन के बाद वे लगातार सभी को साथ लेकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहते थे।

## न्यूज | बॉक्स

### मतदान के बाद बूथ से बाइक पर मुफ्त में घर जा सकेंगे मतदाता

**रांची ।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान है। शहरी क्षेत्र के कुछ बूथों पर मतदान के बाद घर वापस जाने के लिए वोटर्स को मुफ्त बाइक की सुविधा मिलेगी। रैपिडो की ओर से ये सुविधा प्रदान की जायेगी। इसे लेकर मोरहाबादी में रैपिडो की ओर से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के फ्लैग ऑफ के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, एआरओ रांची विधानसभा क्षेत्र श्री उत्कर्ष कुमार, रैपिडो के रीजनल मैनेजर तेजपाल शंभू, स्टेट हेड जय कुमार गौड़ एवं अन्य उपस्थित थे। रैपिडो के स्टेट हेड ने बताया कि मतदान के दिन एक फ्री राइड 30 शहरी बूथों पर दिए जाएंगे। रैपिडो के ड्राइवर बूथ पर रहेंगे जो मतदान करने के बाद मतदाताओं को उनके घर तक फ्री ट्रांसपोर्ट देंगे।

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ इंडी गठबंधन के नेता पहुंचे चुनाव आयोग



**रांची ।** कांग्रेस-झामुमो के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड से मिलकर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अपने शिकायत में कहा कि 23 मई 2024 को 03-गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा गोड्डा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत जरमुण्डी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह कृषि मंत्री झारखण्ड सरकार बादल पत्रलेख एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को ईडी का समन दिये जाने संबंधी बयान दिया गया है। कुछ न्यूज चैनलों में भी बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को ईडी का समन जारी किए जाने की खबरें प्रसारित की गयी। परन्तु इस मामले पर ईडी के अधिकारियों द्वारा न हीं अधिकारिक रूप से पुष्टि की गई और न हीं इसका खण्डन । जबकि ईडी का कोई समन बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को नहीं दिया गया है।

### पूर्व मंत्री रमेश मुंडा हत्याकांड में राजा पीटर को अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन की मिली इजाजत

**रांची ।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में शुक्रवार को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन के लिए आरोपित गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को अनुमति दे दी। राजा पीटर ने कोर्ट में आवेदन देकर दो अभियोजन गवाहों (गवाह संख्या 11 एवं 15) के क्रॉस एग्जामिन करने का आग्रह किया था। मामले में शुक्रवार को केस के अनुसंधानकर्ता का क्रॉस एग्जामिन नहीं हो पाया। उल्लेखनीय है कि मामले में एनआईए ने 89 गवाहों का बयान दर्ज कराया है। नौ जुलाई, 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी। मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन सहित कई आरोपित ट्रायल फेस कर रहे है। मामले में राजा पीटर अभी जमानत पर है। उसे हाई कोर्ट से जमानत मिली है। नक्सली कुंदन पाहन सहित अन्य आरोपित भी जेल में बंद हैं।

### अफसर अली की जमानत पर सुनवाई पांच जून को

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले के आरोपित मोहम्मद अफसर अली की जमानत याचिका पर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि पांच जून निर्धारित की है। उनकी ओर से 14 मई को जमानत की गुहार लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में ईडी ने 17 अप्रैल को अफसर अली को दूसरे जमीन मामले में कोर्ट की अनुमति से गिरफ्तार किया था। वह बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी वे आरोपी है, इस मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। अफसर अली जमीन की फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टरमाइंड है। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था।

### इंडी सरकार बनी तो लोगों का मिजाज होगा टनाटन, पैसा मिलेगा खटाखटः तेजस्वी यादव



**देवघर।** राजद नेता तेजस्वी यादव शुक्रवार को देवघर में इंडी गठबंधन की रैली में शामिल हुए। उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए वोट मांगे। साथ ही देवघर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर लोगों को नौकरी देने की बात कही। तेजस्वी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। मैं कहता हूं तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हें नौकरी दूंगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार आई तो लोगों का मिजाज होगा टनाटन-टनाटन, एक लाख रुपये आएगा खटाखट-खटाखट, नौकरी मिलेगी फटाफट-फटाफट और भाजपा हो जाएगी सफाचट। राजद नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नहीं निकलता है। मोदी ने 10 साल में झारखंड के लिए क्या किया यह नहीं कहा, सिर्फ हिंदू-मुस्लिम कर के लोगों को ठगना चाहते हैं।तेजस्वी ने मोदी के उस बयान पर तंज कसा, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लेगी।

### बिना किसी बहकावे के मतदाता सोच-समझ कर कर रहे मतदान : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा इस चुनाव में पहले चरण से ही पिछड़ती नजर आ रही है। इसलिए भाजपा धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम का इस्तेमाल कर रही है। जब समाज का एक बड़ा वर्ग उन्हें निष्कासित करने लगा, तो धर्म से नीचे उतरकर वह जाति समूह में बदल गई। जब चुनाव में टिकटों का बंटवारा हो रहा था। क्षत्रिय समाज को टिकट से वंचित किया गया तो उनकी नाराजगी सामने आई। कायस्थ समूह को भी अपमानित करने का काम किया गया। ये पहली बार है जब मतदाता बिना किसी बहकावे में आए सोच-समझकर मतदान कर रहे हैं। झामुमो प्रवक्ता शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

## एक नजर

### हेहल में 1 जून को मंडा पूजा मनाने का निर्णय, तैयारी शुरू

**बरकाकाना।** हेहल स्थित मंडाटांड शिव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मंडा पूजा मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 1 जून को मंडा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद मंडा पूजा की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड 19 के वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा और संचालन समिति के अध्यक्ष उच्चेश्वर सिंह ने किया। बैठक में समिति अध्यक्ष उच्चेश्वर सिंह ने कहा कि हेहल गांव में पूर्वज करीब सौ वर्ष से मंडा पूजा मनाते आ रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 23 जून को डागर, 24 जून को पटभंगी, 30 जून को उतरी और लोटन सेवा, 1 जून रात्रि लोटन सेवा के साथ रात्रि में छऊ नृत्य और 2 जून की सुबह फूलखुंदी व बनस झूला के साथ मेला का समापन होगा।

### सुईयाडीह मिनरल एंड स्टील से हुई हजारों की सीट और सामान की चोरी

**गिद्दी।** सुईयाडीह स्थित बंद जीआरएस मिनरल एंड स्टील मेटल में एसवेस्टस सीट और समान की चोरी हो गई है। जीआरएस मिनरल एंड स्टील एंड मेटल के रामराज पाल ने इसकी सूचना गिद्दी पुलिस को दी है। जिसमें रामराज पाल ने बताया कि जीआरएस मिनरल लगभग 9 माह से बंद है। इसलिए वे लोग वहां कम आते जाते हैं। पिछले दिन तेज आंधी से जीआरएस मिनरल का पूरा एसवेस्टस सीट उड़ गया था। इसकी जानकारी मिली जो तो वे वहां गए तो देखे की पूरा सीट तेज हवा में उड़ गया है और 45 सीट में से 30 सीट भी गायब हैं। साथ ही जीआरएस मिनरल का दरवाजा को तोड़कर उसमें अंदर में लगे मोटर, रोलर, बेल्ट, मेगेनिट मशीन आदि सामान की भी चोरी कर ली गई है। रामराज पाल ने बताया कि जीआरएस मिनरल में चोरी होने से हजारों की नुकसान हुआ है।

### जलते अंगारों पर चलकर ग्रामीणों ने दी आस्था और भक्ति की परीक्षा

**गिद्दी।** रिकवा गांव मंडा टांड़ शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को आस्था और भक्ति का पर्व मंडा पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें शिवभक्तों ने सर्वप्रथम में दिन भर उपवास रखा। इसके बाद में लोटन सेवा किया। भोक्ता और सोक्ताइनों ने कलश में जल लेकर शिव मंदिर की परिक्रमा किया। फिर भगवान शिव-पार्वती की पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद 115 भोक्ता और सोक्ताइनों ने जलते अंगारों पर चल फूलकुंदी कर आस्था और कठिन भक्ति का परीक्षा दिया। फुलकुंदी के बाद 5 जोड़ा भोक्ताओं ने पीठ में कील गुंथकर बनस झूला किया। मंडा मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें लड़कियों की छउ नृत्य कलाकारों ने सुंदर और आकर्षक नृत्य कर लोगों का रात भर मनोरंजन किया। इसके पहले मिश्राइनमोढ़ा के मुखिया दासो मरांडी और पंसस विनोद महतो आदि गणमान्य लोगों ने छउ नृत्य का फीता काटकर उद्घाटन किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा आयोजित एआईएसएससीई 2024 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, के कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के भैया - बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से आज विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर श्रेष्ठ भैया- बहनों को समिति के संरक्षक, श्रद्धानंद सिंह, समिति के सदस्य, संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य,डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा मोमेंटो एवं अन्य उपहार प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मौके पर बच्चों के माता पिता/अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर भैया-बहन में अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज 94.20%, सौम्या रानी 93.80 %, खुशी रंजन 93.60%,समृद्धि 93.60%., काव्या सिन्हा 93.20%, आदित्य सिन्हा 92.80%,नैना कुमारी 92.40%,रितिक कुमार यादव 92.20% ,निखिल कुमार 92.%, सृष्टि कुमारी 91.80 %, आर्यन कुमार 91.20 % कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में श्रेष्ठ कुमार 90.6%, करण कुमार 88.8% ,उन्नति राज 88.8 % सागर कुमार 86.60%,,श्रुति कुमारी 86.20%, स्वाति रंजन 83% वाणिज्य संकाय में अंश कुमार 89.4 %, हंसराज कुशवाहा 85.4 %, समर्थ 74% लाए । भैया -बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के संरक्षक श्रद्धानंद सिंह ने कहा आप सभी जीवन के हर क्षेत्र में इसी प्रकार सफलता प्राप्त करें। आगे भी आपका इसी प्रकार बेहतर रिजल्ट होगा। ऐसी मेरी शुभकामना है। उन्होंने भैया- बहनों को बौद्धिक विकास, प्रतिस्पर्धा, चुनौतियां, परिश्रम का महत्व एवं करियर के चुनाव में सावधानी विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ बाल संसद का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोर्रा में शुक्रवार को चुनाव द्वारा बाल सभा का गठन किया गया।इसमें बहनों में अध्यक्ष पद के लिए कक्षा दशम की बहन अमिषा रानी, उपाध्यक्ष पद के लिए बहन रिया कुमारी, सचिव पद के लिए बहन सिंपल कुमारी, सहसचिव पद के लिए बहन भावना कुमारी,सेनापति के पद पर बहन सेजल भारती एवं सहसचिव पद पर बहन दिया कुमारी का चयन हुआ। भैया में अध्यक्ष के पद पर नवम के भैया तनयनंदन , उपाध्यक्ष के पद पर भैया अंकुर कुमार मंडल, सचिव के पद पर सचिन कुमार पांडेय, सहसचिव के पद पर अष्टम के भैया दीपक कुमार सेनापति के पद पर भैया अभिनव आनंद पाठक, सह सेनापति के पद पर भैया अपूवार्नंद पाठक एवं भैया दयानंद कुमार का चयन हुआ। चुनाव की प्रक्रिया बाल भारती एवं कन्या भारती के प्रमुख आचार्य शिव शरण ठाकुर एवं अल्पना सिन्हा की देख-रेख में निष्पक्षता से संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने चुनाव में सफल हुए भैया बहनों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### महिला छऊ नृत्य व भव्य झांकियों के साथ मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न

# दहकते अंगारों पर चलकर भोक्ताओं ने दिया अपनी आस्था का परिचय



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नं 27 गोबरदरहा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैशाख पूर्णिमा के दिन मंडा पूजा का आयोजन किया गया एंव रात्रि छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल पुरुलिया के महिला छव नृत्य कलाकारों द्वारा देवी देवताओं पर आधारित झांकी दिखाई गई। इसके पूर्व गांव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फीता काटकर छऊ नृत्य का उदघाटन किया गया। अहले सुबह भोक्ताओं ने दहकते अंगारों में चल कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट किए। वहीं लोगों ने मंडा पर्व को झारखंड की संस्कृति और आस्था का परिचायक बताया। कार्यक्रम मुख्य पुजारी कृष्णा पाण्डेय, दिनेश महतो, उच्चरण महतो, उमेश महतो, लोबिन महतो, रूदलाल महतो, महेश महतो, दौलत महतो,सरिता महतो, भरत महतो , मंडा पूजा कमेटी के अध्यक्ष कुलेश्वर महतो,सचिव नागेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष शिवचरण महतो, कैलाश महतो, मुटुर महतो, चंद्रमोहन महतो, रेवालाल पटेल, संजीव रंजन, भुनेश्वर महतो, पुरुषोत्तम महतो, विकास कुमार, मनोज कुमार महतो, लालदेव कुमार, पवन कुमार, विकास कुमार, सुजीत कुमार, दिलीप कुमार, श्यामदेव कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, बबलू कुमार, अनुपमा देवी,वीणा देवी, ममता देवी आदि के सहयोग से सफल हुआ।

### डीएस कांप्लेक्स में हुआ रेड चिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित डीएस कॉम्पलेक्स में शुक्रवार को श्री राम प्रोग्रेसिव द्वारा संचालित रेड चिल्ली रेस्टुरेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी देवराज सिंह, विशिष्ट अतिथि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, कुमार महेश सिंह, रंजीत पांडे ने फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि देवराज सिंह ने बताया कि डीएस कॉम्पलेक्स में रेड चिल्ली रेस्टुरेंट के आरंभ होने से सभी को खाने के विभिन्न प्रकार के व्यंजन मिल सकेगा। कहा की अब लोगों को अपनी मन पसंद चीजों के लिए दूर नही जाना पडेगा। कहा कि इस कॉम्पलेक्स में बहुत सारी दुकान और बैंक है। अब आराम से लोग खाने पीने का लुत्फ उठाएंगे। जबकि रेड चिल्ली के संचालक जन्मेजय प्रताप, उमेश प्रकाश सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, संजीत सिंह उर्फ छोटू, निखिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे रेस्टुरेंट में खाने के लिए अच्छी और सभी तरह के व्यंजन उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। हमारे यहां भेज और नॉन भेज साथ ही चाउमिन के अलावे कई तरह के व्यंजन मिलेंगे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

# पर्यावरण की रक्षा करना सभी का दायित्व : राजेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के तत्वावधान में प्रखंड के बेडोकला, कोनहारा कला और पचरुखी तिलैया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वन संरक्षण और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। वनरक्षी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि जंगल कटने से वन प्राणी विलुप्त होते जा रहे हैं। पक्षी में गिद्धों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है जो चिंता का विषय है। जंगली हाथियों का झुंड जंगल से निकलकर गांवों में पहुंचकर जान-माल की क्षति पहुंचा रहा है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि जंगल को बचाने सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जंगल में आग नहीं लगायें। वन अग्नि पर रोक लगायें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए जंगल बचाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभायें। जंगल को बचाने के लिए हर लोगों को दायित्व होता है कि उसको अच्छी तरह निभाएं। लोगों को जागरूक करने में प्रभारी वनपाल आनंद सिंह, राजेन्द्र कुमार, मनोरंजन कुमार समेत नुक्कड़ नाटक के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जयंत सिन्हा की प्रतिष्ठा को धूमिल करने में लगे हैं बाबूलाल व आदित्य साहु : प्रियंवदा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के मान सम्मान को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू के द्वारा ठेस पहुंचाए जाने के कारण जिला भाजपा के पूर्व समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रियंवदा एवं सांसद प्रतिनिधि प्रफुल कुमार ने संयुक्त बयान जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से मांग किया कि सांसद जयंत सिन्हा से माफी मांग कर तत्काल अपना इस्तीफा दें। प्रियम्बदा ने आगे कहा है कि बाबूलाल मरांडी और आदित्य साहू दोनों को अगड़ी जाति से कितनी नफरत है यह उनके द्वारा किए गए इस शर्मनाक हरकत से जग जाहिर हो गया है, नहीं तो कोई कारण नहीं बनता है कि जयंत सिन्हा जैसे सुलझे सांसद को इस तरह मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए अपमानित किया जाए। विरोध प्रकट करने वालों में सांसद प्रतिनिधि प्रो सुरेंद्र सिन्हा, विपिन कुमार सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार, संजीव कटरियार, प्रकाश मिश्रा, राजेश सहाय, नारायण चंद भौमिक, जगतार सिंह, संतान सिंह, हिमांशु कुमार, आशीष सिंह, तलत साबिर उर्फ बाबू खान, भोला कुशवाहा, आशुतोष सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद राजा, केदार यादव कारू पासवान, मुकेश कुमार सिंह, सुदेश गुप्ता, आशीष मेहता, सुदेश पासवान, कमरुल अंसारी, रफीक अंसारी, पुष्पा तिर्की, राशीद इकबाल उर्फ छोटू, महेंद्र पांडे, देवेंद्र सिंह, संजीव कृष्ण जमुआर, अनिल सिंह, मनोज कुमार सिंह, रेनू सिंह, संधू यादव, आशीष मेहता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

> बाबूलाल मरांडी और आदित्य साहू दोनों को अगड़ी जाति से कितनी नफरत है, यह उनके इस शर्मनाक हरकत से जग जाहिर हो गया है

## न्यूज बॉक्स

### राजकुमार दास का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति : जानकी प्रसाद यादव



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा डीह हरिजन टोला निवासी समाज सेवी मनोज दास के बड़े भाई राजकुमार दास 45 वर्ष का बीते दिनों ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई। वहीं श्राद्धकर्म में पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव सम्मलित होकर स्व राजकुमार दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही आत्मा की शांति के लिए कामना किया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि राजकुमार दास की मौत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। खासकर युवाओं के लिए वह प्रेरणास्रोत थे। अपने प्रखंड स्तर पर फुटबॉल खिलाड़ी के साथ साथ मैच रेफरी के लिए अहम भूमिका निभाते थे। उनकी कमी हर युवाओं को खलेगी। मौके पर गणमान्य जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपरा से जुड़ा है मंडा पर्व : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के ढुठुवा में गुरुवार की रात्रि मंडा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व विशिष्ट अतिथि सोसो पंचायत मुखिया उर्मिला देवी उपस्थित हुए। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसे खासकर झारखंड में लोग काफी उत्साह और जुनून के साथ लोग मनाते आ रहे है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक - के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते है। इस भक्ति की परीक्षा का उद्देश होता है कि भगवान के प्रति आस्था और प्रेम को दशार्ना । इस पर्व में सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आएं। मौके यदुनंदन महतो, जितेन्द्र महतो, प्रियंका पटेल, युगल किशोर महतो, लिलेश्वर महतो, महेश महतो, अनिल कुमार, सुनिता देवी,बिरबल कुमार, रतनलाल महतो, टिकेश्वर महतो, हिरालाल महतो आदि उपस्थित थे।

### डेंटल कॉलेज में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हजारीबाग ।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन शुक्रवार को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य रूप से ओएमआर प्रोफेसर डॉ देवर्षि नंदी ने शामिल होकर छात्रों को व्यक्तित्व विकास के लिए अपना बहुमुल्य सुझाव व परामर्श दिया। इसमें यूजी और प्रशिक्षु वर्ग के कई छात्रों ने शामिल होकर कार्यक्रम का लाभ लिया। जिसमें छात्रों को सकारात्मक, भावनाओं पर नियंत्रण, एक- दुसरे पर करूणा, प्रशंसा करना, धैर्यवान बनना, प्रभावशाली संवाद, साहस, सहयोग एवं उत्साह सहित कई विषयों पर संवाद कर उच्चतम जीवन शैली का निर्माण करने का छात्रों को आवश्यक सुझाव दिया गया। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के लिए व्यवहारिक निर्माण करने पर जोर दिया गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि छात्रों में सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व विकास का होना बहुत ही जरूरी है। इससे संचार कौशल, पारस्परिक कौशल, नेतृत्व कौशल और तकनीकी कौशल में सुधार होता है। छात्रों को उनके दीर्घकालिक कैरियर उद्देश्यों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करता है। छात्रों के आत्मविश्वास के स्तर तक पहुंचने। नियंत्रण करने और उसे बढ़ाने के लिए निगरानी प्रदान करता है। ताकि वे उच्च क्षमता के साथ सवर्णिम भविष्य बना सकें।

### गिरि गोप की मृत्यु के मामले में यूडी मामला दर्ज

**गिद्दी।** कंजगी निवासी गिरि गोप की मृत्यु के मामले में गिद्दी थाना में यूडी का मामला दर्ज किया गया है। गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया गिरि गोप की मृत्यु की जांच पड़ताल करने के बाद उसकी पत्नी शकुंतला देवी के लिखित पर यूडी का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया शकुंतला देवी ने पुलिस को दिए लिखित में पति गिरि गोप की बीमारी से मृत्यु होने की बात कही है। कंजगी निवासी गिरि गोप का शव बुधवार की सुबह उनके घर से कुछ दूरी पर खेत में संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला था। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई थी। इसकी सूचना मिलने के बाद गिद्दी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मौत की मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया था।

## प्रशिक्षण

## आईसेक्ट विवि की ओर से एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आज

# देशभर के 70 से भी अधिक पंजीकृत शोधार्थी प्रस्तुत करेंगे शोधपत्र



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के आईक्यूएसी के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से भारतीय समाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर-ईआरसी) द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को होटल श्री विनायक सभागार में किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि यह सेमिनार सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड सीएसआर द रोल ऑफ ऑपर्च्युनिटीज फोर ट्राइबल कम्युनिटीज विषय को लेकर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के 70 से भी अधिक पंजीकृत शोधार्थी अपना शोधपत्र प्रस्तुत करने के साथ-साथ अपने-अपने विचार भी रखेंगे। डॉ गोविंद ने बताया कि आईसीएसएसआर-ईआरसी द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार का उद्देश्य शोध कार्यों से जुड़े शोधार्थियों के लिए मंच प्रदान कर नए-नए विचारों को जानना है। साथ ही उन विचारों को बाद में सरकार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी है ताकि समाज के हर तबके के जीवन में ना केवल सुधार हो बल्कि उन समुदायों का देश में अहम योगदान भी हो। इस सेमिनार में शोधार्थियों के लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी प्रदान की गई है। बता दें कि रजिस्ट्रेशन के लिए मौके पर एक काउंटर रहेगा, जहां रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरा कर शोधार्थी सेमिनार में भाग ले सकते हैं। सभी भाग लेने वाले शोधार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी साबित होगा। बताते चलें कि वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, कला एवं मानविकी डीन डॉ राजकुमार व शोध समन्वयक रंजीत कुमार को मिलाकर बनाई गई चार सदस्यीय कोर कमिटी विभिन्न कमिटीयों के साथ मिलकर सेमिनार को सफल बनाने में जुटी है।

> इस सेमिनार का उद्देश्य शोध कार्यों से जुड़े शोधार्थियों के लिए मंच प्रदान कर नए-नए विचारों को जानना है

### ईचातु, दुलमी व ढुठुवा में शिव आस्था का पर्व धूमधाम से मनाया गया

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के ईचातु, दुलमी व ढुठुवा गांव में गुरुवार की रात्रि शिव आस्था का पर्व मंडा धूमधाम से मनाया गया। ईचातु व दुलमी मंडा पर्व के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, मुखिया परमेश्वर पटेल, मुखिया रविंद्र व पंसस गीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम विधिवत उद्घाटन किए। वहीं ढुठुवा गांव में पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, मुखिया उर्मिला देवी व पंसस गोपाल प्रसाद ने उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि झारखंड की संस्कृति पर आधारित मंडा पर्व हमारे पूर्वजों के समय से आयोजित होते आ रहा है। झारखंड के लगभग हर गांव में प्रत्येक वर्ष मंडा पूजा का आयोजन होता है।

### सेवा सहयोग समिति ने किया छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

# सहयोग समिति ने पांच उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड में सेवा सहयोग समिति के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में झारखंड अकादमी काउंसिल के माध्यमिक परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। उन्होंने अपनी देखरेख में भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम को संपन्न कराया। आने वाले दिनों में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य विभिन्न प्रखंडों में विद्यालय के पांच उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। जिसमें सदर प्रखंड, दारू प्रखंड शामिल है। इस भव्य सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी शामिल रहे। प्रखंड के इन विद्यालयों के बच्चों को किया गया सम्मानित। उत्क्रमित हाई स्कूल+2, सालगांव, उत्क्रमित हाई स्कूल, कटकमदाग, विद्या विकास स्कूल, पुंदरी इनर नेशनल, सुलताना, बानादाग उच्च विद्यालय बानादाग शामिल है।

## एक नजर

### 26 मई को होगी रौतिया छात्र संघ की बैठक

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय रौतिया समाज सह छात्रसंघ सिमडेगा के द्वारा 26 मई दिन रविवार को समय 10.00 बजे स्थान बख्तर साय मुडंल सिंह स्मृति भवन सलडेगा, सिमडेगा में बैठक रखा गया है। इस बैठक में प्रदेश समिति, जिला समिति, जिला के सभी बुद्धिजीवी वर्ग, मार्गदर्शक गण, छात्रसंघ के सभी पदधारी एवं सभी सदस्य छात्र - छात्राएं को उपस्थित होने के लिए कहा गया है। यह जानकारी सिमडेगा जिला छात्र संघ अध्यक्ष रविंद्र सिंह द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में इस वर्ष 2024 में मैट्रिक इंटर में उत्कृष्ट उतीर्ण रौतिया छात्र- छात्राएं का सम्मान समारोह आयोजन के संबंध में, छात्रसंघ की मजबूती के संबंध एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया जाएगा।

### चचेरे भाई की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**सिमडेगा।** पीडीजे राजीव कुमार सिंहा की अदालत ने चचेरे भाई की हत्या के आरोपी खीस्तोफर किस्पोटा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने जुर्माना की राशि मृतक की विधवा पत्नी रजनी किस्पोटा को देने का निर्देश दिया है। रेंगारिह थाना में कांड संख्या 09/18 के तहत दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने फैसला सुनाया। घटना के संबंध में बताया गया कि छह अगस्त 2018 को खीस्तोफर किस्पोटा और आगापित किस्पोटा मछली मारने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक आगापित घर नहीं लौटा, तो दूसरे दिन सुबह में आगापित की पत्नी ने अपने पति का खोजबीन करना शुरू किया। इसी क्रम में उन्होंने देखा कि उसके पति का शव एक खेत में पत्थर से कूचला हुआ पड़ा है। बाद में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक आगापित केरकेट्टा के चचेरे भाई खीस्तोफर किस्पोटा को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू की।

### 25 दिनों की तीर्थ यात्रा पर निकले 55 यात्री, मुखिया व पंसस ने किया बस को रवाना

**चंदवारा।** प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत से 55 यात्रियों का जत्था माता वैष्णो देवी, बद्रीनाथ समेत अन्य धर्म स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हुए। 25 दिनों के लिए निकले इस जत्थे को पंचायत के मुखिया रामदेव यादव और पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पंडित ने रवाना किया। जत्थे में शामिल छत्रु पंडित ने बताया कि मदनगुड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों के यात्री माता वैष्णो देवी, बद्रीनाथ, विंध्याचल, विंध्यवासिनी देवी मंदिर, अष्टभुजा देवी मंदिर, सीता समाय, प्रयागराज, संगम स्थान, चित्रकूट, हनुमान धारा, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी, काशी बनारस आदि तीर्थस्थल कर दर्शन कर वापस आएंगे। यात्रा के संचालक तितिरचांच निवासी एसके दास ने बताया कि क्षेत्र से लोगों को प्रत्येक वर्ष धार्मिक स्थान को दर्शन करवाने के लिए बस की व्यवस्था की जाती है।

---

### जीईएल चर्च जटाटोली पेरिश में वार्षिक युवा सम्मेलन संपन्न

# राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। विधायक केरसई प्रखंड के जीईएल चर्च जटाटोली पेरिश में आयोजित मध्य डायोसिस का वार्षिक युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का शुभारंभ बिशप मुरेल बिलुंग एवं विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रुप से किया। इसके बाद बिशप की अगुवाई में मिस्?सा पूजा हुई। बिशप ने युवाओं को संगठित रहने एवं बुराईयों से दूर रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने युवाओं को उच्च शिक्षा लेने पर भी जोर दिया। वहीं विधायक ने कहा कि आज देश मे सबसे अधिक जनसंख्या युवाओं का है। पर आज युवाओं की बढ़ती आबादी के अनुरूप रोजगार देने के लिए कोई तैयारी नहीं है। न हम तैयार हुए हैं न ही सरकार ही तैयारी कर पाई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी सीमित है और उसी में सब अपना हिस्सा चाहते हैं। अब युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए दौड़ लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ नया कीजिये। आपको अलग दिशाएं लेने की जरूरत है। आने वाला समय डिजिटल मार्केट और टेक्नोलॉजी का है। आज डिजिटल और टेक्नोलॉजी का बहुत बड़ा मार्केट है। इसलिए इसपर ज्यादा फोकस करें। विधायक ने कहा कि समय बहुत है यह सोंचने की भूल न करें। समय बहुत कम है। आपका 15-16 साल चुटकियों में गुजर चुका है। इसलिए आने वाला समय का सही उपयोग करें। समय को अपने कंट्रोल में रखें। 24 घंटे को कैसे खर्च करना आपको निर्णय लेना है। सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

#### समाज को सही दिशा में ले जाने की जिम्मेवारी लें युवा : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवा संगठित रहें। नशापान जैसी बुराईयों से दूर रहें। समाज व देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा में ले जाने की जिम्मेवारी युवाओं को लेनी होगी। युवा अगर संगठित होकर काम करे तो न सिर्फ आपका समाज बल्कि गांव,समाज और देश भी तरक्की के पथ पर आगे बढ़ेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निरोज बाड़ा, निमरोध एक्का, जिला सचिव विनय तिग्गा, प्रमिला कुजूर, इंदु रानी,अनीता एक्का,पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, पंचायत अध्यक्ष पनियेल लकड़ा, पादरी निरल बागे, पादरी जोर्ज केरकेट्टा, पादरी विभव केरकेट्टा, पादरी संगीता पुपेन मिंज, पादरी प्रोफेसर जोर्ज शांतिएल केरकेट्टा, पादरी एभामानी किंडो, पादरी ईमानी बुड़, केंद्रीय युवा संघ सचिव उज्वल डांग, डायसिस युवा अध्यक्ष संदीप केरकेट्टा , उपाध्यक्ष असरानी एक्का, उप सचिव दीपिका डांग, अंजलिंता बड़ा, जेडलिन कुल्लू, संदीप डुंगडुंग,प्रवीण मिंज, इब्राहिम टोप्पो, नीलम कुल्लू, असरानी एक्का सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

### नशा मुक्ति को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार और चिल्ड्रन आफ इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को सुदूरवरती क्षेत्र जरगा पंचायत भवन में नशा मुक्ति को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि युवाओं में नशे की लत गंभीर समस्या बन गई है। नशे की वजह से युवा पीढ़ी खतरे में है। नशा का सेवन कर लोग कैंसर, टीवी, दमा जैसे खतरनाक बीमारी के शिकार हो रहे हैं। हमारे देश का उज्जवल रभविष्य युवाओं पर टिका है। पर देश की युवा पीढ़ी ही यदि गलत रास्ते में जाने लगे, तो निश्चित ही उसका भविष्य अंधकार में चला जाता है। इसलिए लोगों को जागरुक होकर इसे रोकने की जरूरत है। एलईडीसीएस के अधिवक्ता किरण कुमारी ने कहा कि नशा पान करने वाले परिवार की स्थिति अच्छी नहीं होती।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिनी संकाय विकास कार्यक्रम संपन्न

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ अंतर्गत सात दिनी संकाय विकास कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। शुरूआत सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया। रिसोर्स पर्सन सुमित दत्ता ने संकाय विकास कार्यक्रम के संदर्भ में पहले दिन स्वास्थ्य और अच्छाई, दूसरे दिन मानसिक स्वास्थ्य, तीसरे दिन तनाव प्रबंधन, चौथे दिन जीवन कौशल शिक्षा, पांचवें दिन आत्म जागरूकता, छठे दिन भावात्मक बुद्धि और अंतिम सप्तम दिन संचार कौशल पर विस्तृत जानकारी साझा की गयी। कार्यक्रम में इन बिंदुओं पर सुव्यस्थित तरीके से विविध घटकों और तथ्यों से अवगत कराते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संकाय से संदर्भित विभिन्न समस्याओं का अचूक समाधान बताया गया। रिसोर्स पर्सन मनोवैज्ञानिक सह सफल परामर्शदाता सुमित दत्ता को प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम से संकाय सदस्यों में निश्चित तौर पर उनके अंदर निहित विविध प्रवृतियों और व्यक्तित्व का विकास, क्रियाशील होती है।

### सिमडेगा एसपी ने मासिक क्राइम गोष्ठी का किया आयोजन, कहा

# पुलिस पदाधिकारी साइबर क्राइम सहित विभिन्न बिंदुओं पर विशेष फोकस करें



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा एसपी कार्यालय सभागार में शुक्रवार को मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया गया। क्राइम गोष्ठी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सर्किल इंस्पेक्टर एवं सभी थाना प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। एसपी ने सर्वप्रथम लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में जिले के सभी थाना क्षेत्र में संपन्न करने के लिए सभी थाना प्रभारी पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद सिमडेगा पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मानव तस्करी एवं साइबर क्राइम सहित विभिन्न बिंदुओं पर विशेष फोकस करते हुए काम करेगी। इसके लिए सभी लोग योजना पर तरीके से कार्य करें ताकि जिले में विधि व्यवस्था अपराध नियंत्रण एवं सभी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई भी चुक ना हो। वहीं उन्होंने कहा की जेल से छूटे हुए अपराधियों पर सभी लोग नजर रखें ,ताकि किसी प्रकार का कोई भी समस्या ना हो। इसके अलावा उन्होंने पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन करते हुए सभी थाना की क्रमवार समीक्षा करते हुए थाना प्रभारी को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए।

#### मुख्य धारा में लौटें नक्सली

एसपी सौरभ ने कहा कि जिले में नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का प्रयास किया गया और उसमें सफलता हासिल की है। हालांकि कुछ लोग हैं जो बीच-बीच में प्रयास करते हैं कि जिले की शांति व्यवस्था में खलल हो ऐसे लोगों को उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड सरकार की समर्पण नीति का लाभ लेते हुए सरेंडर करें ताकि उन्हें पुनर्वास की लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते वैसे लोग आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो पुलिसिया कार्रवाई के तहत मारे जाएंगे या जेल भेजे जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों को मुख्य धारा से लौट कर अपने परिवार एवं समाज हित में कार्य करने की बात कही।

### लगातार हो रहा घटिया सड़क कालीकरण का कार्य, विभाग मौन

## रात के अंधेरे में हो रहे सड़क निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड में सड़क निर्माण अनियमिता चरम पर है ,मालूम हो कि प्रखंड के साहुबेडा पंचायत के बानो-मनोहर पुर पथ से बोकलो टोली होते हुए नवा टोली जाने वाली पथ का कालीकरण कार्य अचानक बुधवार रात्रि संवेदक सामग्री के साथ कार्य स्थल पर पहुँचा और कालीकरण कार्य आरम्भ कर दी। अचानक रात्रि में सड़क का कालीकरण देख ग्रामीण कार्य स्थल पहुँचे। मौके पर साहुबेडा पंचायत के मुखिया सुसाना जड़िया कार्य स्थल पर पहुंच कर घटिया कार्य करने पर रोक लगा दी।ग्रामीणों ने कई लोगो से पूछा कि संवेदक कौन है। कार्य रोके जाने पर कार्य पर जुटे मजदूर भाग खड़े हुए। सबके मन एक सवाल थी कि ठीकेदार कौन है..? बिना उक्त सड़क का मिट्टी हटाये रात्रि में काम के लिये आया कौन था..! एक ओर पंचायत के ग्रामीण विधायक से प्रखंड कार्यालय तक सड़क बनाने की गुहार लगाते फिर रहे हैं।जब टेंडर पास हो जाती हैं तो ग्रामीणों या जनप्रतिनिधियों को भी पता नही रहता। सरकारी पैसों की बंदर बाट खुलेआम हो रही हैं।आखिर ठीकेदार स्थानीय ग्राम प्रधान, मुखिया या किसी राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों को जानकारी क्यों नही देती।

### क्रूसकेला मंडली में 59वां वार्षिक बाईबल क्लास का आयोजन

# बाईबल हमें अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है : भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
प्रखंड के क्रूसकेला मंडली में नॉर्थ वेस्टर्न गोस्ननर एवं जेलिकल लूथेरान चर्च छोटानागपुर एवं असम खूंटीटोली पेरिस युवा संघ का 59वां वार्षिक बाइबल क्लास का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि युवाओं के लिए बाईबल क्लास का आयोजन सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा बाईबल के महत्व को जान पाएंगे। उन्होंने कहा कि बाईबल हमें अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। हम सभी को प्रतिदिन बाईबल पढ़ने की आदत डालने की जरुरत है। साथ ही उसमें निहित वचनों को अपने जीवन में उतारने की जरुरत है। विधायक ने कहा कि आज हमारे समाज में कई बुराईयां तेजी से फैल रही है। उसे दूर करने के लिए सभी को संगठित रहने की जरुरत है। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के साथ साथ उन्हें अच्छी आदतें सिखाएं। बच्चों को बुरी आदतों से दूर रखें। समाज में नशापान, अंधविश्वास जैसे बुराई से दूर रखें। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निरोज बाड़ा, जिला सचिव विनय तिग्गा, प्रमिला कुजूर, इंदु रानी, अनीता एक्का, पंचायत अध्यक्ष पनियेल लकड़ा, रेभ जकर्यिया मिंज, रेभ चवितास बिलोकान एक्का, रेभ सुरजमणि केरकेट्टा, कांडीदात अनूप अरविंद टोप्पो, वक्ता अमन टोप्पो, अध्यक्ष निखिल बाड़ा, उपाध्यक्ष पूना अरिज्ञा मिंज, सचिव संजीत मिंज, सह सचिव एजुक एक्का, कोषाध्यक्ष एमानुवाल तिर्की, संडे स्कूल प्रभारी कुशल कुजूर, शोल्टी तिर्की आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रामरेखा धाम में बन रहे डाकबंगला का जिप अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ में स्थित रामरेखा धाम परिसर में जिला परिषद के द्वारा डाक बंगला निर्माण कार्य का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। मौके पर कहा गया इस भवन का शिलान्यास एक साल पहले जिला परिषद अध्यक्ष रोश प्रतिमा सोरेंग एवं उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा के द्वारा किया गया था, पर एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया यह योजना और अभी भी कार्य अधूरा है। जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि रामरेखा धाम परिसर में डाकबंगला बनने से यहां पर आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और प्रभु राम के आगमन स्थल पर विकास की गति मिलेगी पर पर संवेदक की लापरवाही के कारण विकास कार्य को गति नहीं मिल रही है एवं समय अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद भी कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है ।ऐसे संवेदक को चिन्हित कर कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा साथ ही कार्य मे लापरवाही करने वाले संवेदक को जिला परिषद विभाग के द्वारा काली सूची में का नाम डाला जायेगा।

### डीसी ने की कार्य योजनाओं की समीक्षा बैठक

## हॉल निर्माण के लिए प्रपोजल बनाकर निदेशालय भेजने का निर्देश दिया



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 में चावल की उठाव, कुकिंग कॉस्ट एवं पूरक पोषाहार अंडा/फल की स्थिति का विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024- 25 के माह अप्रैल 2024 में प्रखंडवार नामांकन के विरुद्ध आच्छादन का प्रतिशत की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने पी.एम. पोषण योजना अंतर्गत रसोईया -सह- सहायिका का आयुष्मान भारत- मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से शत प्रतिशत आच्छादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में किचन व स्टोर मरम्मती कार्य को संवेदक का चयन करते हुए निमार्ण कार्य को पूर्ण कराने की बात कहीं। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका के परिसर में एक हॉल निर्माण के लिए प्रपोजल बनाकर निदेशालय भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपयुक्त महोदय ने शिक्षा विभाग अंतर्गत गतिविधिवार व्यय की स्थिति समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम , अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### दुर्गा मूर्ति चोरी को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

## अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा बरामदगी को लेकर चरणबद्ध होगा आंदोलन



**कुरडेग।** प्रखंड के कदमटोली में मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के अध्यक्ष विद्याधर प्रधान की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव जी को मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था।बैठक में अनेक सांगठनात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों और समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और कार्ययोजना बनाई गई । वहीं विगत 24 अप्रैल को मंदिर से माँ की अष्टधातु प्रतिमा की चोरी की जल्द से जल्द बरामदगी के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य करने की बात हुई। बताते चले की कुरडेग कदमटोली में माँ दुर्गा मंदिर जो प्रखंड के लोगों की प्रसिद्ध आस्था का केंद्र है। जहां 24 अप्रैल को असमाजिक तत्व द्वारा माँ दुर्गा की अष्टधातु की प्रतिमा चोरी कर ली गई है जिसमें ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद भी प्रतिमा को पता नहीं लगाया जा सका और न ही प्रशासन द्वारा खोज पाया गया। जिससे प्रखण्ड के आम भक्तगण में भारी दुःख और आक्रोश है। जिला पुलिस अधीक्षक को यह घटनाक्रम एवं जनता के आक्रोश और भावना की जानकारी देने की बात की गई । इस अवसर पर विहिप अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दुःख की घड़ी पर ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि माँ दुर्गा हमलोग को छोड़कर कहीं नहीं जा सकती है। आज नहीं तो कल वे जरूर अपने भक्तों के पास लौट आएंगी। उन्होंने कहा की हम सभी लोगों को मिलकर तलाश जारी रखनी है और माँ से प्रार्थना करनी है कि हमलोगो के पास लौट आएं उन्होंने सभी लोगों को संगठन से जुड़कर एकजुट और संगठित रहने की भी सलाह दिया। मौके पर मंदिर समिति अधिकारी, एवं गाँव के ग्रामिण सभी उपस्थित थे।

### सिमडेगा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाया छापामारी अभियान



**सिमडेगा।** जिले में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में वभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह दिनांक- 16 मई से 22 मई तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पैंतीस लीटर देशी महुआ शराब और 1215 किलोग्राम जावा महुवा नष्ट किए गए हैं एवं अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी नष्ट किया गया है। इधर अचानक पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई से शराब कारोबारी के अंदर हड़कंप बच गया और लोग अपने घर को छोड़कर फरार हो गए।सिमडेगा पुलिस ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया है कि वे अवैध शराब की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। अवैध शराब बनाये जाने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष मोबाईल न0 - 9262998531 पर निश्चित रूप से दें सकते है।

## जागरूक

### पांच दिवसीय धुमकुड़िया प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

# आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं : अंजू खलखो



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखंड के डांडा पड़हा कुंदुरमुण्डा में पांच दिवसीय धुमकुड़िया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर डांडा पड़हा समिति प्रमुख देवेंद्र भगत ने बताया कि पड़हा समाज के द्वारा पांच दिवसीय धुमकुड़िया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आदिवसी पर्व त्योहार, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, नाच-गान, शादी-विवाह, धर्म-संस्कृति आदि पर जानकारी दी गई। इस दौरान फाल्गुन अर्थात होली का त्योहार, सरहुल त्योहार, करमा त्योहार आदि पर विशेष जानकारी दी गयी। मौसम के अनुसार सभी त्योहारों के अलग-अलग गीत एवं मांदर की ताल को अच्छी तरिके से बताया गया। इसी के साथ सबसे पुराने आदि धर्म की विशेष प्रार्थना अना आदि मुंजरना मलका निनिम धर्मे राआदय - बंगाओ का पूरा-पूरा अर्थ बताया गया ।इस मौके पर स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएँ एवं समाज के लोग शामिल हुए । प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्रशिक्षक देवेंद्र भगत सहित भाग लिए सभी लोगों को समाज सेवी अंजू खलखो ने डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया । साथ ही उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य है । समाज को संजोये रखना हम सभी का कर्तब्य है । प्रशिक्षक देवेंद्र भगत ने बताया कि आज वर्तमान परिवेश में अपने पुराने आदि धर्म की पहचान नाच-गान, पर्व-त्योहार, संस्कृति आदि ही आदिवसियों की पहचान है । इसकी रक्षा करना अति आवश्यक है । इससे आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित तैयार किया जा रहा है इस मौके पर रामकिशोर भगत, अंजू खलखो, मीना तिर्की, सुधीर बेक आदि मौजूद थे।

**प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षक देवेंद्र भगत सहित भाग लिए सभी लोगों को समाज सेवी अंजू खलखो ने डायरी एवं पेन देकर किया सम्मानित**

### 19 मई को केरसई के टेंसेर जामटोली गांव में हुई थी घटना

## गोवंशीय पशु वध मामले में दो नामजद सहित 7 पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** थाना क्षेत्र के टेंसेर पंचायत अंतर्गत जामटोली साही टोली में गोवंशीय पशु वध करते हुए दो नामजद सहित 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूचना देते हुए थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर केरसई पुलिस ने गोवंशीय पशु वध की सूचना पर छापेमारी की पुलिस को पहुंचते देख 7 की संख्या में लोग घने जंगल का फायदा उठाकर भागने लगे पुलिस में पीछा करते हुए जामटोली स्थित अभियुक्त जकरियस केरकेट्टा एवं भलेश केरकेट्टा के घर पर भी छापेमारी की पर अभियुक्त फरार मिले, अभियुक्तों पर गोवंशीय पशु हत्या प्रतिबंध अधिनियम 2005 की धारा 12 (1) (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, साथ ही कटे हुए पशु को सीआई संत कुमार सिन्हा राजस्व कर्मचारी ललन प्रसाद सिंह की मौजूदगी में जप्त किया गया। सभी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है मौके पर एएसआई टिंकु कु वर्मा सहित पुलिस बल मौजूद थे।

**पुलिस को स्थल पर पहुंचते ही अभियुक्त फरार हो गए थे**

## एक नजर

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बूथों पर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक

**घाटशिला।** लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ पर स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन ने समीक्षा बैठक की. बैठक में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम तथा सहिया मौजूद रहीं। डॉ आरएन सोरेन ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर चिकित्सक की व्यवस्था की गयी है। हालांकि चिकित्सकों की कमी के कारण 10 से 20 बूथ पर एक चिकित्सक तैनात रहेंगे। वहीं हर बूथ पर सहिया, एएनएम तथा स्वास्थ्य कर्मी दवा के साथ तैनात रहेंगे। सभी को निर्देश दिया गया है कि मतदान केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किसी तरह की कोई कोताही ना हो। तत्काल मतदाता या मतदान कर्मी को आराम मिले, इसकी व्यवस्था की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से डॉ आरएन टुडू, डॉ देव महतो, हिना राज, डॉ मुगली हांसदा, डॉ विकास मार्डी सहित अन्य अनुपस्थित थे।

### अग्निशमन वाहन चालक का निधन

**चाईबासा।** अग्निशमन वाहन चालक मुकरू होनहागा (56 वर्ष) का निधन हो गया। वे मूल रुप से चाईबासा के रहने वाले थे। वे वर्ष 2022 से मानगो फायर स्टेशन में अपनी सेवा दे रहे थे। 15 दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। उनका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा था। बीते दिनों अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहां गुरुवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इधर, उनकी मौत से विभाग में शोक की लहर है। फायर स्टेशन इंचार्ज ब्रज किशोर पासवान ने बताया कि दो साल पूर्व ही मुकरू ने मानगो फायर स्टेशन में अपनी सेवा दी थी। उनके निधन से पूरा विभाग शोक में है।

### मेरालगड़ा जंगल से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित मेरालगड़ा जंगल से शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीण जंगल गये थे तो वहां शव पड़ा देखा। इसके बाद गोइलकेरा थाना को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गयी। इस संबंध में गोइलकेरा थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि ग्रामीणों ने जंगल में शव मिलने की सूचना दी थी। वहीं ग्रामीणों में बताया कि मानसिक रूप से बीमार एक अज्ञात व्यक्ति कुछ दिनों से मेरालगड़ा गांव में घूम रहा था। यह उसी व्यक्ति का शव हो सकता है।

### बोलेरो कैंपर-ट्रक में सीधी टक्कर, चालक घायल

**किरीबुरु।** किरीबुरु-बड़ाजामदा मुख्य मार्ग पर एक बोलेरो कैंपर और ट्रक के बीच सीधी टक्कर हो गयी। इस हादसे में कैंपर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चालक बुरी तरह घायल हो गया। बृजभूषण सिंह के सिर और अन्य हिस्से में चोट आयी है। आनन-फानन में घायल चालक को सेल के किरीबुरु अस्पताल में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया है। घटना के संबंध में चालक बृजभूषण ने बताया कि वह सेल के बोलानी खदान से किरीबुरु लौट रहा था। वह मोड़ और चढ़ाई की वजह से काफी धीमी रफ्तार में वाहन चला रहा था। किरीबुरु की ओर से ढलान में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने गलत दिशा से आकर कैंपर में धक्का मार दिया।

# 14,87,863 मतदाता आज करेंगे वोट

## गिरिडीह जिले में बनाए गए हैं कुल 1581 मतदान केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह व धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान शनिवार को होगा. बोकारो जिला दोनों संसदीय क्षेत्रों में बंटा है। जिले के कुल 1487863 मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 768377 पुरुष, 716839 महिला, 34 अन्य मतदाता व 2613 सेवा मतदाता शामिल हैं। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके लिए जिले में कुल 1581 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। सेक्टर 8 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। शुक्रवार को डिस्पैच सेंटर से ईवीएम-वीवीपैट व अन्य सामग्री लेकर 1581 पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हुईं। ईवीएम-वीवीपैट के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व मतदानकर्मी अपनी-अपनी टीम के साथ बूथों व ठहराव स्थल की ओर रवाना हुए। चुनाव के सफल संचालन के लिए 25 जोनल मजिस्ट्रेट, 204 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 237 माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जिले में 7 यूनिक मतदान केंद्र, 8 पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र, 8 युवा मैनेज्ड मतदान केंद्र, 23 महिलाओं से संचालित मतदान केंद्र व 37 पर्दानशी (महिला पी टू व पी थ्री) मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान कर्मियों की रवानगी के समय डिस्पैच सेंटर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बोकारो की डीसी विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, समेत सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी आदि मुस्तैद रहे।

### 560 लीटर अवैध देसी शराब व 6800 किलो जावा महुआ जब्त

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को हरला थाना क्षेत्र के वास्तेजी गांव के समीप दामोदर नदी किनारे रानीपोखर में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की. टीम ने वहां से 560 लीटर अवैध देसी शराब व 6800 किलो जावा महुआ जब्त किया। शराब सहित निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली अन्य वस्तुओं को नष्ट कर दिया गया। धंधेबाज छोटू बर्णवाल के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गय। छापेमारी में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सरिया में एक दुकान से पंद्रह हजार का अवैध शराब जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सरिया प्रखंड में एक दुकान में गुप्त सूचना के आधार पर सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम तथा थाना प्रभारी अरविंद सिंह की अगुवाई में छापेमारी की गई। छापेमारी में लगभग 15 हजार रुपए का अवैध शराब बरामद किया गया। जिसमें अंग्रेजी शराब तथा अवैध महुआ शराब को जब्त किया गया।

गुप्त सूचना के आधार पर संध्या में सरिया पुलिस सदलबल दुकान में छापेमारी की । जबतक छापेमारी की जा रही थी दुकान संचालक मौके से फरार होने में सफल रहा। दुकान में शराब मिलने के बाद जब्त शराब को सरिया थाना लाया गया । तथा अवैध शराब के विरुद्ध दुकान संचालक अवधेश मंडल एवं उसकी पत्नी के खिलाफ उत्पात अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर ली गई। इधर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी छापेमारी जारी रहेगी।



## लोकसभा चुनाव की सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत गिरिडीह लोकसभा में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार की अहले सुबह से ही महेशलूंडी स्थित डिस्पैचिंग सेंटर से लोकसभा के अंतर्गत गिरिडीह व डुमरी विधानसभा के लिए मतदान कर्मियों को ईवीएम सहित अन्य सामग्रियों के साथ रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त नमन प्रियेश लकडा ने स्वयं डिस्पैच सेंटर पर मौजूद रहकर मतदान कर्मियों का उत्साह बढाया और उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त श्री लकड़ा ने मदतान कर्मियों को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर लास्ट मोमेंट टिप्स दिए और कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संचालित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान उन्होंने सभी को अपने दायित्वों का निष्पादन समय पर सुनिश्चित करने के साथ ही आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मास्टर ट्रेनर को भी उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सोनारी में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से 50 लाख के गहने और दो लाख रु की हुई लूट



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. ऐसे में जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लेकिन अपराधी पुलिस की इस सुरक्षा तैयारी से डरे बिना बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार को ही अपराधियों ने कदमा में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी थी। इधर, शुक्रवार को सोनारी एयरोड्रम के पास दोपहर 1:45 बजे बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे एमबी ज्वेलर्स के शोरूम में हथियार के बल पर दो लाख नकद और करीब 50 लाख रुपए के जेवर लूट कर फरार हो गए। बैखौफ लुटेरे दुकान में लूटपाट कर बाहर खड़ी बाइक पर बैठकर आराम से निकल भागे। इधर, दुकान संचालक ऋषभ जैन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच कर रही है। ग्राहक बन कर दुकान में घुसे लुटेरे ऋषभ ने बताया कि वो दुकान में ही थे। दुकान में दो स्टाफ और एक ग्राहक भी मौजूद था। तभी दुकान में तीन युवक घुसे और गहने दिखाने को कहा। युवकों की गतिविधि देखकर उन्होंने गहने दिखाने से मना कर दिया। इसी बीच युवकों ने चांदी की अंगूठी देखने के लिए मांगी। अंगूठी दिखाते ही तीनों ने हथियार निकाल लिया। एक युवक के पास कार्बाइन थी। तीनों ने हथियार के बल पर दुकान में गहने और नकद लूटे और 15 मिनट में बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गए।

### तोपचांची में भोक्ता महापर्व पर दिखी भक्ति की अनुपम मिसाल

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के कामता गांव स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को भोक्ता महापर्व (चड़क पूजा) श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया. शिवालय में पूजा-अर्चना व भोक्ता झूला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. समाज की सैकड़ों महिलाओं ने गुरुवार को 24 घंटे उपवास रख कर रात में पूजा-अर्चना की। तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह शिव भक्तों ने हैरतअंगेज करत दिखाए। करीब चार दर्जन भक्तों ने भगवान शिव को खुश करने के लिए अपनी पीठ व बांह में लोहे की कील से छेदकर उसमें रस्सी बांध कर 50 फीट ऊंचे खंभे से लटककर चक्कर लगाया।

## संजय मार्केट के श्री श्री संकट मोचन शिव मंदिर से दान पेटी चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत संजय मार्केट स्थित श्री श्री संकट मोचन शिव मंदिर से गुरुवार देर रात बदमाशों ने दान पेटी चोरी कर ली. चोरी की घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। घटना की सूचना तब मिली जब मंदिर की देखरेख करने वाले विजय कुमार गुप्ता सुबह मंदिर खोलने पहुंचे। उन्होंने पाया कि मंदिर परिसर में लगा दान पेटी गायब है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कमिटी के अध्यक्ष संतोष जायसवाल को दी। संतोष जायसवाल ने बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें चोर भी दिख रहा है। चोर मंदिर में लगे ग्रिल को फांदकर मंदिर परिसर में घुसा और दान पेटी लेकर भाग गया। संतोष ने बताया कि मंदिर परिसर में दो पेटी है जिसमें से एक फिक्स है और दूसरे को ऐसे ही रखा गया है। फिक्स दान पेटी को चोर उठा ले गया। संतोष ने बताया कि जो दानपेटी चोरी हुई है उसे वर्ष 2023 में दुर्गा पूजा के समय लगाया गया है। पहले उस स्थान पर दूसरी दान पेटी हुआ करती थी। दान पेटी को हर साल दुर्गा पूजा में ही खोला जाता है। संभवतः दान पेटी में 4 से 5 हजार रुपए होंगे।

### एनआईटी जमशेदपुर ने 5वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**आदित्यपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर में भारत के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 24-26 मई 2024 तक 5वां विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन (ईपीआरईसी-2024) का आयोजन किया जा रहा है। यह बिजली प्रणाली, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइव और बिजली प्रणाली क्षेत्रों में नियंत्रण अनुप्रयोग में हाल की प्रगति को प्रस्तुत करने के लिए एक प्रमुख मंच होगा। ईपीआरईसी-2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एम् एन आई टी) जयपुर के निदेशक प्रो.एन. पी पाढ़ी एवं एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधर द्वारा शुक्रवार को किया गया। आयोजन सचिवों में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग, एनआईटी जमशेदपुर के डॉ. अरविंद कुमार प्रजापति, डॉ. रवि भूषण, और डॉ. सिमंता कुमार समल शामिल हैं। संयोजक डॉ. एम. के. सरकार और डॉ.सुप्रियो दास एवं समन्वयक डॉ। ओम हरि गुप्ता, डॉ. जितेंद्र कुमार हैं। इसके अतिरिक्त, आईआईटी भिलाई से डॉ। शैलेंद्र कुमार और टोलेडो विश्वविद्यालय, यूएसए से डॉ. कृष्ण मुरारी भी शामिल हैं। इस अवसर पर, जादवपुर विश्वविद्यालय से प्रोफेसर शिवाजी चक्रवर्ती और आईआईईएसटी, शिबपुर से प्रोफेसर अभिजीत चक्रवर्ती भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस सम्मेलन के प्रथम दिवस में विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में प्रगति पर केंद्रित कई प्रमुख भाषण और चचाएँ शामिल रही। इसमें कुल 145 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया तथा लगभग 200 शोध पत्रों में से श्रेष्ठ 101 शोध पत्रों का चयन किया गया।

### बबीता की हत्या का आरोपी प्रेमी राहुल रजक गिरफ्तार

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के बाड़ेदा निवासी बबीता रजक की हत्या प्रेम प्रसंग का मामला निकला. पुलिस ने हत्या के आरोप में प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 21 मई की देर शाम खेत में शौच करने गई विवाहित महिला की हत्या कर दी गई थी। मृतका बाड़दा निवासी संजय रजक की पत्नी थी और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस संबंध में मृतका के पति संजय रजक ने नीमडीह थाना में लिखित आवेदन दिया था। उसमें उन्होंने अज्ञात के विरुद्ध उनकी पत्नी बबीता रजक की हत्या कर शव को झाड़ी में छुपाने का आरोप लगाया था। इसके आधार पर नीमडीह थाना में मामला दर्ज किया गया था। कांड का त्वरित उद्द्भेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। अनुसंधान के क्रम में मृतका के प्रेमी 21 वर्षीय राहुल रजक से पूछताछ की गई। पूछताछ में प्रेमी ने हत्या करने की बात को स्वीकार किया गया। इसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर मृतका की हत्या में इस्तेमाल किए गए पत्थर को बरामद किया गया और अप्राथमिकी अभियुक्त राहुल रजक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### संदेहास्पद स्थिति में नव विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला



**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के डुगडुगिया गांव में शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में एक नव विवाहिता का शव घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। घटना के बाद से मुतका के पति सहित ससुराल के अन्य लोग फरार हैं। मृतका के मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतका की शादी एक माह पूर्व हुई थी। इस संबंध में बताया जाता है कि डुगडुगिया निवासी अशोक साव की पत्नी रूपा देवी 21 वर्ष घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटकी मिली। जानकारी होते ही लोगों ने उसे फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंचे और बेटी के शव से लिपट कर रोने लगे। इस संबंध में मृतका की मां ललिता देवी ने बताया कि उसे बेटी के ससुराल वालों ने फोन से सूचना दी कि उसकी बेटी फांसी लगा ली है और मौत हो गयी है। उसने बेटी के ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया कि शादी में साढ़े चार लाख दहेज दिया था। इसके बाद भी उसके ससुराल वाले रुपए की मांग कर प्रताड़ित करते थे। बेटी को ससुराल वाले पसंद नहीं करते थे। जबकि ससुराल वालों ने देखकर शादी की थी। कहा कि उसकी बेटी की हत्याकर फांसी के फंदे से लटका दिया गया। पुलिसिया जांच में ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

### ड्यूटी के दौरान नाइट गार्ड की रहस्यमय परिस्थिति में मौत

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के करमाटोंगरी रेलवे गेट 12सी के समीप हो रहे अंडर ग्राउंड पुल के निमार्ण कार्य में रात्रि प्रहरी (नाइट गार्ड) के रूप में काम करने वाले करमाटोंगरी निवासी कैलाश महतो 60 की मौत गुरूवार की देर रात्रि कार्य स्थल पर हो गई। वहीं घटना की खबर सुन शुक्रवार को मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू , जेबीकेएसएस केन्द्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो एवं निमियाघाट थाना एसआई उमर खान घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। मंत्री पुत्र ने कार्य करा रहे संवेदक कोडरमा निवासी बिनोद कुमार से बात कर उचित मुआवजा देने की मांग की। खबर भेजे जाने तक शव घटना स्थल पर ही रखा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि कोई जहरीला सर्प काट लिया होगा जिससे कैलाश की मृत्यु हो गई होगी। हालांकि जब तक जांच नहीं हो जाती तब तक मौत के कारण के संबंध में सही तौर पर कहना अभी जल्दबाजी होगी। इधर मृतक के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा राहुल कुमार और बहू है।

### सूरत से प्रवासी श्रमिक के अचानक गुम होने से घरवाले परेशान, खोजबीन करने की लगाई गुहार

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के धोरथम्बा ओपी क्षेत्र के मरपोका की एक महिला ने सूरत में मजदूरी करने गए अपने पति के अचानक गुम हो जाने को लेकर घोरथंबा ओपी में आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। आवेदिका सोनिया देवी ने कहा कि मेरे पति शंकर पूरी (उम्र 36 वर्ष) 29 अप्रैल को अपने ही गांव के अंतू तुरी के साथ सूरत गए थे। जहां गोर्डी रोड कोटक बैंक के सामने मद्रास ढोसा जिसका संचालन कार्तिक भाई करते थे उनके पास काम लगवा दिया गया और चार-पांच दिन वह काम भी किए इस दौरान अपने परिवार वालों से बातचीत करते रहे लेकिन अचानक चार दिन पूर्व से फोन पर बात नहीं हो पा रहा है और ना ही उनका कहीं अता-पता चल रहा है। 2 दिन पूर्व अपने पति के नंबर पर फोन किया तो ढोसे वाले कार्तिक भाई ने फोन रिसीव किया। पति के संबंध में पूछने पर उन्होंने काम छोड़ कर जाने की बात कही जबकि मेरे पति का मोबाइल कार्तिक भाई के पास है। जो उन्हें लेकर गया है उसे भी पता नहीं है कि शंकर अचानक कहां गुम हो गया है जिससे किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए धोरथम्बा ओपी को आवेदन देकर अपने पति की खोजबीन करने की गुहार लगाई गई है।

### जयराम महतो पर कसमार थाना में आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो पर एफएसटी की टीम ने गुरुवार को कसमार थाना में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में जयराम महतो पर चुनाव प्रचार की समय सीमा खत्म होने के बाद भी कसमार प्रखंड में रोड शो व बाइक रैली निकाने का आरोप लगाया है. आरोप है कि रोड शो के दौरान उनका काफिला कसमार होते हुए जब खैराचातर पहुंचा, तब शाम के छह बज चुके थे। खैराचातर से यह काफिला सिंहपुर, खुदीबेड़ा, पिरगुल होते हुए देर शाम जरीडीह प्रखंड की भस्की पंचायत पहुंचा। थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि इसी संदर्भ में एफएसटी के अधिकारी मुनिलाल मुंडा ने कसमार थाना में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है।

### पेयजल समस्या से जूझ रहे दरखुली के निवासी

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गुहियापाल पंचायत अंतर्गत दरखुली गांव में निर्मित सोलर जलमीनार पिछले कई महीनों से खराब है। इससे भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। उक्त गांव में लगभग 30 घर हैं। गांव की आबादी 150 है। ग्रामीण जलमीनार खराब हो जाने से पास के कुआं से पानी निकालकर किसी तरह अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वहीं खराब सोलर जलमीनार को जल्द दुरुस्त कराने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। साथ ही जल मीनार को ठीक करने के लिए ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, फिर भी कोई पहल नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान आज सुबह 7 से शाम 5 बजे तक वोटिंग

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग शनिवार 25 मई को होगी. सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान कर्मियों के लिए कृषि बाजार समिति बरवाअड्डा, राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद व राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। मतदान संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को डिस्पैच सेंटर से ईवीएम व अन्य जरूरी सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हो गईं। तीनों डिस्पैच सेंटरों पर अलग-अलग डेस्क बनाए गए थे। डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने उन्हें सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान कराने का संदेश दिया। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।



वहीं, सुपर जोनल दंडाधिकारी, सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी व जोनल दंडाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इस बार सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को लेकर सभी बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

मतदान सुगमता से संपन्न कराने के लिए बूथों पर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बूथों पर एएमएफ, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, बुजुर्गों के लिए ह्वीच चेयर आदि की व्यवस्था की गई है। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं या सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की मदद के लिए बूथों पर वोलेंटियर्स की भी तैनाती की गई है। मतदान कर्मियों की रवानगी के समय डिस्पैच सेंटरों पर सामान्य प्रेषक के।

### सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पूरी जिम्मेवारी के साथ मतदान कराने का निर्देश

**बोकारो।** बोकारो की डीसी सह जिला निवार्ची पदाधिकारी विजया जाधव व एसपी पूज्य प्रकाश ने गुरुवार को सेक्टर 2सी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल सभागार में मतदान के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उन्हें उनके कार्य दायित्व के बारे में विस्तार से समझाया। डीसी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें और उसी के अनुरूप मतदान कार्य कराएं। जिले के सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग होगी।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
(जिला निर्वाचन शाखा)

### आम सूचना

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 437/6/INST/ ECI/ FUNCT/MCC/2024 (CAMPAIGN), दिनांक 02.01.2024 द्वारा निदेशित किया गया है कि Affter the closure of campaign period no campaign can take place within the constituency, presence of political functionaries/party workers/procession functionaries/campaign functionaries etc. who have been brought form outside the constituency and who are not voters of the constituency, should not continue to remain present in the constituency as their continued presence alter campaign ends may undermine the atmosphere for free and fair poll.

उक्त के आलोक में 08–राँची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थी/सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी/ कार्यकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि :–

यदि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति/कार्यकर्त्ता इस अवसर पर बाहर से चुनाव प्रचार के लिए आये हैं तथा 08–राँची संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं हैं, तो वे दिनांक–23.05.2024 को अपराह्न 05.00 बजे के पश्चात् निर्वाचन क्षेत्र से बाहर चले जायेंगे।

उक्त अवधि के बाद प्रचार–प्रसार करते हुए पाये जाने या 08–राँची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बाहर के राजनीतिक व्यक्ति/कार्यकत्ताओं से संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मौजूद पाए जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, राँची

PR 325085 Ranchi (24-25)_D

## किसी भी हालत में तीन चीजें कभी छुप नहीं सकती सूर्य,चन्द्रमा और सत्य : गौतम बुद्ध

# अतुलनीय है सेना का योगदान हमें सहयोग करना चाहिए

**हमारे** सैनिक हमारे देश भारत के लिए गर्व हैं, जो न सिर्फ बाहरी सुरक्षा, बल्कि आंतरिक उथल-पुथल के समय में भी देश के लिए जान देने को तैयार रहते हैं। हम सब इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि आजादी के बाद से ही हमारे सैनिक लगातार युद्ध जैसी स्थितियों को झेल रहे हैं। दुश्मन के खिलाफ सैन्य अभियानों में या खतरनाक मौसमी स्थितियों- बाढ़, भूस्खलन आदि में आम नागरिकों की मदद करते हुए हमारे जवान कभी-कभी जीवन भर के लिए विकलांगता के भी शिकार हो जाते हैं। लेकिन यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि देश सेवा की पुकार पर अपना जीवन दांव पर लगाने वाले हमारे जवानों के परिजनों को अपना बकाया पाने के लिए कभी-कभी दर-दर भटकना पड़ता है, खासकर ऐसे मामलों में, जिनमें सैनिकों को बलिदान के बदले उनकी वीरता के लिए भूखंड, पेट्रोल पंप आदि जैसी चीजें पुरस्कार स्वरूप दी जाती हैं। लेकिन इससे भी बदतर स्थिति उन जवानों की होती है, जो अपना कर्तव्य निभाते हुए विकलांग हो गए हैं तथा जिन्हें न केवल नौकरशाही की अड़ंगेबाजी के कारण विकलांगता पेंशन एवं अन्य लाभों से वंचित कर दिया गया है। बल्कि दिल्ली स्थित उनके संबंधित मुख्यालय में बैठे उनके अपने ही तथाकथित सैन्य बंधुओं तथा कानूनी निकायों की वजह से भी उनकी स्थिति बदहाल हो जाती है। वर्ष 2020 में राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के आधिकारिक जवाब में बताया गया था कि वर्ष 2020 में ऐसे कानूनी मामलों पर 26 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए थे। यह उस प्रवृत्ति का हिस्सा है, जो पिछले कुछ वर्षों से चली आ रही है। रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2013-2014 में ही, भारतीय वायुसेना के पास सबसे अधिक मामले (2,683) थे, जिसकी कानूनी सुनवाई पर सात करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए थे, जबकि नौसेना ने उत्तर भारत में अपने ही कर्मियों के खिलाफ मुकदमा लड़ने के लिए 69 लाख रुपये खर्च किए थे और थल सेना ने 11.50 लाख रुपये खर्च किए थे। यह पैसा उन लोगों को लाभ से रोकने के लिए वकीलों को दिया गया, जिन्होंने विकलांगता लाभ या पेंशन के लिए सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) का द्वार खटखटाया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उच्चतम न्यायालय ने हमारे सैन्य कर्मियों को उनका उचित हक देने से वंचित रखने की खातिर अत्यधिक मुकदमेबाजी का सहारा लेने के लिए सैन्य सेवा मुख्यालय को फटकार लगाई है। इसके अलावा, रक्षा मंत्री द्वारा संसद में दिए गए एक लिखित बयान के अनुसार, कुछ समय पहले सुप्रीम कोर्ट में लगभग 60 सिविल अपीलें वापस ले ली गईं, जिनमें से 17 विकलांगता पेंशन के लिए थीं। ये तथ्य दर्शाते हैं कि कानूनी विभागों (जैसे सेना के मामले में जज एडवोकेट जनरल शाखा) ने रक्षा मंत्रालय का पैसा बचाने का निर्णय लिया है। वे किसी सैनिक को उन लाभों से वंचित करना चाहते हैं, जो उन्हें सैन्य जीवन के बाद विकलांगता से उबरने में मदद कर सकते हैं, जिसका शिकार वे अक्सर कठिन परिस्थितियों में सैन्य अभियान या सेवा शर्तों से गुजरते हुए हो जाते हैं। रक्षा मंत्रालय इन न्यायिक निकायों के माध्यम से उच्च अदालतों में मुकदमा लड़ने के लिए, कानूनी फीस के भुगतान के लिए, विकलांग लोगों को सेवा के दौरान विकलांग होने के कारण उनके हक से वंचित करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च करता है। और इससे भी बुरी बात यह है कि घायल सैनिक इस बारे में बहुत कम जानते हैं कि चिकित्सा अधिकारी अपनी रिपोर्ट में उनके बारे में क्या लिखते हैं, क्योंकि वे अपनी चोटों से उबरने के लिए किसी क्षेत्रीय अस्पताल में अर्ध-चेतन अवस्था में पड़े होते हैं। ऐसी रिपोर्टें हैं कि बाद के वर्षों में उन्हें विकलांगता का लाभ पाने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें अपनी अक्षमताओं को साबित करने के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में दर-दर भटकना पड़ता है! दुख की बात है कि विचित्र कानूनी पेच का शिकार हुए लोगों के अलावा केवल कुछ ही सैनिक इस तरह के अन्याय के बारे में जानते हैं। यह तो और भी दुखद है कि सैन्य मुख्यालय और सेना के उच्च अधिकारियों ने इस व्यवस्था को बदलने में जरा भी रुचि नहीं दिखाई है।

सतर्कता जरूरी

# हिट एंड रन काबू करने एआई तकनीक होगी कारगर



ऋतुपर्ण दवे

**पुणे** हिट एंड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपित को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां, दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देशव्यापी जन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चर्चाओं में क्यों आते हैं बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा। आरोपित की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलब्ध है तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रख कार्रवाई के लिए प्रभावी व पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। यह यकीनन बड़ी चुनौती है लेकिन दोष-निर्दोष और अनजाने हुई दुर्घटना के बीच की महीन लकीरों को बिना मिटाए या प्रभावित किए, प्रभावी कार्रवाई चुनौती भी है और जरूरी भी। पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24-24 बरस के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे लेकिन दुर्घटना उपरान्त पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने महंगी गाड़ी चलाने को कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रुतबा कहें या व्यवस्थाओं पर तमाचा जो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 किलोमीटर की रफ्तार सड़क पर चला नहीं उड़ा रहा था? आखिर दो बेकुसूरों को उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं उसका पिता भी बराबर का है! ऐसे हिट एंड रन देश में चचाओं में रहते हैं। दो-चार दिन हो-हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं। लेकिन न तो दुर्घटनाएं रुकती हैं और न ही सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले रईसों में कोई डर दिखता है। हां, साधारण लोग जरूर कानून, कायदे के जंजाल में फंस जाते हैं या फंसा दिए जाते हैं, क्योंकि वो रईस नहीं होते। यहां कानपुर के उस मामले के भी चर्चा जरूरी है जिसमें एक नामी डॉक्टर के केवल 15 बरस के नाबालिग औलाद ने अक्टूबर 2023 में तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सागर निषाद और आशीष रामचरण नाम के दो बच्चों को रौंदकर मार डाला। कानून का माखौल कहें या जिम्मेदारों की छत्रछाया जो दोबारा 31 मार्च 2024 को इसी बिगड़ैल ने 4 लोगों के ऊपर फिर कार चढ़ा दी। तब भी कानूनी खानापूर्ति में मामूली धाराओं में पुलिस ने प्रकरण बनाया और आरोपी बेलगाम घूमता रहा। लेकिन पुणे की घटना के बाद शायद पुलिस की आत्मा जागी या डरी पता नहीं, दोनों मामलों पर एकाएक सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित नाबालिग और उसके डॉक्टर पिता को भी 6-7 महीने बाद आरोपी जरूर बना लिया। हैरानी की बात है कि तब भी यही कानून थे और अब भी वही कानून हैं। लेकिन पुलिस का रवैया अलग-अलग विचारणीय है? पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपयों का जाम छलकाया जिसके सुबूत भी मिले। लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढहाए जा रहे हैं, यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियों उड़ाने वाले सवालों की शृंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली दो करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया। महज 1,758 रुपये की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपित का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा होने तक नहीं बनेगा। लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फरार्टे भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस की जरूरत नहीं होती? क्या रईसजादों पर उम्र का बंधन नहीं होता? कानून के रक्षकों के शायद इसी दोहरे रवैये से रईस नाबालिगों के हिट एंड रन के हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं जो आम लोगों से भेदभाव करते हैं। लगता नहीं कि अपराध की गंभीरता देखी जानी चाहिए न कि उम्र? नए दौर में कानून में ऐसे सुधारों की दरकार है जिसमें आयु की जगह अपराध की गंभीरता और मंशा अहम हो। नाबालिगों के ऐसे-ऐसे अपराध सामने आने लगे हैं जो चिंताजनक हैं। लूटपाट, हत्या, गैंग रैप, धमकाना और वो साइबर अपराध जिन्हें करते वक्त नाबालिग कैसे बड़ों-बड़ों को मात देता है। तब उसका अपराध नाबालिग होने के कारण छूट का कारण कैसे हो सकता है? भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं। केवल 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो रोजाना 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 462 लोगों की मृत्यु हुई जो हर घंटे के लिहाज से 53 दुर्घटनाओं तथा 19 मौतों का है। यह विस्तार से लिखने का विषय है। उन्नत तकनीक का दौर है। गांव-गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है। टोलब्रिज पर फास्टटैग से भुगतान और वाहन के सारे डिटेल्स सर्वर को चंद सेकेंड में मिल जाते हैं। अब असंभव भी नहीं कि हर शहर, कस्बे, सड़क, राजमार्ग पर इसी तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई संचालित हाई रिजॉल्यूशन स्पीड ट्रैप कैमरे, सेंसर व जरूरी उपकरण लगें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वक्त-बेवक्त ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी हो। सारा कुछ जिम्मेदार विभाग या शहर, नगर, कस्बे, पंचायत व स्थानीय पुलिस थानों में बड़े स्क्रीनों पर देखा जा सके। पुलिस को बजाए सड़कों पर खड़ा करने नियंत्रण कक्ष से ही सारी गतिविधियां ऑन कैमरा परखी और जांची जाएं। एआई तकनीक का ऑटोमैटिक अलार्म सिस्टम भी संदिग्ध, ओवर स्पीडिंग, बिना नंबर, बिना हेलमेट, या बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन निष्पक्षता व पारदर्शिता से ट्रैप कर पलक झपकते चाहे शहर हों या राजमार्ग, सारी सूचनाएं सर्वर, करीबी गश्ती दल, थाने या नाके तक पहुंचाएं। जरा सी भी आशंका पर अगले ठिकाने में संदिग्ध या कानून तोड़ता वाहन भी डिजिटल प्रमाणों के चलते जद में होगा। ऐसी निगरानी का भरपूर प्रचार हो ताकि सड़कों पर सबको पता हो कि वो तकनीक के जद में है। महानगरों की तर्ज पर ऐसे संसाधनों का इस्तेमाल एक बार के निवेश जैसा है जिसे थोड़े से बजट से हर महीने मेन्टेन या अपडेट किया जा सकेगा। लगता नहीं कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का दौर है। नियंत्रण कक्षों में उन्नत यंत्रों से आ रही सूचनाओं को देखना, जांचना और कार्रवाई संबंधी प्रणाली विकसित करना चाहिए ताकि कोई भी बेखौफ, रसूखदार, नशेड़ी, अपराधी एआई की निगाह से न बच पाए। रिकॉर्ड का नियमित उच्च स्तरीय ऑडिट, जांच-परख भी हो ताकि भेदभाव की गुंजाइश न रहे। यकीनन संजय रूपी तीसरी आंख बिना भेदभाव काम करेगी जिसकी जद में सब होंगे तो क्या राजा, क्या रंक सबको अपनी हदों या औकात का पता होगा। लगता नहीं कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं या हिट एंड रन को रोकने के लिए यही सस्ता, प्रभावी और निष्पक्ष उपाय ही कारगर हो सकता है?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



## आपकी बात

### नाकारा व्यवस्था : कानून की धज्जियां बिखेरते नाबालिग !



मनोज कुमार अग्रवाल

**पुणे** शहर में हाल ही में एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। रात के तीन बजे दो युवा आईटी इंजीनियर अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा अपने सहकर्मियों संग कल्याणी नगर में एक भोजनालय पर भोजन करके वापस लौट रहे थे। वे सभी दोस्त मोटरसाइकिलों पर सवार थे। जब वे कल्याणी नगर जंक्शन पर पहुंचे, तो बेलगाम रफ्तार से दौड़ती आ रही लग्जरी पोर्शे कार ने उन दोनों के मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, मोटरसाइकिल गिरा और कार ने दोनों को कुचल डाला, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जब आरोपित कथित नाबालिग कार चालक को पकड़ कर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया तो उसे मात्र 15 घंटे में यह कहकर जमानत दे दी गई कि वह सड़क हादसों पर 300 शब्दों का निबंध लिखे। यह जुनाइल जस्टिस बोर्ड कौन सा फैसला है जिसके बारे में आम आदमी चीत्कार उठा है। क्या नाबालिग को कोई भी अपराध करने की छूट है हमे याद आ रहा है निर्भया कांड का वह शैतान दरिंदा जिसे जेजेबी ने उस बेहद बर्बरता हैवानियत के आरोपी को किशोर सुधार गृह में रखने के बाद सिलाई मशीन गिफ्ट के साथ रिहा कर दिया था जबकि इस नाबालिग का निर्भया के साथ दरिंदगी बर्बरता में सबसे बर्बर रोल था और इस कांड के दूसरे आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। क्या दो युवाओं की जिंदगी छीन लेने की सजा मात्र दो पन्नों का निबंध है? पुणे की यह घटना कथित एलीट सोसाइटी के बिगड़ैल रईसजादों के उत्श्रृंखल हो कर मनमानी करते हुए कानून को तोड़ने और उनके सामने बेबस कानून के अंधा कानून साबित होने का जीता-जागता उदाहरण है। आरोपित को इसलिए कुछ ही घंटों में जमानत दे दी गई, क्योंकि वह 17 साल का 'नाबालिग' है। वह पुणे के एक बड़े बिल्डर का बेटा है और 2 करोड़ रुपये की पोर्शे कार दौड़ा रहा था। इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर नहीं था क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिए गए थे। यहां तक कि गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। वह कितना नाबालिग था, इसी से समझा जा सकता है कि इन दो युवाओं को कुचलने से ठीक पहले वह पब में शराब पार्टी करके आया था। आरोपी का एक वीडियो सामने आया, वीडियो में आरोपी दोस्तों के साथ शराब पीता हुआ दिख रहा था। पुलिस की मानें तो आरोपी नाबालिग ने हादसे से पहले कई पबों में पार्टी की थी। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

जल ही जीवन है

# जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने



ललित गर्ग

**देश** के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है।

> **जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

swami.vivekananda_th...
shiivarpan · Original audio
Subscribe




2,034 likes
swami.vivekananda_thoughts Day 22/365 Challenge... more
View all 6 comments

## X - से

RJ ARVIND
@arvindparatap

नगर पंचायत छतरपुर में लूट का तांडव मचा है, अधिकारीयों और बिचौलियों की मदद से करोड़ों रुपए की राशि पानी में बहाये जा रहे हैं, सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए। करोड़ों की लागत से बनाए गए नगर पंचायत में सड़कों नालियों की जांच हो। @ChampaiSoren @MithileshJMM @prdjharkhand




Post your reply


अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता



डॉ. अनिल कुमार निगम


**उत्तराखंड** में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

**अमृतसर** का इतिहास करीब 400 साल पुराना है। यहां गुरूद्वारे की नींव 1577 में चौथे सिख गुरू रामदास ने 500 बीघा में रखी थी। अमृतसर का मतलब है अमृत का टैंक। पांचवे सिख गुरू अर्जन देव जी ने इस पवित्र सरोवर व टैंक के बीच में हरमंदिर साहिब यानि स्वर्ण मंदिर का निर्माण किया और यहां सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ आदि ग्रंथ की स्थापना की। श्री हरमंदिर साहिब परिसर अकाल तख्त का भी घर माना जाता है। एक और संस्करण में बताया गया है कि सम्राट अखबर ने गुरू रामदास की पत्नी को भूमि दान की थी, फिर 1581 में गुरू अर्जुनदास ने इसका निर्माण शुरू कराया। निर्माण के दौरान ये सरोवर सूखा और खाली रखा गया था। हरमंदिर साहिब के पहले संस्करण को पूरा करने में पूरे 8 साल का समय लगा। ये मंदिर 1604




में पूरी तरह बनकर तैयार हुआ था। हालांकि कई बार स्वर्ण मंदिर को नष्ट किया गया, लेकिन 17वीं शताब्दी में महाराज सरदार जस्सा सिंह अहलुवालिया द्वारा इसे फिर से बनवाया गया था। मार्बल से बने इस मंदिर की दीवारों पर सोने की पत्तियों से नक्काशी की गई है, जो देखने में बहुत ही सुंदर लगती हैं।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# IRCTC के मास्टर लिस्ट फीचर का उपयोग कर

**पेमेंट करें :** जब यात्रा की जानकारी भर दी जाएगी, तो यात्री को टिकट की फीस का भुगतान करना होगा। इसके बाद, टिकट बुक हो जाएगा। यह नया तत्काल टिकट बुकिंग फीचर IRCTC के सभी यात्रियों को लाभ पहुंचाएगा। अब यात्रा को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि टिकट की बुकिंग को लेकर अब




तत्काल में ही समाधान है। इस नए फीचर के लॉन्च होने के साथ ही, यात्रियों की तकनीकी सुविधाएँ भी बढ़ गई हैं। अब यात्री अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से भी तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं। यह फीचर खासकर वे यात्री लिए बड़ी राहत हैं, जो जल्दी में होते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाते हैं। यह नया तत्काल टिकट बुकिंग फीचर IRCTC के प्रयासों का एक और उदाहरण है, जो यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए लाया गया है। इससे न केवल यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना को सम्पन्न करने में मदद मिलेगी, बल्कि भारतीय रेलवे के सुविधाएँ भी मोबाइल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने का एक और कदम होगा।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मुसलमानों की 77 जातियों को रातों रात ओबीसी बना दिया : प्रधानमंत्री

- इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी
- बंगाल की सीएम ममता सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने से इनकार कर रही हैं
- वोट बैंक के आगे इंडी गठबंधन के लिए अदालत और संविधान कोई मायने नहीं रखता



**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इन्होंने मुसलमानों की 77 जातियों को ओबीसी बना दिया। इन्हें हर जगह मलाई मिल रही थी। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "इंडी गठबंधन की साजिश का ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल में सामने आया है। 2 दिन पहले ही वहां कलकत्ता हाई कोर्ट ने वहां 77 मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। मुसलमानों की 77 जातियों को इंडी गठबंधन वालों ने रातों-रात ओबीसी बना दिया था और ओबीसी का हक उनको दे दिया था। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया। इन 77 मुस्लिम जातियों को नौकरी, पढ़ाई में हर जगह मलाई मिल रही थी। ऐसा करके इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी। अब कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद इंडी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री तो सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने से भी इनकार कर रही हैं। इनके लिए संविधान और अदालतें कोई मायने नहीं रखती। इनका सबसे सगा अगर कोई है, तो वो इनका वोट बैंक है।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी।

पीएम मोदी ने कहा अब भारत दुनिया के सामने भीख नहीं मागेंगा। भारत अपनी लड़ाई लड़ेगा। और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। आज देखिए पाकिस्तान की क्या हालत हो गई है। कांग्रेस, मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को 'भारत माता की जय' कहने से दिक्कत है, कांग्रेस को 'वंदे मातरम' कहने से दिक्कत है। पीएम मोदी ने आगे कहा, यही कांग्रेस है जिसने भारत के सीमावर्ती इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था। जब बॉर्डर स्टेट में सड़क बनाने की बात आती थी तो कांग्रेस के हाथ-पांव फूल जाते थे। कांग्रेस डर जाती थी कि अगर सड़क बनाई तो उसी सड़क से दुश्मन भीतर आ जाएगा। ऐसी डरपोक सोच मोदी के मिजाज के साथ मेल नहीं खाती। आज बॉर्डर किनारे सैकड़ों किलोमीटर नई सड़कें बनी। आज बॉर्डर किनारे रहने वाले फौजियों का जीवन आसान हुआ है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होगा दूरदर्शन, देश के किसानों को बड़ा तोहफा

- दूरर्दशन किसान 26 मई को दो एआई एंकर को करेगा लॉन्च
- दोनों देश-विदेश की 50 भाषाओं में बातचीत करने में सक्षम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दूरदर्शन 26 मई को एक और उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। नौ साल की अपार सफलता के बाद डीडी किसान 26 मई को नए रंग-रूप और नए अंदाज में देश के किसानों के बीच आ रहा है। यह जानकारी आज केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में दी गई है। यह बदलाव देश के किसानों को सबसे बड़ा तोहफा होगा। पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस युग में यह देश का पहला सरकारी टीवी चैनल बनने जा रहा है जहां एआई एंकर पर सभी की निगाहें रहेंगी। दूरदर्शन किसान दो एआई एंकर एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने जा रहा है। दोनों न्यूज एंकर एक कंप्यूटर हैं, जो हूबहू इंसान की तरह ही हैं और इंसानों की तरह ही काम कर सकते/सकती हैं। यह एंकर बिना रुके या फिर बिना थके 24 घंटे और 365 दिन न्यूज पढ़ सकते हैं। किसान दर्शक इन्हें कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के सभी राज्यों में देख पाएंगे। ये एआई एंकर देश-विदेश में हो रहे कृषि अनुसंधान, अनाज मंडियों में हो रही उठापटक या फिर मौसम की फेरबदल, हर आवश्यक जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे।

### डीडी किसान का मुख्य मकसद

- डीडी किसान देश का एक मात्र टीवी चैनल है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने किसानों के लिए की गई। इस चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को की गई थी।
- डीडी किसान चैनल की स्थापना का उद्देश्य था कि वह हमेशा सजग रहते हुए मौसम, वैश्विक बाजारों इत्यादि में होने वाले बदलावों से किसानों को अवगत कराता रहे, ताकि किसान पहले से ही उपयुक्त योजनाएं बना सकें और समय पर सही निर्णय ले सकें। डीडी किसान चैनल 9 साल से इन मापदंडों पर खरा उतर रहा है।
- डीडी किसान चैनल प्रगतिशील किसानों के प्रयासों को सभी लोगों के सामने लाने का काम भी कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश में कृषि और ग्रामीण समुदाय की सेवा करना तथा उन्हें शिक्षित कर समग्र विकास का वातावरण बनाने की दिशा में काम करना है।
- डीडी किसान चैनल कृषि की त्रिआयामी अवधारणा जिसमें संतुलित खेती, पशुपालन और वृक्षारोपण शामिल हैं, को मजबूत कर रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### हनी ट्रैप में फंसा कर हुई थी बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या



**कोलकाता।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या मामले की सीआईडी जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही हैं। अब पश्चिम बंगाल सीआईडी ने हत्या के पीछे हनी ट्रैप की आशंका जताई है। सीआईडी का दावा है कि हत्या से पहले बांग्लादेश के सांसद को हुश्न के जाल में फंसा कर बुलाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतारा गया। हालांकि, इससे पहले सीआईडी ने सांसद की हत्या के पीछे दोस्त का हाथ बताया था। सीआईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अनार को मारने के लिए दोस्त ने पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। गुरुवार शाम पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उससे रात भर पूछताछ हुई है। शुक्रवार को सीआईडी सूत्रों ने बताया है कि सांसद को एक महिला न्यू टाउन के एक फ्लैट में प्रलोभन देकर ले गई, जिसके बाद भाड़े के बदमाशों द्वारा उनकी हत्या की गई होगी। हिरासत में लिये गए व्यक्ति ने हत्या के मुख्य आरोपितों में से एक से मुलाकात की थी। यह व्यक्ति बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पश्चिम बंगाल के एक इलाके का निवासी है। पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिये गए व्यक्ति की पहचान बताए बिना कहा कि जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह व्यक्ति सांसद से क्यों मिला और उन्होंने क्या चर्चा की थी।

### यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमलों में 7 की मौत, 21 घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर गुरुवार तड़के एस-300 मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने रूस के हमले की पुष्टि की। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इस रूसी हमले को 'बेहद क्रूर' बताते हुए पश्चिमी देशों से पर्याप्त एयर डोम (वायु रक्षा प्रणाली) न मिलने पर फिर से निराशा व्यक्त की। मालूम हो कि रूसी सेना ने हाल ही में व्यापक अभियान के तहत खार्किव के कई गांवों को आपने कब्जे में ले लिया है।

### नेपाल में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट मिला, केपी 1 व केपी 2 की पुष्टि

**काठमांडू।** नेपाल में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट मिला है। कई मरीजों की जांच के बाद वायरस के नए वेरिएंट केपी 1 और केपी 2 की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला के प्रमुख डॉ. शेरबहादुर पुन ने बताया कि कोरोना रोगियों के रैंडम सैम्पलिंग की जांच करने 40 प्रतिशत लोगों में केपी 1 और केपी 2 वेरिएंट होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा कि नेपाल में पहली बार मिला कोरोना वायरस का नया वेरिएंट कोरोना के ओमिक्रोन का ही सब वेरिएंट है। यह वेरिएंट अभी सिंगापुर, अमेरिका, यूरोप और कई अफ्रीकी देशों में देखने को मिला है।

### ठाणे केमिकल फैक्ट्री विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** मुंबई में ठाणे के डोंबिवली स्थित अमुदान केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मलबे से तीन और शव निकाले गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को घटी इस घटना के बाद डोंबिवली और आसपास के लगभग 4 किमी के क्षेत्र में जले हुए केमिकल की तेज दुर्गंध और सड़कों, दुकानों और घरों पर धुएं की परत दिखाई दी। अधिकतर लोगों ने दुर्गंध से बचने के लिए मास्क का सहारा लिया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड ने बचाव अभियान के तहत मलबे से तीन और शव निकाले। 64 लोग घायल हुए हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरुवार रात आग को बुझा दिया गया।

### अभिनेत्री लैला खान व परिवार के कत्ल में दोषी को मौत की सजा



**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री लैला खान और उनके परिवार के पांच अन्य लोगों की हत्या मामले में शुक्रवार को मुंबई की सत्र अदालत ने दोषी परवेज टाक को फांसी की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने नौ मई को परवेज टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने का दोषी करार किया था। अभिनेत्री लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी, 2011 में नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी। परवेज टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था।

### पाक के पंजाब प्रांत में एक रोटी की सरकारी कीमत 14 रुपये

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने रोटी की नई कीमत तय की है। इस बारे में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी पाकिस्तान के चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के अनुसार पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने गुरुवार को रोटी (नान) की कीमत में कटौती करते हुए पूरे प्रांत में इसकी कीमत 14 रुपये तय की है। मरियम नवाज ने एक्स हैंडल पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि देशभर में आटे के दाम में आई कमी का लाभ लोगों को मिलना चाहिए। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि नान बाई एसोसिएशन की सहमति के अनुसार रोटी की नई कीमत सभी तंदूरों पर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 2-5-7
बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषभ** — शुभांक 2-3-5
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** — शुभांक 2-3-8
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क** — शुभांक 2-5-8
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह** — शुभांक 4-8-9
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या** — शुभांक 2-8-9
अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला** — शुभांक 5-7-9
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — शुभांक 1-2-7
दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे।

**धनु** — शुभांक 1-4-8
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर** — शुभांक 5-6-8
प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ** — शुभांक 5-7-8
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन** — शुभांक 3-5-7
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

### आजम, तंजीम फातिमा और अब्दुल्ला को हाईकोर्ट से राहत, तीनों को मिली जमानत

**प्रयागराज।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान और उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दे दी है। इसके साथ ही आजम खान की सजा पर रोक भी लगाई है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आजम खान, तंजीम और अब्दुल्ला आजम की जमानत मंजूर कर ली है और आजम खान की सजा का आदेश स्थगित कर दिया है। यह फैसला आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 14 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने भी मामले में बहस की थी।

## छग : नारायणपुर मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर हथियार, टिफिन बम व बीजीएल सेल बरामद

**एजेंसी। नारायणपुर**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया के जंगल में अब तक आठ नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। पुलिस ने शुक्रवार को सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की है। इंद्रावती एरिया कमेटी के डीवीसीएम दीपक कमलाकर, सपनक्का, प्लाटून नंबर 16 मल्लेश, रणिता, मधु की उपस्थिति की सटीक सूचना पर गुरुवार को पहली बार जवान नक्सल विरोधी अभियान पर यहां तक पहुंचे थे। नदी नालों की चुनौतियों को देखते हुए इस अभियान का नाम जलशक्ति दिया गया था। यहां नक्सलियों के लड़ाकू बटालियन प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अबतक 08 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जवानों ने मुठभेड़ के बाद माड़ इलाके में नक्सलियों द्वारा चलाये जा रहे एक अस्थायी कैंप को भी ध्वस्त किया है। मौके पर बड़ी संख्या में नक्सलियों के चप्पल और जूते भी मिले हैं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण से संबंधित सामान भी पुलिस ने बरामद किये हैं। कुल आठ नक्सलियों के शव के साथ एक थ्री नॉट थ्री, 315 बोर 02 नग, एक बारह बोर, चार भरमार के साथ ही टिफिन बम, वर्दी, जिंदा कुकर बम, पिट्ठू, दवाइयां, मल्टीमीटर, बीजीएल सेल आदि बरामद किये हैं। रेकावाया के जंगल में हुई मुठभेड़ में सात नक्सलियों को ढेर करने के बाद जवान पूरी रात जंगल में ही रहे। शुक्रवार सुबह फाइनल सर्चिंग के बाद आज शुक्रवार को जब जवानों की टीम वापस मुख्यालय लौट रही थी, इसी दौरान रास्ते में एक बार फिर से नक्सलियों ने जवानों को घेरने का प्रयास किया और उन पर फायरिंग खोल दिया। आज सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक और नक्सली को ढेर कर दिया है। इस तरह मारे गये सभी आठ नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि कई नक्सलियों को गोली लगने से घायल भी हुए हैं। वापसी के दौरान जवानों ने 15 किलो का टिफिन बम भी बरामद किया।

## एफटीआईआई के छात्र ने 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में 'ला सिनेफ' पुरस्कार जीता

**सनफ्लावर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो और उनकी टीम चमकी, एक बुजुर्ग महिला के मुर्गा चुराने पर है कहानी**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की कोर्स के अंत में बनाई गई फिल्म सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो को फ्रांस में 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए ला सिनेफ पुरस्कार मिला है।

विजेता की आधिकारिक घोषणा 23 मई, 2024 को महोत्सव में की गई जहां छात्र निदेशक चिदानंद नाइक ने पुरस्कार प्राप्त किया। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने, फिल्मांकन सूरज ठाकुर ने किया है, संपादन मनोज वी ने और ध्वनि अभिषेक कदम ने दी है। यह भारतीय सिनेमा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। भारतीय फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रशंसा मिल रही है, विशेष रूप से एफटीआईआई ने पिछले कुछ वर्षों में कान्स महोत्सव में अपने छात्रों की फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। एफटीआईआई छात्रों की एक और फिल्म 'कैटडॉग' के 73वें कान्स में पुरस्कार जीतने के चार साल बाद मौजूदा मान्यता मिली है। 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में भारत से कई प्रविष्टियां देखी गईं। एफटीआईआई के कई पूर्व छात्र जैसे पायल कपाड़िया, मैसम अली, संतोष सिवन, चिदानंद एस नाइक और उनकी टीम को इस साल के कान्स में पहचान मिली। सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो एक बुजुर्ग महिला की कहानी है जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए, एक भविष्यवाणी की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है। यह एफटीआईआई फिल्म टीवी विंग के एक साल के कार्यक्रम का निर्माण है जहां विभिन्न विषयों यानी निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक सिनेमैटोग्राफी, संपादन, ध्वनि के चार छात्रों ने साल के अंत में समन्वित अभ्यास के रूप में एक परियोजना के लिए एक साथ काम किया। यह पहली बार है कि एफटीआईआई के 1-वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया और जीत गया।

2022 में एफटीआईआई में शामिल होने से पहले, चिदानंद एस नाइक को 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 75 क्रिएटिव माइंड्स में से एक के रूप में भी चुना गया था, जो सिनेमा के क्षेत्र में उभरते युवा कलाकारों को पहचानने और सहयोग करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक पहल थी।

## एनडीए : 146 वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा

# सेना प्रमुख का नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर

- जनरल मनोज पांडे ने एनडीए के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की
- सीओएएस ने कैडेटों से सेवा में एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया



### सेना में अपने बच्चों को भेजने वालों को नमन

उन्होंने देश सेवा के लिए सेना में अपने बच्चों को भेजने वाले माता-पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कैडेटों को सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। पासिंग आउट परेड के बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के हट ऑफ रिमेंबरेंस में सेना प्रमुख ने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी, जिनके नाम पवित्र परिसर में अंकित हैं। इस पवित्र स्मारक की दीवारें पिछले 75 वर्षों में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्रों के अदम्य साहस, वीरता और असंख्य बलिदानों की गाथा बयां करती हैं।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर देते हुए सशस्त्र बलों में शामिल जवानों से एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने पासिंग आउट कोर्स के गौरवान्वित माता-पिता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने अपने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भेजा। सेना प्रमुख आज खेत्रपाल परेड ग्राउंड, एनडीए, खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। परेड में कुल 1265 कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें से 337 कैडेट पासिंग आउट कोर्स से थे। इसमें 199 सेना कैडेट, 38 नौसेना कैडेट और 100 वायु सेना कैडेट शामिल थे, जिनमें भूटान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव जैसे मित्र देशों के 19 कैडेट थे। इसके अलावा 24 महिला कैडेटों के एक दल ने भी परेड में भाग लिया, जो अपने तीसरे और चौथे प्रशिक्षण सत्र में हैं। सैन्य नेतृत्व के उद्गम स्थल के रूप में जाना जाने वाला एनडीए देश का प्रमुख संयुक्त सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। जून, 2021 में 146वें कोर्स को शामिल किया गया और तीन साल के कठोर सैन्य प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद कैडेट उत्तीर्ण हुए। कैडेट अब अपने-अपने प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण अकादमिक में शामिल होंगे। परेड की समीक्षा करते हुए थल सेनाध्यक्ष ने पासिंग आउट कोर्स के कैडेटों, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।







# कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिये भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के



लिये टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा, ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं। इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है।' बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा। इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी। भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय

- **गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ
- **डिफेंडर :** अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर , निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस
- **मिडफील्डर :** अनिरुद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह
- **फॉरवर्ड :** डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

फुटबॉल से अलविदा कह देंगे जिन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किए हैं। यह उनका 151वां मैच होगा।

# मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु



**एजेंसी। कुआलालम्पुर**

डबल ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सिंधु ने शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान यू को शिकस्त दी। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने 55 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हान को 21-13, 14-21, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु अब अंतिम चार चरण में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वदार्नी और थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। अन्य परिणामों में, अश्मिता चालिहा का शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी मैन से 10-21, 15-21 से हार के साथ समाप्त हुआ।

## धोनी की एफबी पोस्ट ने खींचा ध्यान, लिखा.....
## मैं अपनी टीम शुरू कर रहा हूं...



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स इस साल प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई। यह आईपीएल इतिहास में सिर्फ तीसरा ही मौका है जब चेन्नई की टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई। क्रिकेट एक्सपर्ट मान रहे थे कि यह सीजन धोनी का आईपीएल हो सकता है लेकिन धोनी ने अभी तक इसपर अपनी चुप्पी साधी हुई है। अहम मुकाबले में आरसीबी से हारने के बाद अगले ही दिन धोनी रांची के लिए रवाना हो गए थे। उन्होंने न तो कोई इंटरव्यू दिया और न ही अपने आगामी करियर संबंधी कोई स्पष्टीकरण दिया। फिलहाल धोनी एक बार फिर से चर्चा में है। चर्चा में लाई है उनकी एफबी पोस्ट जिसमें उन्होंने नई टीम शुरू करने की घोषणा की है। धोनी की पोस्ट देखकर क्रिकेट फैंस रोमांचित और हैरान है कि क्या धोनी आईपीएल में अपनी टीम लेकर आ रहे हैं। इस संबंधी सोशल मीडिया पर चचाओं का दौर जारी है।

## भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में

**येचियोन।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 में कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया।



ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने बुधवार को फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए पहले ही एक पदक पक्का कर लिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे की नजर भी व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम, जो विश्व रैंकिंग में नंबर 2 पर है, ने 16 तीरों से केवल दो अंक गंवाए और मेजबान देश की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को कड़े सेमीफाइनल में 158-157 से हरा दिया।

## टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने किया कमेंट्री पैनल का ऐलान

**नई दिल्ली ।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 1 जून से लेकर लेकर 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले इस मेगा-इवेंट के लिए आईसीसी ने कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है, जिसमें दिनेश कार्तिक को भी शामिल किया गया है। रिकी पोंटिंग, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम टूनामेंट के दौरान प्रमुख कमेंटेटर होंगे। क्रिकेट जगत की कुछ प्रतिष्ठित आवाजों के साथ-साथ अमेरिकी कमेंटेटर जेम्स ओ'ब्रायन भी होंगे, जिन्हें जोम्बॉय के नाम से जाना जाता है। विश्व कप में यह उनका पहला मौका होगा जहां वो अमेरिकी दर्शकों को संबोधित करेंगे। आधुनिक खेल की अच्छी समझ रखने वाले दिनेश कार्तिक, कार्लोस ब्रेथवेट, स्टीव स्मिथ, फिंच और लिसा स्टालेकर जैसे पूर्व पुरुष और महिला टी20 विश्व कप चैंपियन शामिल होंगे। दिनेश कार्तिक ने आईसीसी से कहा, ₹यह टूर्नामेंट कई मायनों में अलग होगा, जो इसे और भी रोमांचक बनाता है। 20 टीमें, 55 मैचों और कुछ नए स्थानों के साथ, यह एक रोमांचक आयोजन है। मैं इसमें शामिल होने के लिए इंतजार नहीं



कर सकता। इतनी बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा बनना शानदार एहसास है और जिन खिलाड़ियों के साथ मैंने हाल ही में खेला है उन पर कमेंट्री करना इसे और भी दिलचस्प बनाता है।₹ दिनेश कार्तिक के अलावा कमेंट्री पैनल में भारत के हर्षा भोगले, रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर को भी जगह मिली है। भारतीय फैंस को इस बार टीम इंडिया से काफी उम्मीदें होंगी। पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार ने करोड़ों भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2007 की जीत के बाद एक और टी20 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम करना चाहेगी। इस सफर की शुरूआत टीम इंडिया 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगी। फिर 9, 12 और 14 जून को भारत का मुकाबला पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से होगा।

## भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम स्थानीय डच क्लब से हारी

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 4-5 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित (18वां मिनट), सौरभ आनंद कुशवाह (24वां मिनट), अंकित पाल (32वां मिनट) और अर्शदीप सिंह (58वां मिनट) ने भारत के लिये गोल दागे।

## अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर, बांग्लादेश को लगातार दो बार हराकर जीती अपनी पहली टी-20 सीरीज

**एजेंसी। स्टन**


अमेरिका ने बांग्लादेश को दूसरे टी-20 मैच में 6 रनों से हराकर अपनी पहली ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती। प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में, मेजबान टीम ने जीत हासिल की और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। एक अच्छी सतह पर 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश के बल्लेबाजों को प्रवाह और लय के लिए संघर्ष करना पड़ा और अंततः अनुशासित गेंदबाजी



के सामने उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। गुरुवार को खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्टीवन टेलर और कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक ने यूएसए को सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 44 रन जोड़े, हालांकि इसके बाद रिशाद हुसैन ने दो लगातार गेंदों पर टेलर और एंड्रीस गाउस को आउट कर बांग्लादेश को दोहरी सफलता दिलाई। टेलर ने 28 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 31 रन बनाए, जबकि गाउस खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद मोनांक और आरोन जोंस ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। 104 के कुल स्कोर पर जोंस को मुस्तफिजुर रहमान ने आउट कर बांग्लादेश को तीसरी सफलता दिलाई।

## न्यूज बॉक्स

### जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच



**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को यहां डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 77 मिनट में जीता। दुनिया के 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर, 28-सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप के रूप में कार्य करता है। शुक्रवार को सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6(2) से हराया। गुरुवार के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेनो को 6-4, 6-4 से हराया।

### एफआईएच प्रो लीग 2023/24 : बेल्जियम ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-1 से हराया

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे मैच में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार गई। भारत के लिए अभिषेक (55') ने एकमात्र गोल किया, जबकि बेल्जियम के लिए फेलिक्स डेनेयर (22'), अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34', 60') और सेड्रिक चार्लियर (49') ने स्कोर किये। मैच की शुरूआत में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, खासकर बेल्जियम अधिक खतरनाक दिख रहा था, हालाँकि, भारतीय रक्षात्मक इकाई ने भी अच्छी तरह से दबाव का सामना किया औप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरूआत की। दूसरे क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत के शॉट को बेल्जियम के गोलकीपर ने रोक दिया। हालांकि, मैच के 22वें मिनट में फेलिक्स डेनेयर ने गोल कर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर कर बेल्जियम की टीम 1-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के 34वें मिनट में बेल्जियम को पेनल्टी कॉर्नर मिला और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 49वें मिनट में सेड्रिक चार्लियर के शानदार फील्ड गोल से बेल्जियम ने अपनी बढ़त 3-0 कर दी।

### कार्तिक ने मेरा तब मनोबल बढ़ाया जब मैं जूझ रहा था : विराट कोहली

**बेंगलुरु ।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे। कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने आरसीबी द्वारा पोस्ट किये वीडियो में कहा, ह्यमैदान के बाहर मेरी उनसे काफी अच्छी और दिलचस्प बातें हुई हैं। वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है।' लगभग 11 मिनट के इस वीडियो में कार्तिक पत्नी दीपिका पल्लीकल कार्तिक, उनके व्यक्तिगत मेंटोर अभिषेक नायर, आरसीबी के सहायक कोच मालोलान रंगराजन और फिटनेस कोच शंकर बासु के विदाई संदेश हैं। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गयी थी। कोहली ने कहा, ह्यमैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था।'



# हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग इंडिया कंपनियां हो सकती हैं ब्लैक लिस्टेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वालीं 3 पॉपुलर कंपनियों के ऊपर गाज गिराने की तैयारी चल रही है। जी हां, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग इंडिया को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लेकर काली सूची में डाला जा सकता है। ये कंपनियां सरकार की प्रमुख फेम-दो स्कीम के तहत गलत तरीके से दावे वाले लाभ को वापस करने में विफल रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। भारी उद्योग मंत्रालय को योजना के तहत पंजीकृत विभिन्न मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) से 2022 में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से मैन्युफैक्चरिंग और अपनाने की योजना (फेम-2) के गाइडलाइंस के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें मिली थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि कंपनियां स्थानीय स्तर पर सामान खरीदने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करके वाहनों के कलपुर्जे बड़े पैमाने पर आयात कर इलेक्ट्रिक वाहन बेचने में लगी हैं।

### इन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया




**हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया ने प्रोत्साहन वापस नहीं किया और परिणामस्वरूप उन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया**

**सब्सिडी राशि लौटने वाली कंपनियां**
**सब्सिडी राशि लौटा दी एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स ने कुछ महीनों में ब्याज समेत सब्सिडी राशि लौटा दी**

मंत्रालय ने 13 कंपनियों की जांच की। इनमें से 6 को फेम-2 मानदंडों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। ये कंपनियां हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नॉलजी, एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स हैं। इन कंपनियों में से एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स ने कुछ महीनों में ब्याज समेत सब्सिडी राशि लौटा दी। इन कंपनियों को सरकार ने आरोपों से मुक्त कर दिया। हालांकि, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया ने प्रोत्साहन वापस नहीं किया और परिणामस्वरूप उन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया।

एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया को योजना से हटा दिया गया है। उसके बाद, अगला कदम मंत्रालय की सभी योजनाओं से उन्हें वंचित करना है। हीरो इलेक्ट्रिक और बेनलिंग इंडिया के लिए यह कदम उठाया गया है। ओकिनावा इस समय अदालत में है, इसलिए उनके खिलाफ कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि अगला कदम भारत सरकार के तहत सभी योजनाओं को लेकर उन्हें ब्लैक लिस्ट में डालना है। यह अबतक नहीं हुआ है, क्योंकि यह एक विभिन्न चरणों वाली प्रक्रिया है। वित्त मंत्रालय किसी कंपनी को सभी मंत्रालयों की योजनाओं/नीतियों से वंचित करने की मंजूरी देता है।

## केंद्र ने 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा, पिछले साल से ज्यादा हुई खरीदारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच अच्छी खबर है। गेहूं की खरीदारी पिछले साल से आगे निकल गई है। केंद्र सरकार ने गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2024-25 में 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा है। इससे पिछले विपणन वर्ष में कुल खरीद 262.02 लाख टन रही थी। मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा में गेहूं की अच्छी खरीद से कुल खरीदारी को बढ़ावा मिला है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय भंडारण के लिए 262.48 लाख टन रबी मौसम का अनाज गेहूं खरीदा जा चुका है। इससे 59,715 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के साथ 22.31 लाख किसानों को लाभ हुआ है। गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान पंजाब में 124.26 लाख टन, हरियाणा में 71.49 लाख टन, मध्य प्रदेश में 47.78 लाख टन, राजस्थान में 9.66 लाख टन और उत्तर प्रदेश में 9.07 लाख टन गेहूं की खरीद की गई है।

## सोनी पिक्चर्स के सीईओ एनपी सिंह ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पॉपुलर एंटरटेनमेंट कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनपी सिंह ने 25 वर्ष के कार्यकाल के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, जब तक कंपनी को कोई नया एमडी और सीईओ नहीं मिल जाता, तब तक वे पदभार संभालेंगे। एनपी सिंह ने शुक्रवार को कंपनी स्टाफ को भेजे ई-मेल में कहा कि आज मेरे पास शेयर करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया में 25 वर्ष के कार्यकाल समेत अपने करियर के 44 साल के कार्यकाल के बाद एमडी और सीईओ के रूप में अपनी भूमिका से हटने का फैसला किया है। हालांकि, वे नए उत्तराधिकारी मिलने तक कंपनी के साथ अपनी वर्तमान भूमिका में बने रहेंगे। एनपी सिंह 1999 से एसपीएनआई के साथ कार्यरत हैं। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के निवर्तमान सीईओ एनपी सिंह कंपनी के चीफ फाइनेंस ऑफिसर के रूप में शामिल हुए थे। इसके बाद कंपनी ने उन्हें एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया था।

# जानलेवा हो सकता है कार में आफ्टर मार्केट सीएनजी किट लगवाना

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण कंप्रेस्ड नेचुरल गैस कारों की भारत में डिमांड काफी तेजी से बढ़ गई है। सीएनजी कारें न केवल पेट्रोल और डीजल की तुलना में काफी सस्ता हैं, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी कम हानिकारक है। साथ ही सीएनजी कारों की माइलेज भी पेट्रोल और डीजल कारों के मुकाबले ज्यादा है, ऐसे में आजकल सीएनजी कारें खूब बिक रही हैं। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई समेत और भी कंपनियों की सीएनजी कारें हैं, जो फैक्ट्री फिटेड होती हैं। लेकिन काफी संख्या में लोग आफ्टरमार्केट सीएनजी किट भी लगवाते हैं, जिनके क्या फायदे और नुकसान हैं, आइए आपको बताते हैं।

### आफ्टर मार्केट सीएनजी किट के नुकसान

आफ्टर मार्केट सीएनजी किट लगवाने में 40,000 रुपये से 1 लाख रुपये तक का खर्च आ सकता है। सीएनजी टैंक कार के बूट स्पेस में जगह घेरता है, जिससे सामान रखने की जगह कम हो जाती है। सीएनजी किट अगर नॉन-सर्टिफाइड या गलत तरीके से लगता है तो यह सुरक्षा खतरा पैदा कर सकती है। कुछ मामलों में आफ्टरमार्केट सीएनजी किट लगाने से कार का परफॉर्मेंस भी थोड़ा कम हो सकता है।

### आफ्टर मार्केट सीएनजी किट के फायदे

सीएनजी पेट्रोल और डीजल की तुलना में सस्ता है। सीएनजी किट लगवाने से आपके फ्यूल खर्च में 50 से 70 फीसदी तक की कमी आ सकती है। सीएनजी पेट्रोल और डीजल की तुलना में कम प्रदूषण पैदा करता है। यह हवा में ग्रीनहाउस गैसों और जहरीले उत्सर्जन को कम करता है। कुछ राज्यों में सीएनजी कारों पर टैक्स छूट भी दी जाती है। वहीं, सीएनजी से चलने वालीं कारें पेट्रोल और डीजल की तुलना में ज्यादा माइलेज देती हैं।

### आफ्टरमार्केट सीएनजी किट लगवाना सही या गलत?

आपके लिए आफ्टर मार्केट सीएनजी किट फायदेमंद है या नहीं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि आप कितनी बार गाड़ी चलाते हैं, आप दिन भर में कितनी दूरी तय करते हैं और आपका बजट क्या है? आप अगर हर दिन लंबी दूरी कार से तय करते हैं और पैसे बचाना चाहते हैं तो सीएनजी किट लगवाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। हालांकि, सीएनजी किट लगवाने से पहले सभी फायदे और नुकसानों पर ध्यान से विचार कर लें।



## किआ कारों की बिक्री घटी, सोनेट-सेल्टॉस के बजाय लोग खरीद रहे मारुति-टाटा और हुंडई की कारें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

किआ इंडिया के लिए हाल का महीना काफी उतार-चढ़ाव रहा है और इसकी एसयूवी-एमपीवी की बिक्री घटी है। मिडसाइज एसयूवी से सेल्टॉस कभी ग्राहकों की फेवरेट हुआ करती थी, लेकिन अब इसकी सेल्स में गिरावट देखने को मिल रही है। सोनेट को लेकर कॉम्पैक्ट एसयूवी लवर्स के बीच क्रेज बढ़ा है, लेकिन आंकड़ों में यह भी मारुति ब्रेजा, टाटा नेक्सॉन और हुंडई वेन्यू के मुकाबले कमतर है। वहीं, कैरेन्स भी अपने सेगमेंट में पिछड़ रही है। आइए, आज हम आपको बीते अप्रैल की किआ कार सेल्स रिपोर्ट के जरिये सोनेट, सेल्टॉस, कैरेन्स और ईवी6 की डिमांड के बारे में बताते हैं।

**किआ सोनेट**

किआ इंडिया की पॉपुलर सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी सोनेट को बीते अप्रैल में 7901 ग्राहकों ने खरीदा। सोनेट की बिक्री में करीब 19 फीसदी की सालाना और करीब 10 फीसदी की मासिक गिरावट आई है। किआ की कुल कार सेल में करीब 40 फीसदी मार्केट शेयर सोनेट का है।

**किआ सेल्टॉस**

किआ मोटर्स की पॉपुलर मिडसाइज एसयूवी सेल्टॉस को पिछले महीने 6734 ग्राहक मिले, जो कि सालाना रूप से करीब 7 फीसदी और मासिक रूप से करीब 15 फीसदी की गिरावट के साथ है।

**किआ कैरेन्स**

किआ की पॉपुलर 6-7 सीटर कार कैरेन्स को बीते अप्रैल में 5328 ग्राहकों ने खरीदा। कैरेन्स की बिक्री में करीब 13 फीसदी की गिरावट सालाना रूप से हुई है। वहीं, मंथली सेल में 12.48 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## एक नजर

### महंत जीतू दास नहीं रहे, औरंगा नदी तट पर किया गया अंतिम संस्कार

**लातेहार।** प्राचीन शिव मंदिर बाजारटांड के पुजारी महंत जीतू दास का निधन हो गया। महंत का अंतिम संस्कार शुक्रवार को औरंगा नदी तट पर किया गया। जीतू दास के बेटे भोला दास के अनुसार, उनके पिता की तबीयत गुरु पूर्णिमा की रात खराब हो गयी थी। आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने हार्ट अटैक होने की बात कहकर उन्हें रिम्स रेफर कर दिया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। मालूम हो कि महंत जीतू दास ने मंदिर की बाजारटांड़ की भूमि को माफिया के कब्जे से बचाने के लिए काफी संघर्ष किया था।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल, इलाज के लिए रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में हुई बाइक दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसकी पहचान गणेशपुर ग्राम निवासी नामधारी भूईया के पुत्र विकास कुमार भूईया के रूप में हुई है। घायल युवक को स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉ अमरनाथ प्रसाद ने घायल विकास कुमार भूईया की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक बालूमाथ से अपने घर गणेशपुर जा रहा था।

### ओवरटेक में ट्रेलर से भिड़ी कार, दो लोगों की मौत, तीन घायल

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना रंका थाना क्षेत्र के एनएच 343 हुरदाग गांव के पास हुई। सूरजपुर से कार में सवार लोग शादी में जा रहे थे। इसी दौरान कार की ट्रेलर से टक्कर हो गई। झारखंड के गढ़वा जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया।

### अज्ञात चोरों ने किया ऑक्सीजन सिलेंडर लोड पिकअप वाहन की चोरी

लातेहार। मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नामुदाग गांव से अज्ञात चोरों ने बीती रात ऑक्सीजन सिलेंडर लोड पिकअप वाहन का चोरी कर लिया है। वहीं चोरी की घटना के विषय में जानकारी देते हुए पिकअप वाहन के चालक संतोष नायक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी जे.एच 03 ए.एल 1469 नंबर की पिकअप वाहन को अपने घर के पास लगाकर घर में सोया हुआ था सुबह में उठकर जब देखा तो वाहन वहां पर नहीं था आसपास के लोगों से पूछने पर भी कुछ पता नहीं चला तो उसे समझ में आ गया कि वाहन की चोरी हो गई है।

# डिस्पैच सेंटर से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले नौ कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार ।** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त 9 कर्मियों को बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार ने लातेहार थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। लोक सभा चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 के तहत निम्नलिखित कर्मियों को विभिन्न कोटि के मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, विवरणी निम्नवत हैं अनुराग राजेन्द्र उरांव, टाईपिस्ट, कार्यालय वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी, लातेहार प्रथम मतदान पदाधिकारी, अनिल कुमार, सहायक अध्यापक, उ.म.वि. बारा, प्रखंड-बारियातू (तृतीय मतदान पदाधिकारी, मुनेश्वर राम नगेशिया, सहायक



*1951 की धारा 26 के तहत निम्नलिखित कर्मियों को मतदान रूप में नियुक्त किया गया था*

अध्यापक, उ. प्रा.वि. डोगाडीहपाठ, प्रखंड-महुआडांड़, तृतीय मतदान पदाधिकारी, प्रभात कुमार, सहायक अध्यापक, उ.म.वि. मान्जर, प्रखंड-लातेहार ,द्वितीय मतदान पदाधिकारी, बिरबल उरांव, सहायक अध्यापक, उ.प्रा.वि. लावागड़ा, प्रखंड-लातेहार ,तृतीय मतदान पदाधिकारी, जनेश्वर सिंह, सहायक अध्यापक, उ.म.वि. कचनपुर, प्रखंड-बरवाडीह द्वितीय मतदान पदाधिकारी, अशोक बृजिया, अनुसेवक, रा0+2 उच्च विद्यालय, नेतरहाट, प्रखंड-महुआडांड़, तृतीय मतदान पदाधिकारी, महीपत सिंह, सहायक शिक्षक, म०वि० गाड़ी, प्रखंड-बरवाडीह पीठासीन पदाधिकारी, राजेन्द्र करमाली, इ.पी. मजदूर, तेतरियाखाड़ कोयला परियोजना, बालूमाथ (तृतीय मतदान पदाधिकारी)उपरोक्त क्रमांक 01 में अंकित कर्मी को तथा क्रमांक-02 से 09 तक अंकित कर्मी को इन्डोर स्टेडियम, लातेहार के सामने पार्टी डिस्पैच हेतु बने पंडाल पर बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहकर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं आईपीसी की धारा 187 एवं 188 का उल्लंघन किया गया है। इन्होंने बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहकर चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बाधित किया है। पार्टी मिलान के दिन इनके अनुपस्थित पाये जाने के कारण पार्टी मिलान करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है एवं उनका यह कृत्य निर्वाचन कार्य को बाधित करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार के द्वारा कमांक 01 पर अंकित कर्मी से तथा कमांक-02 से 09 तक में अंकित कर्मियों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति के लिए 24 घंटे के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित करने का निदेश दिया गया था, परन्तु अभी तक किसी के द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित नहीं किया गया है, जो इनके कार्य के प्रति लापरवाही, कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता एवं उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने को परिलक्षित करता हैउपायुक्त महोदया के निदेर्शानुसार उपरोक्त कर्मियों के विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, आईपीसी की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पोस्टल बैलेट से कुल 5882 मतदाताओं ने डाले अपने वोट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लातेहार जिले में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि / समय निर्धारित किया गया था। साथ ही सुविधा केन्द्र बनाया गया था।

जिसमें एसेंशियल सेवा, मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिसझ्रसुरक्षा जवानों ने मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लातेहार जिले में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 5882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रतिशत 87.19 रहा।चौथे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 12 मई तक, पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 13 मई तक, छठे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 14 से 18 मई पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया। तथा सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 27 से 28 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। मालूम हो कि इस लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट काफी लोकप्रिय हुआ है। बुजुर्ग व अन्य लोगों ने इसका भरपूर इस्तेमाल भी किया है।

**पोस्टल बैलेट का क्या है उद्देश्य**

इस लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहे। कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहते हुए मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते है वें अब इस प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## गर्मी से बढ़ा डायरिया का प्रकोप आठ मरीज अस्पताल में हैं भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** इस बार बरसात और उमस के पहले प्रचंड गर्मी और हीट वेव के चलते हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप काफी बढ़ चुका है। जिसके चलते हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल और निजी अस्पतालों में भी डायरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या देखने को मिल रही है। डायरिया को लेकर कई गांव में लोगों के बीच डर बना हुआ है। गुरूवार की रात अनुमंडलीय अस्पताल में रामाबांधी ,झरगड़ा आदि गांवों के सात आठ की संख्या में डायरिया के मरीज पहुंचे थे। जिनका इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। जो अभी भी इलाजरत है। अनमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा डॉ. विनेश राम का कहना है की इस गर्मी में डायरिया से ग्रसित मरीज ज्यादा



आ रहें है। जिससे थोड़ी लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में जरूरत है सावधान रहने की। अन्यथा आप उल्टी, दस्त , बुखार, पेट में दर्द व डायरिया जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। बासी खाना और दूषित पानी से सभी आयु वर्ग के लोग बीमार पड़ सकते है। डॉक्टर विनेश राम ने कहा की तेज धूप और लू से बचने की जरुरत है घर से निकले तो सर पर तौलिया रखे सुबह 10 से शाम चार बजे तक धूप से बचने की जरुरत है, जरूरी काम हो तो साथ में पानी का बोतल यह ओआरएस घोल जरूर रखें, उन्होंने कहा की किसी तरह की समस्या हो तो तत्काल सरकारी अस्पताल में पहुचे, डायरिया से निपटने की लिऐ विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट है।

## लिलिपुट समर कैम्प में बच्चों को बताए गए ट्रैफिक नियम



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाटोली।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल के समर कैम्प में आज दिन शुक्रवार को बच्चों के बीच एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी गई । स्कूल की शिक्षिकाओं ने ट्रैफिक सिग्नल एवं रूल्स बोर्ड के माध्यम से बच्चों को बताया कि हमें किस तरह से उनका पालन करना है । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डालटनगंज के ट्रैफिक प्रभारी शमैल अहमद आए । सबसे पहले उनका स्वागत स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल एवं निदेशक राजीव गोयल ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर किया । उन्होंने बच्चों को यह संदेश दिया कि हमेशा हैलमेट पहनकर गाड़ी चलानी चाहिए और गाड़ी का इंश्योरेंस एवं ड्राइविंग लाईसेंस हमेशा साथ रखना चाहिए क्योंकि हर मोड़ पर यमराज हमारे लिए ताक लगाए बैठे हैं , ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही उनसे बचा जा सकता है । उन्होंने बताया कैसे हमें ग्रीन लाइट को देखकर गाड़ी आगे बढ़ानी है और लाल लाइट को देखकर रुक जाना है ।पैदल चलने के लिए हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का ही इस्तेमाल करना है । अगर हम इन नियमों को तोडेंगे को हमें चालान के रूप में पैसे भरने पड़ते हैं ।शिक्षिकाओ एवं ड्राईवर ने एक्ट के माध्यम से बच्चों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी । इस कार्यक्रम का संचालन रश्मि हिम्मतरामका ने किया एवं ट्रैफिक पुलिस की भूमिका में मन्नत सिंह बग्गा नजर आए । फलक, नंदिनी, आयुशी, करनाली, प्रिया, तृप्ति , सपना, खुशी, रानी, आँचल, अरीबा, ईशु, ज्ञानवी इन सभी ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अवश्य करायें : बैंक मैनेजर

**पांकी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शुक्रवार को लाभुक लीलावती देवी को दो लाख का चेक प्रदान किया गया। स्वर्गीय नरेश राम ने वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा कराया था। पांकी थाना क्षेत्र के मंगलपुर निवासी नरेश राम का मई 2023 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया था, पति के मौत के बाद नॉमिनी लीलावती देवी ने बीमा के भुगतान का दावा किया था, जिसके तहत भारतीय स्टेट बैंक पांकी शाखा की तरफ से दो लाख रुपये की राशि लीलावती देवी को भुगतान की गई। शाखा प्रबंधक जय प्रकाश नारायण ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उपस्थित ग्राहकों से योजना का लाभ लेने के लिए आग्रह किया। सरकार से उनके बेसहारा परिवार के आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये बीमा योजना चलाया है, जिससे परिवार के मुखिया के न रहने पर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इसलिये जो भी खाता धारक हैं, वे बैंक में आकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा अवश्य करायें।

## सीसीएल ने माइंस का निरीक्षण कर कोयला उत्पादन व डिस्पैच की ली जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में वृहस्पतिवार को राजहरा अंतर्गत संचालित तेतरियाखाड़ कोल माइंस परियोजना में सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह पहुंच माइंस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान माइंस पिओ कैलाश यादव ,जीएम कमल मांझी ने सीएमडी को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत की गया। इस दौरान सीएमडी ने माइंस व्यू पॉइंट में जाकर खदान को देखा और पीओ एवं जीएम से परियोजना में संचालित वर्क को मैप के माध्यम से जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए। इस दौरान पिओ,जीएम से कोयला उत्पादन,संप्रेषण और सुरक्षा को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। मौके पर सुरक्षा, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे मैनेजर कमर पहिम, डिस्पैच मनीजर राकेश कुमार बहेरा, एरिया मैनेजर जे पी रावत , चंदन कुमार इंजीनियर ,आरव कुमार मैनेजर सहित कई सीसीएल अधिकारी कर्मी उपस्थित रहे।

## पलामू टाइगर रिजर्व में केवल बाघ ही नहीं राष्ट्रीय पक्षी मोर भी है

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। देश के राष्ट्रीय पक्षी मोर की एक अच्छी खासी संख्या बेतला नेशनल पार्क में है। मोर केवल भारत देश की राष्ट्रीय पक्षी नहीं है , मयान मार देश का भी राष्ट्रीय पक्षी मोर है। बेतला नेशनल पार्क में इनका दर्शन अवश्य होता है। 1974 में पलामू टाइगर रिजर्व स्थापित हुआ था। उस समय में भी मोर था आज भी है। मोर की गणना नहीं होती है। पलामू टाइगर रिजर्व में अभी तक ऐसी कोई घटना नहीं हुई है जब किसी मोर के शिकार किया गया हो। लेकिन मोरनी के अंडे चुरा लिए जाते हैं। मोरनी के अंडे या तो बिक्री कर दिए जाते हैं या फिर मुर्गी के अंडे के साथ रखकर मोर को पैदा किया जाता है। पलामू टाइगर रिजर्व में ऐसी कई घटना हुई है जब पलामू टाइगर



रिजर्व के कर्मियों ने ग्रामीण लोग से पाले गए मोर के बच्चों को मुर्गी के चूजा से बचा कर जंगल में लाया है। मोरनी के अंडे की चोरी एक आम सी घटना है पलामू टाइगर रिजर्व के कर्मियों ने लोगों से आग्रह किया है कि वह ऐसा करने से बचे। एक मोर की आयु 25 साल तक की भी हो सकती है मोर जमीन पर अपना घोंसला नहीं बनाते हैं। मोर 16 किलोमीटर प्रति घंटा के हिसाब से दौड़ सकता है। पलामू टाइगर रिजर्व के हर रेंज में एक मोरनी के अंडे को रखकर बच्चा पैदा करने की मशीन भी लगाई गई है। इस मशीन को हैचिगं मशीन कहा जाता है। इस हैचिंग मशीन में मोरनी के अंडे को रखा जाता है। जो तीन सप्ताह बाद मोर के बच्चे को जन्म देता है।

पलामू टाइगर रिजर्व के जंगल में सचमुच मोर नाचता है। जरूरत है बस इसकी रक्षा की और इसके अंडे को नहीं चुराने की।

## आठ राज्यों की 58 सीटें पर 889 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस चरण में कुल 889 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी साथ-साथ मतदान होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, 58 संसदीय सीटों में 49 सामान्य, 2 एसटी और 7 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राज्यवार उम्मीदवारों की बात करें तो इस चरण में बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उधर, ओडिशा विधानसभा की 42 विधानसभा सीटों में 31 सामान्य, 5 एसटी और 6 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। आयोग के अनुसार इस चरण में लगभग 11.4 लाख मतदान अधिकारी 1.14 लाख मतदान केंद्रों पर 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। कुल 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5120 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

**85 वर्ष से अधिक के 8.93 लाख वोटर :** छठे चरण के लिए 8.93 लाख से अधिक पंजीकृत 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 100 वर्ष से अधिक आयु के 23,659 मतदाता और 9.58 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही जबरदस्त प्रशंसा और प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे अधिक उम्र के वोटरों को काफी राहत मिली है। 20 विशेष रेलगाड़ियां तैनात की गई सुरक्षाकर्मियों को आने-जाने के लिए 20 विशेष रेलगाड़ियां तैनात की गई हैं।

*11.13 करोड़ मतदाता, 1.14 लाख से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए*

*ओडिशा में 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी साथ-साथ होगा मतदान*

## न्यूज बॉक्स

### कई सरकारी भवन पड़े हैं बेकार व जर्जर देखने वाला भी कोई नहीं



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर के समीप सिंचाई विभाग, नगर विकास विभाग व भवन निर्माण विभाग के द्वारा कई बड़े भवनों का निर्माण कार्य किया गया हैं। किन्तु इसकी उचित देखरेख के अभाव में सभी भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गयीं हैं। वहीं सरकार को करोड़ों खर्च के बाद भी इसका उपयोग नहीं किया जा रहा हैं।सभी भवनों के बनें दस से पन्द्रह साल पुरानी है। इस पर बाहरी लोगों का कब्जा हैं।परंतु इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसी भवन मे एक नाबालिग बच्ची के साथ चार दिनों तक गैंगरेप हुआ था।इसके बद भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। यहां पलामू प्रमंडल के अलावा बिहार के लोगों का कब्जा है। वहीं हुसैनाबाद अधिसूचित क्षेत्र समिति के बाद वर्ष 2008 में नगर पंचायत बना था, और चुनाव के बाद उषा देवी पहली अध्यक्ष बनी थीं। तब से लेकर आजतक नगर पंचायत की सूरत तो नहीं बदली ,लेकिन कार्यालय जरूर बदलते गये।

### सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**हरिहरगंज।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं तथा जैक के दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं को शहर के केनरा बैंक के पीछे, देवी मंदिर के पास स्थित कर्ण फिजिक्स रिसर्च सेंटर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर डायरेक्टर करण गुप्ता ने सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। वही रिजल्ट से उत्साहित छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय कोचिंग सेंटर के शिक्षकों को दिया है। सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में सत्यम कुमार पिता टिंकू गुप्ता ने 95।2, पीयूष कुमार 80, जैक बोर्ड में रोहित 86, सागर 84, अभिषेक 83 जबकि जैक 12वीं में आशुतोष 92।2 प्रतिशत अंक लाकर पलामू में चौथा स्थान प्राप्त किया।

### यज्ञ समाज को जोड़ने का काम करता है : संजय चंद्रवंशी

**पांकी।** पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के ग्राम सोरठ गांव में शुक्रवार को पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ शुरू किया गया है। महायज्ञ जल, जंगल, जमीन, गांव और गाय को बचाने हेतु गौशाला का निर्माण कराने के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता के अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव बच्चन ठाकुर, युवा समाजसेवी संजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंदर सिंह ने कलश यात्रा में शामिल होकर, कलश यात्रा का शुरूआत किया। मौके पर संबोधित करते हुए युवा समाजसेवी संजय चंद्रवंशी ने कहा कि यज्ञ से विश्व बंधुत्व की भावना जागृत होती है।

### तेली-साहू समाज ने एकजुटता का दिया परिचय



**लातेहार।** तेली साहू समाज की लातेहार जिला इकाई की बैठक होटल द कार्निवल जुबली रोड के सभागार में संपन्न हुई। नेपाली साहू के आह्वान पर आयोजित बैठक में जिला भर के साहू समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एकजुटता का परिचय दिया। मौके पर नेपाली साहू ने बताया कि जिला अध्यक्ष राम प्यारे प्रसाद के त्यागपत्र के बाद उत्पन्न स्थिति को देखते हुए समाज के प्रबुद्धजनों के साथ विचार विमर्श करना आवश्यक था। सभा में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्यारे प्रसाद ने कहा कि निजी कारणों से वह अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दिये हैं। उन पर कोई दबाव नहीं था। उन्होंने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिये हैं। समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद ने कहा कि समाज को एकजुट करना आवश्यक है। बालूमाथ के जुझारू नेता रंजीत साहू ने कहा कि समाज काफी समृद्ध है और पिछले चुनाव में एकजुटता प्रदर्शित किया है। देवनंदन साहु और रविंद्र प्रसाद ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि शीघ्र लातेहार जिला इकाई का गठन करना आवश्यक है।

### नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नीलाम्बर- पीताम्बर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एम के दीपक से मुलाकात कर परीक्षा विभाग से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा । ज्ञापन में मांग किया गया कि कई महीनो से लंबित सभी परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द प्रकाशित करें विश्वविद्यालय ताकि शैक्षणिक सत्र नियमित किया जा सके। कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए परीक्षा नियंत्रक का ध्यान महाविद्यालयों द्वारा इंटरनल और प्रैक्टिकल पर आकर्षित कराते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि महिला महाविद्यालय के अलावा किसी भी महाविद्यालय में ईवीएस पेपर का प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं लिया गया है। आने वाले समय में इसके वजह से छात्र- छात्राओं के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ होगा तब इसका जिम्मेवार कौन होगा। परीक्षा नियंत्रक ने तत्काल महाविद्यालयों के प्राचार्यो से इस सम्बद्ध में जानकारी प्राप्त की तथा जल्द से जल्द प्रैक्टिकल और इंटरनल परीक्षा लेकर परीक्षा विभाग को भेजने का निर्देश दिया। ताकि जल्द से जल्द लंबित परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया जाये।मौके पर छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि महाविद्यालय के प्राचार्यो को विषयों से सम्बंधित जानकारी ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्रों के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी होने का कारण महाविद्यालय भी होता है, जो सही समय पर इंटरनल प्रैक्टिकल का नंबर नहीं भेजता है। छात्र नेता हिमांशु रंजन ने कहा कि जल्द से जल्द यूजी सत्र 2021-24 सेमेस्टर 4, यूजी सेमेस्टर 2 सत्र 2022-26, पीजी सत्र 2022-24 का परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया जाए । मौके पर सौरव, आयुष, नयन, अंकित आदि छात्र उपस्थित थे।

### पानी के नाम पर बेमतलब चिंता जता रही हैं पूर्व मेयर : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने पूर्व मेयर अरुण शंकर के कार्य शैली पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि हम टैंकर से पानी दे रहे हैं जबकि नगर निगम के द्वारा नगर वासियों को टैंकर से पानी का सप्लाई किया जा रहा है। पूर्व मेयर ने अपने कार्यकाल में लोगों को पीने का पानी की व्यवस्था भी नहीं कर पाई बल्कि फेज -2 के निर्माण कार्य में भी अवरोध डालते रहें और आज पानी के नाम पर चिंता जता रही हैं जबकि इन्हीं के बगल में पानी का जल स्त्रोत नवा टोली खास महल तालाब का अतिक्रमण भी कर बैठे हैं एवं मेयर के कार्यकाल में ही मेदिनीनगर नगर निगम के साथ छोटे-बड़े तालाबों का अतिक्रमण हो गया। जिसका संरक्षण पूर्व मेयर ने दिया था।




# पीएम मोदी का काशी की 2,000 हस्तियों के नाम खत

## कहा- 'आपके प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया

*बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है।*

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव में पांच चरण के मतदान हो चुके हैं। शनिवार को छठे चरण में 7 राज्यों की 58 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी के प्रबुद्ध और पद्मश्री से नवाजे गए 2,000 लोगों को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी लिखकर काशी की इन सभी खास हस्तियों के परिवार के सदस्यों और अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक लाने में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की है। इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि काशीवासियों के प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया है। इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने लिखा, "आपको अवगत है कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चल रहा है। काशी लोकसभा में पहली जून को मतदान होना है। काशी में आप सबके आत्मीय प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया। केवल सांसद ही नहीं, बल्कि, स्वयं को काशी के बेटे के रूप में पाता हूं। आप सबसे यह निवेदन है कि पहली जून को एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हो। आपके एक वोट की ताकत से आज देश का भविष्य निर्माण हो रहा है।



भारत को सामर्थ्यवान बनाने में आपका ही बड़ा योगदान है। उन्होंने खत में आगे लिखा, "हम काशी की बात करें तो मुझसे अधिक आपको पता है। इन 10 वर्षों में काशी के विकास को लेकर हमने जो संकल्प लिए थे, एक-एक कर पूरे हो रहें हैं। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। 2024 का चुनाव बहुत मायने में महत्वपूर्ण है। आपके मत एवं समर्थन से ही विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। पीएम मोदी ने खत के आखिर में अपील करते हुए लिखा, "1 जून को स्वयं, परिवार के सदस्यों एवं अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक लाने में सक्रिय रूप से योगदान करें। अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा, अपने गौरव को और अधिक ऊंचाईयां देने के लिए साथ चलें।" इससे पहले पीएम मोदी के समर्थन में वाराणसी में मातृशक्ति ने मां गंगा की आरती उतारी थी। नमामि गंगे की महिला सदस्यों ने चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की जीत के लिए वाराणसी के गायघाट पर मां गंगा की पूजा-अर्चना की थी। नमामि गंगे की महिला सदस्यों ने गायघाट पर हाथ में पीएम मोदी की फोटो लेकर आरती की। इसके अलावा वहां मौजूद अन्य लोग 'मैं हूं मोदी का परिवार' और 'तीसरी पारी तीसरी आर्थिक महाशक्ति' के पोस्टर लेकर खड़े दिखे। बता दें कि वाराणसी सीट पर भी सातवें चरण में एक जून को वोट डाले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

# कुछ जजों के फैसलों में बुनियादी योग्यता नहीं

- *एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है*
- *लाखों ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश स्वीकार करने योग्य नहीं*




एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार बापी हलधर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। सीएम ममता ने अपने संबोधन में कहा, हम न्यायालयों और न्यायिक प्रणाली का बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते। एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है। सीएम ममता की यह टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश चित्तरंजन दास के हालिया बयान को लेकर आई है। उन्होंने 20 मई को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के दिन अपने व्यक्तित्व को आकार देने का श्रेय आरएसएस को दिया था। इससे पहले, कलकत्ता हाईकोर्ट की एक पीठ ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश स्वीकार करने योग्य नहीं है।

यह शर्मनाक है। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं करती और मैं हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ जाऊंगी। सीएम ममता ने पीएम मोदी की इस टिप्पणी के लिए उन पर निशाना भी साधा कि 'उनकी ऊर्जा जैविक नहीं है'। सीएम ने कहा कि अगर उन्हें भगवान ने भेजा है, तो उनके लिए मंदिर में रहना बेहतर है। मैं उस मंदिर के निर्माण की व्यवस्था करूंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि टीएमसी विपक्षी दल इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी। पूरी संभावना है कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा और हम देश को नेतृत्व देंगे।

### ओबीसी सर्टिफिकेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएगी बंगाल सरकार

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार हाई कोर्ट के उस फैसले को खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मैं चुनौती देने जा रही है, जिसमें 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द किए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया था कि वह राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले से सहमत नहीं हैं और इसे नहीं मानेंगी। सूत्रों के मुताबिक, वकीलों से बातचीत के बाद प्रशासन के शीर्ष स्तर से जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्देश दिया गया है। सचिवालय के एक सूत्र ने बताया है कि हाई कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि जो लोग ओबीसी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी कर रहे हैं उनकी नौकरी पर तो असर नहीं होगा लेकिन नई नौकरी चाहने वाले मुश्किल में पड़ जाएंगे। नियम अनुसार 2010 के बाद जिनका ओबीसी बना है वे इस सर्टिफिकेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।



# दक्षिण में बीजेपी साफ उत्तर में हाफ : जयराम

एजेंसी

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए दावा किया कि बीजेपी का सफाया तय है। पांच चरणों के मतदान संपन्न होने के बाद बीजेपी की हार की तस्वीर साफ हो चुकी है। वहीं इंडिया गठबंधन का विजयी होना तय है। उन्होंने कहा, चार सौ से ज्यादा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुके हैं और कल शेष 58 सीटों पर मतदान होंगे। दो चरणों के मतदान संपन्न होने के बाद ही यह साफ हो चुका था कि दक्षिण भारत में जहां बीजेपी साफ है, वहीं उत्तर, पश्चिम और पूर्व में बीजेपी हाफ है। हमें राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले विभिन्न लोगों से यह जानकारी मिल रही है कि इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बेहद शानदार होगा।



*चार सौ से ज्यादा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुके हैं और कल शेष 58 सीटों पर मतदान होंगे*

# आयोग ने शुभेंदु के आवास पर छापेमारी की रिपोर्ट मांगी

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) शुभेंदु अधिकारी के किराए के आवास पर पुलिस ने छापेमारी की थी। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने इस कार्रवाई पर जिला निर्वाचन अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीते मंगलवार को देर रात को कोलाघाट में की थी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने बताया, जिला निर्वाचन अधिकारियों से रिपोर्ट मिलने के बाद इसे शुक्रवार शाम तक नई दिल्ली स्थित आयोग के मुख्यालय को भेजा जाएगा। एक ओर जहां चुनाव आयोग ने इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।



*पुलिस ने यह कार्रवाई बीते मंगलवार को देर रात को कोलाघाट में की थी।*

# राष्ट्र विरोधी और सनातन विरोधी है विपक्षी गठबंधन

एजेंसी

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन को राम विरोधी, राष्ट्र विरोधी व सनातन विरोधी बताया। कहा, कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं। फिर कांग्रेस के लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में कैसे जाते। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दलित एवं पिछड़ा विरोधी भी है। यह आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहते हैं।

वह कुशीनगर जिले के साखोपार स्थित किसान इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। कहा कि इंडी गठबंधन के घटक दलों की सरकारें भ्रष्टाचार में लिप्त रहती थीं। इस समय सारे भ्रष्टाचारी एक साथ आ गये हैं।



*पिछड़ा विरोधी गठबंधन आरक्षण पर डाका डाल मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहता है*

# कांग्रेस वोट जिहाद कर रही, बुर्के में फर्जी मतदाता : जीवेश

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता जीवेश मिश्रा ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वोट जिहाद का काम कर रही है जो देश के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मधुबनी के जाले में वोटिंग के दौरान बुर्के में फर्जी महिला मतदाताओं को पकड़ा गया। एक पुरुष दूसरे के बदले वोट दे रहे थे, यह कहीं ना कहीं वोट जिहाद है और इस तरह का काम देश के लिए ठीक नहीं है। पूरे देश में जहां मुस्लिम बाहुल्य इलाके हैं वहां पर बुर्के की आड़ में फर्जी महिला मतदाता वोट दे रही हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटिंग कोई साधारण बात नहीं है। हमारे संविधान के अनुसार अगर किसी को एक वोट भी कम आता है तो उसे घर बैठना होगा।

## अनुच्छेद 370 / कांग्रेस ने वर्षों से संभाल कर रखा, हमने एक झटके में हटा दिया

# पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा, हम उसे लेकर रहेंगे : शाह

*आप नरेंद्र मोदी की सरकार बनाओ छत्तीसगढ़ से भी नक्सलियों को उखाड़ देंगे*

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव हमलोगों को डराते हैं कि पाकिस्तान के पास परिमाणु बम है। मैं लालू यादव एंड कंपनी को कहने आया हूं कि हम तो भाजपा वाले हैं। हम पाकिस्तान के परमाणु बम से नहीं डरते हैं। यहां मैं कहकर जा रहा हूं कि पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा। हम उसे लेकर रहेंगे। अमित शाह शुक्रवार को बिहार के भोजपुर जिले में आरा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजकुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों ने अनुच्छेद 370 को संभाल कर रखा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। मोदी ने इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर दिया। झारखंड, बिहार, ओडिशा, मध्यप्रदेश और तेलंगाना पूर्ण रूप से नक्सलवाद से मुक्त है। आप मोदी की सरकार बनाओ छत्तीसगढ़ से भी नक्सलियों को उखाड़ देंगे। शाह ने कहा कि पांच चरणों के हुए मतदान में ही राजग 300 का आंकड़ा पार कर चुका है। पांच चरणों में ही पीएम मोदी 310 से ज्यादा सीटें जीत चुके हैं। परिवारवाद की पोषक पार्टी लालू-राहुल का सूफड़ा साफ हो चुका है।

बिहार में इस बार आईएनडीआई गठबंधन का खाता भी नहीं खुलने वाला है। अमित शाह ने महागठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि आरा में गलती से भी भाकपा-माले जीत गया तो यह लोग फिर से नक्सलवाद लेकर आएंगे। आप अपने खेत-खलिहान पर कब्जा चाहते हो क्या? यदि माले आया तो पीछे-पीछे नक्सलवाद भी आ जाएगा। लेकिन, इसका कोई सवाल ही नहीं है। हमारे आरके सिंह लाखों वोटों से जीतने वाले हैं।



### कांग्रेस, लालू व ममता पिछड़ों के लिए घातक

अमित शाह ने कहा कि लालू यदि फिर से आएंगे तो गरीबों के लिए चल रही योजना बंद करवा देंगे। कांग्रेस के साथ लालू यादव और ममता बनर्जी पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं। कर्नाटक में उन्होंने पांच प्रतिशत आरक्षण दिया। हैदराबाद में पांच प्रतिशत आरक्षण दिया। जब तक नरेन्द्र मोदीं है तब तक दलित, आदिवासी और पिछड़ों के आरक्षण को हमलोग हाथ नहीं लगाने देंगे। यह लोग मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहते हैं। आप चार सौ पार करवा दो। हम मुस्लिम आरक्षण रद्द करवाकर पिछड़ा-अति पिछड़ा को देने का काम करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com